सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:40

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.2 न्यू | 14.0 अधि |
| धर्मशाला | 6.2 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78199.11 |
| निफ्टी | 23707.90 |
| सोना 78,710 | चांदी 94,038 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 8 जनवरी 2025 | 25 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 21, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### आसाराम को 31 मार्च तक मिली अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम बापू को बड़ी राहत देते हुए उन्हें 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दी है। यह निर्णय चिकित्सा आधार पर लिया गया है, जिसमें आसाराम के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जमानत दी गई। आसाराम पर यौन शोषण का गंभीर आरोप है और वह लंबे समय से जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। हालांकि, उनकी जमानत याचिका पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और मामले की आगे की सुनवाई मार्च के बाद होगी।

### सलमान खान के घर बुलेट प्रूफ दीवार लगाई



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में बुलेट प्रूफ ग्लास दीवार लगाई है। पिछले साल 14 अप्रैल को सलमान खान के घर पर गैंगस्टर लॉरेंस ने फायरिंग करवाई थी। इसके बाद भी गैंगस्टर सलमान खान को कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। कुछ महीने बाद सलमान के करीबी और एनसीपी नेता बाबा सिद्दकी की हत्या कर दी थी।

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की सुनवाई टली



**नई दिल्ली।** बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार सुबह सुनवाई हुई। सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि हमारे पास दो विकल्प हैं या तो 3 जस्टिस की बेंच मामले की फिर से सुनवाई करे या इसे दो जस्टिस की बेंच को ही लिस्ट करने दिया जाए, जिसने 19 दिसंबर को भी दलीलें सुनी थीं। वकीलों की दलीलों के बाद सीजेआई खन्ना ने कहा कि मामले की सुनवाई 15 जनवरी को होगी।

### मेनका गांधी की याचिका पर सुनवाई से इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने चुनाव याचिका दायर करने के लिए 45 दिन की समयसीमा को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि वह कानून बनाने का काम नहीं कर सकता और बाढ़ के लिए दरवाजा नहीं खोल सकता। हालांकि, जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने मेनका की याचिका पर नोटिस जारी किया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- चौपहिया वाहनों की एंट्री पर लगाई जाए रोक -पेज 2
- बर्फ देखने की चाह में कुफरी में जुटी पर्यटकों की भीड़ -पेज 3
- ट्रेडिंग और वाहन खरीद के नाम पर बिलासपुर में लाखों रुपए की ठगी -पेज 6
- दिल्ली में घने कोहरे का ट्रेनों और उड़ानों पर असर -पेज 13
- जसप्रीत बुमराह महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित -पेज 14

# महाकुंभ पर एचएमपीवी का खतरा, अलर्ट मोड में यूपी सरकार

**एजेंसी, इलाहाबाद**

**प्रयागराज** में 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ पर चीनी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) ने टेंशन बढ़ा दी है, जिससे निपटने के लिए यूपी सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। महाकुंभ में देश-विदेश से लगभग 40 करोड़ लोगों के पहुंचने की संभावना है।

वायरस के खतरे को देखते हुए सीएम योगी ने आपात बैठक बुलाकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के दौरान स्वास्थ्य विभाग के दस्ते को लगातार भ्रमण करने का निर्देश दिया, ताकि लोगों का हाल जाना जा सकें और यदि जरूरत हो तो उन्हें उपचार भी प्रदान किया जा सके।




### अध्यात्म और लग्जरी का संगम है महाकुंभ में बनी 'डोम सिटी'



**महाकुंभ** में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक अनोखा अनुभव देने के लिए 'डोम सिटी' बनाई गई है। यह भारत की पहली डोम सिटी है, जहां लक्जरी और आध्यात्मिकता का संगम देखने को मिलेगा। डोम सिटी में 44 बुलेटप्रूफ और फायरप्रूफ पारदर्शी डोम बनाए गए हैं। इन डोम्स की छत रिमोट से ऑपरेट होती है, जिससे आप रात में आसमान के चमचमाते तारों का नजारा ले सकते हैं। हर डोम को खूबसूरती से सजाया गया है, जिसमें आधुनिकता और आध्यात्मिकता का अनूठा मेल नजर आता है।

### भव्य और स्वच्छ महाकुंभ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली स्वच्छता रथयात्रा



दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुंभ के संकल्प को जन-जन तक संदेश पहुंचाने के लिए धरातल पर उतारने के लिए योगी सरकार ने स्वच्छ रथयात्रा निकाली। महाकुंभ आने वाले सभी श्रद्धालु और पर्यटक जब शहर के बीच से गुजरेंगे, तब उन्हें स्वच्छ प्रयागराज की झलक भी देखने को मिले, इसी संकल्प को लेकर शहर में स्वच्छ रथयात्रा निकाली गई।

### महाकुंभ की सुरक्षा में अढ़ाई करोड़ के घोड़े



महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था में हॉर्स पावर यानी अश्व शक्ति लगाई गई है। ये घोड़े आम नहीं, वेल ट्रेंड हैं। इशारों पर कदमताल करते हुए रास्ता बनाते हैं। जमीन के साथ-साथ पानी में भी दौड़ सकते हैं। यूपी की ट्रेंड माउंटेड पुलिस इन घोड़ों के साथ तैनात है। 130 घोड़ों के साथ जवान जब अलग-अलग ग्रुप में पेट्रोलिंग पर निकलते हैं। घुड़सवारों के दस्ते में भारतीय ब्रीड के अलावा अमेरिकन और इंग्लैंड ब्रीड के घोड़े भी शामिल हैं। इनकी कीमत 50 लाख से अढ़ाई करोड़ तक है।

# तिब्बत में भूकंप से भारी तबाही, 95 लोगों की मौत

## 7.1 तीव्रता का आया भूकंप; 130 लोग घायल, भारत के कई राज्यों में भी लगे झटके

**एजेंसी, बीजिंग**

**तिब्बत** में मंगलवार को आए 7.1 तीव्रता के भूकंप से भारी तबाही हुई है। भूकंप से 95 लोगों की मौत हो गई, जबकि 130 लोग घायल हुए हैं। शिजांग शहर, शिगाजे (शिगात्से), डिंगरी के चांगसुओ टाउनशिप के टोंगलाई गांव में भारी तबाही हुई है। कई घर ढहने से लोग दब गए हैं।

वहीं, पड़ोसी देश नेपाल, भूटान सहित भारत के सिक्किम, उत्तराखंड, बंगाल और बिहार में भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, यहां कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, सुबह नौ बजकर पांच मिनट (चीन के समयानुसार) पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर की डिंगरी काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई है। भूकंप के बाद मलबे से लाशें निकाली जा रही हैं और जो लोग बचे निकले हैं, वे भूख से तड़प रहे हैं। चीन के प्रशासन की तरफ से लोगों को फूड पैकेट भी बांटे जा रहे हैं। भूकंप का केंद्र डिंगरी काउंटी के त्सोगो कस्बे में स्थित था, जहां 20 किलोमीटर की परिधि में लगभग 6,900 लोगों की आबादी रहती है। इस क्षेत्र में 27 गांव हैं। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि डिंगरी काउंटी की आबादी 61,000 से अधिक है।



### हिमाचल के मंडी में भी आया भूकंप

**हिमाचल** प्रदेश के मंडी में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 3.4 मापी गई है। भूकंप से काई जानी नुकसान नहीं हुआ है। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर पांच किलोमीटर नीचे मापा गया।

### आपदा राहत सामग्री भेजी

**केंद्रीय** प्राधिकारियों ने भूकंप प्रभावित क्षेत्र में करीब 22,000 आपदा राहत सामग्री भेजी है, जिनमें तंबू, कोट, रजाई और फोल्डिंग बिस्तर के साथ-साथ ऊंचाई वाले और ठंडे क्षेत्रों के लिए विशेष राहत सामग्री भी शामिल है।

### जिनपिंग ने दिए राहत कार्य तेज करने के आदेश

**चीन** के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज करने व घायलों के उपचार के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया। आपात सेवा प्रतिक्रिया शुरू की तथा आपदा राहत प्रयासों में सहायता के लिए एक कार्य दल को घटनास्थल पर भेजा। वहीं, भूकंप के बाद माउंट एवरेस्ट के अपने हिस्से के रमणीय क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है।

# दिल्ली में बजा चुनावी बिगुल वोटिंग 5, रिजल्ट 8 फरवरी को

## निर्वाचन आयोग ने जारी किया विधानसभा चुनाव की तारीखों का शेड्यूल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** की राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चुनावी बिगुल बज गया। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर पांच फरवरी को मतदान होगा, जबकि आठ फरवरी को रिजल्ट आएगा। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को चुनाव की तारीखों का ऐलान किया।

दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। दिल्ली में विधानसभा की 58 सामान्य श्रेणी व 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है और नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी तक की जाएगी। उम्मीदवार 20 जनवरी तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक चरण का चुनाव है। हमने जानबूझकर बुधवार को मतदान रखा है, ताकि अधिक लोग मतदान करने के लिए बाहर आएं, जैसा कि हमने महाराष्ट्र में किया। राजधानी के 2697 स्थानों पर कुल 13,033 मतदान केंद्र होंगे और इनमें से 210 मॉडल मतदान केंद्र होंगे।



- एक ही चरण में होगी सभी 70 सीटों पर वोटिंग
- **17** जनवरी नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि
- **20** तक नामांकन वापस ले सकेंगे उम्मीदवार

### मतदाता सूची में छेड़छाड़ के आरोप बेबुनियाद

**मुख्य** निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने मतदाता सूची में छेड़छाड के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण दस्तावेज प्रदान करने, मौके पर पहुंचकर किए गए सत्यापन और संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का मौका दिए बिना कोई नाम नहीं हटाया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी, सख्त और इतनी मजबूत है कि उसमें मनमाफिक तरीके से कोई बदलाव नहीं हो सकते।मतदाता सूची की प्रक्रिया का हर चरण पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित है। सख्त प्रोटोकॉल का पालन किए बिना नामों को हटाना संभव नहीं है और हर पार्टी को विभिन्न चरणों में आपत्तियां उठाने का अधिकार है।

### जम्मू-कश्मीर की दो सीटों पर टला उपचुनाव

**चुनाव** आयोग ने यूपी और तमिलनाडु की एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में बडगाम और नगरोटा विधानसभा सीट पर उपचुनाव को टाल दिया है। आयोग ने कहा है कि घाटी में खराब मौसम की वजह से फिलहाल उपचुनाव नहीं कराए जाएंगे। उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर और तमिलनाडु की इरोड सीट पर 5 फरवरी को उपचुनाव होगा। इनके नतीजे 8 फरवरी को ही आएंगे।

**यूपी और तमिलनाडु की एक सीट पर 5 फरवरी को होगा मतदान**

### असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए नेट जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** यूजीसी नेट ने असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए जरूरी नियमों में बदलाव किया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को इसका ऐलान किया है। अब असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए नेट (नेशनल इलिजिबिलिटी टेस्ट) पास करना जरूरी नहीं होगा। अब आपके पास पीएचडी की डिग्री है तो बिना नेट दिए ही असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकते हैं। इसके लिए कुछ शर्तों को पूरा करना जरूरी होगा। पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री और कुछ अन्य आवश्यकताएं पूरी करनी होंगी। पहले, 2018 के नियमों के अनुसार असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए पीजी के बाद यूजीसी-नेट पास करना अनिवार्य था।

# बोर्डों और निगमों में तैनात होंगे गृहरक्षक: सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- पंजीकृत पुलिस चौकियों को एफआईआर दर्ज करने के लिए किया जाएगा अधिकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को पुलिस विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विभाग के आधुनिकीकरण के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। बेहतर जनसेवा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस थानों को जनसंख्या, भौगोलिक कारक, ग्रामीण और शहरी आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा। इनकी कार्य क्षमता को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक स्टाफ भी उपलब्ध करवाया जाएगा। इन पंजीकृत पुलिस चौकियों को एफआईआर दर्ज करने का अधिकार प्रदान किया जाएगा, जिसके लिए इन चौकियों को अपराध और अपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क प्रणाली (सीसीटीएनएस) से भी जोड़ा जाएगा। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और अग्निशमन विभाग को विभाग को सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि गृहरक्षक के 700 पद भरे जा रहे हैं। सीएम ने अतिरिक्त कार्य क्षमता का ब्यौरा तैयार करने के निर्देश दिए। सरकार 86 नियमित प्रतिक्रिया केंद्रों के डिजिटलीकरण के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न बोर्डों और निगमों के लिए गृहरक्षक तैनात किए जाएंगे।



### ड्रग माफिया के खिलाफ बनेगा एंटी ड्रग एक्ट

**सीएम** ने कहा कि कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार शीघ्र ही खाली पदों को भरेगी। 1226 पुलिस जवान और 30 सब इंस्पेक्टरों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। ड्रग माफिया के खिलाफ प्रदेश में एंटी ड्रग एक्ट बनाया जाएगा। सुक्खू ने कहा कि पुलिस विभाग में डेटा संग्रहित और व्यवस्थित करने के लिए एक डेटा वेयरहाउस और क्लियरिंग एजेंसी भी स्थापित की जाएगी। सुक्खू ने कहा कि बिलासपुर जिले के मारकंड में एक गृहरक्षक बटालियन प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिससे प्रशिक्षण सुविधाओं में सुधार होगा। किसी भी आपदा या आपातकाल के दौरान राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए आवश्यक वाहन किराये पर लेने के लिए सक्षम प्राधिकारी को अधिकार दिए जाएंगे। आपदा प्रतिक्रिया बल में स्थायी स्टाफ की भर्ती होने तक अस्थायी तौर पर गृहरक्षकों की तैनाती की जाएगी। अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक बनाया जाएगा और इसके लिए 19.40 करोड़ रुपए की पहली किस्त शीघ्र जारी की जाएंगी। सीएम ने राज्य में साइबर अपराध के मामलों पर चिंता की।

### राजघाट में बनेगा प्रणब मुखर्जी का स्मारक



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनाने का फैसला किया है। पूर्व राष्ट्रपति का स्मारक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर (राजघाट परिसर का एक हिस्सा) के भीतर एक स्थल को चिह्नित करने को मंजूरी भी दे दी है। इसकी जानकारी लेखक और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने 'एक्स' पर दी है। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की।

**गिरावट** हिमाचल में तीन माह के सूखे के कारण सेब के नए पौधे लगाने के लिए कतरा रहे बागवान

# मौसम की बेरुखी से 6.39% घटा सेब उत्पादन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**हिमाचल** प्रदेश की आर्थिक का आधार सेब के उत्पादन पर मौसम की बेरुखी का असर देखने को मिला है। मौसम की मार पिछले वर्ष सेब के उत्पादन में 6.39 फीसदी की कमी आई। सर्दियों में सूखे की मार और समय से पहले गर्मी से चिलिंग आवर्स पूरे न होना इसका प्रमुख कारण है।

इस बार भी तीन महीने के सूखे के कारण बागवान फलदार पौधों खासकर सेब के नए पौधे लगाने से कतरा रहे हैं। हालांकि, प्रदेश में बारिश और बर्फबारी होने से उद्यान विभाग और नौणी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसान बागवानों को नए पौधे लगाने को प्रेरित कर रहे हैं। उद्यान विभाग के निदेशक और नौणी यूनिवर्सिटी के कुलपति ने प्रदेश के किसान-बागवानों से सेब और अन्य फलों की नई पौध लगाने के लिए प्रेरित किया है। (अनंत ज्ञान)




### नौणी यूनिवर्सिटी में अब तक बिके 65 फीसदी पौधे

**डॉ.** यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी ने इस बार दो लाख पौधे बेचने का लक्ष्य रखा था। तीन महीने के सूखे के कारण बागवानों ने पहले से कम पौधे खरीदने में रुचि दिखाई। अभी तक यूनिवर्सिटी और विज्ञान केंद्रों में 65 फीसदी पौधों की ही बिक्री हुई। नौणी विश्वविद्यालय की नर्सरियों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थित विश्वविद्यालय के अनुसंधान स्टेशनों में सेब के अलावा कीवी, अनार, खुर्मानी, आड़ू, नेक्टरीन, चेरी, अखरोट, नाशपाती, प्लम आदि की विभिन्न किस्में उपलब्ध कारवाई हैं। सीडलिंग सेब के क्लोनल रूट स्टॉक पर तैयार पौधे भी उपलब्ध है।

### सेब के 20 हजार पौधे उपलब्ध

**नौणी** यूनिवर्सिटी में सेब के 20 हजार पौधे बिक्री को उपलब्ध हैं। इसमें रूट स्टॉक के डार्क बैरल गाला, हॉप्के, जेरो माईन और सीडलिंग के रॉयल डिलीशियस, किंग रॉट, मेमोस्टेर और डार्क बैरेल गाला सेब की किस्म के पौधे शामिल हैं। इसके अलावा आड़ू, खुरमानी, अखरोट और अनार के पौधे यूनिवर्सिटी और कृषि विज्ञान केंद्रों में बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। यूनिवर्सिटी कैंपस के अलावा कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट में 10 हजार और मशोबरा में 5 हजार सेब के पौधे बिक्री के लिए उपलब्ध है।



**सूखे** के कारण बागवानों ने शुरू में कम पौधे खरीदे, लेकिन बारिश और बर्फबारी होने से पौधों की मांग बढ़ी है। नौणी यूनिवर्सिटी और कृषि विज्ञान केंद्रों में सेब की विभिन्न किस्मों के करीब 35 हजार पौधे उपलब्ध हैं।

**-प्रो. राजेश्वर चंदेल, वाइस चांसलर नौणी विश्वविद्यालय।**

# शाह ने इंटरपोल से राज्य पुलिस को जोड़ने का भारतपोल पोर्टल किया लांच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारत मंडपम में भारतपोल पोर्टल लांच किया। शाह ने कहा कि आतंकवाद, लोकतंत्र, मानवाधिकार, आर्थिक प्रगति और विश्व शांति के खिलाफ सबसे बड़ा नासूर है, जिसे हमें जीतने नहीं देना है। आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

आतंकवाद की फंडिंग कहीं अधिक खतरनाक है, क्योंकि यह फंड आतंकवाद को पोषित करके दुनिया के अर्थतंत्र को कमजोर करता है। शाह ने कहा कि भारतपोल पोर्टल हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाएगा। पहले सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी, जो इंटरपोल के साथ काम करने के लिए पहचानी गई थी, लेकिन अब भारतपोल के जरिए हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल से जुड़ पाएगी। शाह ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारतीय जांच एजेंसियां भगोड़ों को पकड़ने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल की मदद से केंद्र और राज्य एजेंसियां आसानी से इंटरपोल से जुड़ सकेंगी और अपनी जांच में तेजी ला सकेंगी। हमें वैश्विक चुनौतियों पर नजर रखनी होगी और अपनी आंतरिक प्रणालियों को अद्यतन करना होगा।

उन्होंने कहा कि भारतपोल उस दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि नया पोर्टल केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों को इंटरपोल के 195 सदस्य देशों से अपने मामलों पर जानकारी साझा करने और प्राप्त करने की अनुमति देगा।



**बोले- आतंकवाद लोकतंत्र के लिए नासूर, इसकी फंडिंग और भी खतरनाक**

## न्यूज ब्रीफ

### कोट स्कूल में दी मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय हमीरपुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोट में 'वो दिन' योजना के तहत उपमंडल स्तरीय जागरूकता शिविर आयोजित किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस जागरूकता शिविर में स्कूल की लगभग 100 किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षक संतोष बन्याल ने किशोरियों को माहवारी के दौरान सफाई का विशेष ध्यान रखने, संतुलित आहार लेने और योग एवं हल्का व्यायाम करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों के लिए नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस अवसर पर नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत बिटिया फाउंडेशन की तरफ से सभी किशोरियों को सैनिटरी पैड वितरित किए गए। शिविर में स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाचार्य सपना शर्मा और अन्य शिक्षकों ने भी भाग लिया।

### मासिक धर्म चक्र पर शर्म नहीं, गर्व का अनुभव करें



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चबूतरा में 'वो दिन' योजना के तहत 'मासिक धर्म एवं व्यक्तिगत स्वच्छता' विषय पर किशोर-किशोरियों के लिए एक जागरूकता शिविर आयोजित किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि किशोरियों एवं महिलाओं में मासिक धर्म एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्राकृतिक प्रक्रिया है, जो उन्हें मातृत्व के लिए सक्षम बनाती है। इसके बारे में किसी भी तरह शर्म या झिझक महसूस नहीं करनी चाहिए, बल्कि इस पर गर्व होना चाहिए। मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर पीएचसी चबूतरा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित और आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोनिका ने मासिक धर्म को किशोरियों के स्वास्थ्य और जीवन शक्ति का महत्वपूर्ण संकेतक बताया तथा इसके गरिमामय एवं स्वच्छता पूर्ण प्रबंधन पर बल दिया। प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार ने विद्यालय में लैंगिक संवेदी (जेंडर सेंसिटिव) तथा लैंगिक मित्रवत (जेंडर फ्रेंडली) व्यवहारों व मासिक धर्म के उपयुक्त प्रबंधन हेतु की गई व्यवस्थाओं बारे जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से इस पर खुलकर चर्चा करने का आह्वान किया।

### कॉस्ट्यूम ज्वेलरी बनाना सीख रही महिलाएं



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर की ओर से नाल्टी क्षेत्र के गांव पटाणू में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर में स्थानीय महिलाएं कॉस्ट्यूम ज्वेलरी बनाना सीख रही हैं। मंगलवार को इन प्रशिक्षु महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने महिलाओं को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, शिक्षा ऋण, स्वयं सहायता समूह के लिए ऋण, डिजिटल बैंकिंग, स्वरोजगार योजनाओं, बीमा योजनाओं, पेंशन योजनाओं, पीपीएफ, विभिन्न प्रकार के बैंक खातों और कई अन्य महत्वपूर्ण बैंकिंग प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने महिलाओं को डिजिटल ठगी के प्रति विशेष रूप से सावधान रहने की अपील भी की। प्रतिभागी महिलाओं ने इन सभी महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रति काफी उत्सुकता दिखाई और निदेशक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आरसेटी के फैकल्टी मेंबर संजय हरनोट, ट्रेनर सीमा देवी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### वस्त्रम सेवा अभियान के तहत बांटे वस्त्र



अनंत ज्ञान, डिडवीं टिक्कर। नर सेवा ही नारायण सेवा वाक्य को चरितार्थ करते हुए युवा एनजीओ हमीरपुर जिले की टीम ने वस्त्रम सेवा अभियान के अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को कपड़े वितरित कर उनकी मुस्कान का अवसर प्रदान किया। यह कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय अणू (हमीरपुर) के समीप गांव अणुकला और प्रताप नगर में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रवासी परिवारों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया ताकि उन्हें सर्दियों में राहत प्रदान की जा सके। इस अभियान को सफल बनाने के लिए युवा: एनजीओ की टीम के सभी सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नीक्षा, जिला सह-सचिव शालिनी शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### ठाकुरद्वारा गोशाला ने समारोह को लेकर की चर्चा



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। ठाकुरद्वारा गोशाला जमली धाम की मासिक बैठक अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वप्रथम संस्था के पूर्व महासचिव के. प्रताप सिंह को श्रद्धांजलि दी। बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस बार भी 30 मार्च को मनाने का निर्णय लिया, जिसमें 151 कन्याओं की पूजा और उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को भी आमंत्रित किया जाएगा। गोशाला को चलाए हुए मई में 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं, इसलिए 5 मई को सिल्वर जुबली समारोह मनाने का निर्णय लिया जिसमें संस्था की स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी तथा संस्था के सभी लाइफ मेंबर्स, मासिक सदस्य, गोलक धारकों एवं दानवीरों गौपुत्रों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जगदीश चन्द्र, बालक राम, ओंकार चंद, तिलक राज शर्मा, संजीव शर्मा, राजेश शर्मा, रणधीर, राजेश दीवान, रजिन्दर कुमार, कुलदीप ठाकुर, सुनील कुमार तथा प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

### खंडेहड़ा सहकारी सभा प्रबंधक समिति के प्रधान बने प्रेम



अनंत ज्ञान, टौणी देवी। जिला हमीरपुर ब्लॉक टौणी देवी की सहकारी सभा खंडेहड़ा की प्रबंधक समिति के चुनाव संपन्न हुए जिसमें प्रेम चंद को प्रधान, जोगिंदर डोगरा को उपप्रधान तथा सरला देवी, सुरेश कुमार व अश्वनी कुमार को कमेटी सदस्य चुना गया। इससे पहले वार्ड नंबर 2 में हुए चुनाव में जोगिंदर डोगरा को 40 व सोहन लाल को 32 मत पड़े। चुनाव में लोगों ने बेहद उत्साह से मत डाला जिसमें 106 वर्षीय लीला देवी भी मत डालने पहुंची। यह जानकारी रिटर्निंग अफसर पवन कुमार ने दी।

# उद्घोषित अपराधी जीरकपुर से गिरफ्तार

## फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया, चंडीगढ़ में परिवार के साथ रह रहा था, पांच दिन का पुलिस रिमांड

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर





एसपी भगत सिंह ठाकुर पत्रकारों को संबोधित करते हुए, साथ में बैठे हैं एएसपी राजेश कुमार और अन्य अधिकारी, (दाएं) अपराधी मास्क पहने हुए।

चोरी, हत्या और पैरोल पर आने के बाद दो मर्तबा भागने के अपराधों में संलिप्त उद्घोषित अपराधी जिला पुलिस ने आखिर गिरफ्तार कर लिया। इस बड़ी कामयाबी के लिए पुलिस ने एक टीम गठित की थी। हमीरपुर पीओ सैल और भोरंज की संयुक्त टीम द्वारा काफी मशक्कत के बाद पंजाब के जीरकपुर से यह गिरफ्तारी की। आरोपी अमनदीप सिंह को कोर्ट में पेश किया गया और 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा दिया है।

पुलिस ने गिरफ्तार किए गए अमनदीप को भी मीडिया के सामने लाया। उससे जब यह पूछा गया कि वह यह क्यों करता रहा? उसने कहा कि बच्चे की परवरिश के लिए उसने ऐसा किया, यही उसकी मजबूरी थी।

**आरोपी की पहचान और अपराध का इतिहास :** भोरंज क्षेत्र के लगवनहर्वीं के पास घुमारवीं गांव के मनदीप सिंह 2017 से उद्घोषित अपराधी था और हत्या के मामले में उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उसे पहली मर्तबा 2017 में पेरोल पर रिहा किया गया था, लेकिन निर्धारित अवधि के बाद उसने समर्पण नहीं किया। इसके बाद उसने मंडी जिले के औट थाना क्षेत्र में झूठा सुसाइड नोट रखकर आत्महत्या की कहानी भी तैयार करके गुमराह करने का प्रयास किया।

इस मामले में 14 मई 2017 को अलग से एफआईआर दर्ज की गई थी। नकली पहचान छिपाने की साजिश की जांच हुई, जिसमें पता चला कि उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए फर्जी आधार कार्ड भी तैयार किया था जिसमें उसका नाम सुनील कुमार बताया गया। यह आधार कार्ड 2017 का बताया गया है। यह सारा काम उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए किया। इस आधार कार्ड में उसने अपना पता भी मोहाली का दर्ज करवाया।

यह आधार कार्ड कैसे बना? इसकी अलग से जांच होगी। इसमें सुनील कुमार पुत्र ओमप्रकाश के नाम से मोहाली के विकासनगर इलाके में रह रहा था। नकली पहचान और साजिश के जरिए वह पुलिस से बचता रहा, लेकिन पुलिस की सतर्कता और लगातार प्रयासों से वह गिरफ्त में आ ही गया। (अनंत ज्ञान)

### गोपनीय सूचना पर हुई गिरफ्तारी

एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस लंबे समय से इस उद्घोषित अपराधी की तलाश में थी। गोपनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए पीओ सैल और भोरंज थाना की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर उसे जीरकपुर से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। गिरफ्तारी रविवार शाम को हुई थी और सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से मनदीप सिंह को 5 दिन का रिमांड दिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस उससे जुड़े अन्य मामलों की जांच करेगी। ठाकुर ने कहा कि यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है। यह शातिर अपराधी 2017 से फरार था और फर्जी पहचान के साथ छिपकर रह रहा था। पुलिस की मेहनत और संयुक्त प्रयासों से इसे गिरफ्तार किया गया। इससे अपराधियों में डर का माहौल बनेगा।

# ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट के पदों का आज घोषित होगा परिणाम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

- पहली बार कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट किया था आयोजित
- सिंगल विंडो सिस्टम शुरू होते ही नए पदों की भर्ती प्रक्रिया की जाएगी शुरू

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग सिंगल विंडो सिस्टम के फंक्शनल होते ही नई रिक्तियों के लिए प्रक्रिया शुरू करेगा। फिलहाल जिन पोस्ट कोड की परीक्षाएं हो चुकी हैं, उनका परिणाम घोषित कर दिया गया है। भंग हुए कर्मचारी चयन आयोग के 80 पोस्ट कोड ऐसे हैं, जिनमें 1423 पद भरे जाने हैं। इनमें जेओए आईटी, जेई इलेक्ट्रिकल और जेबीटी की लगभग 400 पद खाली हैं।

राज्य चयन आयोग ने इन पदों को भरने प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रदेश सरकार को मसौदा भेज दिया है। प्रदेश सरकार से दिशा-निर्देश आते ही इन पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए नई भर्ती प्रक्रिया सिंगल विंडो के तहत शुरू करने का कार्य फाइनल स्टेज पर है। जैसे ही सिंगल विंडो सिस्टम कार्य करना शुरू कर देगा तो नई रिक्त भर्तियों को अपलोड किया जाएगा। राज्य चयन आयोग ने पहली बार पायलट बेस पर ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट के 162 पदों को भरने के लिए कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट आयोजित किया था, उसका परिणाम बीरवार 8 जनवरी को घोषित कर दिया जाएगा। प्रदेश भर के लाखों युवा राज्य चयन आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि पिछले दो साल से भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से थम गई है। प्रदेश के बेरोजगार युवा नौकरी की लालसा में ओवरएज भी हो गए हैं व अन्य युवाओं को भी अपने भविष्य की चिंता सता रही है।

युवाओं का कहना है कि वे पिछले दो वर्षों से भर्ती प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं और लगातार परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इस बारे में राज्य चयन आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट के 162 पदों को भरने के लिए पायलट बेस पर जो कंप्यूटर टेस्ट लिया था, उसका परिणाम 8 जनवरी को घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुराने 80 कोड के 1423 पदों को भरने के लिए भी प्रदेश सरकार को प्रपोजल भेजा दी है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम शुरू होने से नए पदों की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी।

# दियोटसिद्ध में दुकानदारों को दर्शानी होगी रोट प्रसाद की एक्सपायरी डेट

अनिल कुमार, हमीरपुर

- ट्रस्ट की कैंटीन से लिए रोट के सैंपल हुए थे फेल

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर में बिकने वाले रोट के सैंपल फेल होने पर प्रसाद पर प्रश्न चिन्ह लग गया था। दियोटसिद्ध मंदिर ट्रस्ट की कैंटीन में बिकने वाले रोट प्रसाद के सैंपल स्वास्थ्य विभाग ने लिए थे, जो फेल हो गए थे। इसके बाद कैंटीन को बंद कर दिया गया था।

स्वास्थ्य विभाग ने श्रद्धालुओं की आस्था से खिलवाड़ न हो और उन्हें हाईजनिक प्रसाद मिले, इसके लिए अब दुकानदारों को रोट प्रसाद कितने दिन तक ठीक रहता है, इसकी एक्सपायरी डेट दर्शानी होगी। स्वास्थ्य विभाग ने दियोटसिद्ध के दुकानदारों को एक दिन की ट्रेनिंग भी दी थी जिसमें फूड सेफ्टी के नियमों का पालन हो सके। दियोटसिद्ध में जितने भी रोट प्रसाद के विक्रेता हैं उनके लिए स्वास्थ्य विभाग ने भोग प्रोजेक्ट के तहत सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। दुकानदारों ने इसके लिए कुछ समय मांगा था, अब स्वास्थ्य विभाग की ऑडिट एजेंसी अगले सप्ताह दियोटसिद्ध में रोट प्रसाद को लेकर वास्तविक स्थिति का आकलन करेगी।

इस बारे में फूड सेफ्टी विभाग के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा ने बताया कि दुकानदारों को रोट प्रसाद की एक्सपायरी डेट लगानी होगी। इस बारे में दुकानदारों को एक दिन का प्रशिक्षण भी दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# गोरक्षक सेवादल और फायर ब्रिगेड ने बचाई गाय की जान

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत त्रिलोकपुर जंगल में एक लावारिस गाय पहाड़ी की ढलान पर फंस गई। जब ग्रामीणों को इस बात का पर चला तो उन्होंने गोरक्षक सेवा दल व फायर ब्रिगेड भोरंज को घटना की सूचना दी।

इस पर तुरंत ही गोरक्षक दल व फायर ब्रिगेड भोरंज त्रिलोकपुर जंगल में पहुंचे और घटना का जायजा लिया। यदि ढलान पर जरा भी पांव फिसलता तो सीधे 200 मीटर नीचे खड्ड में पहुंचते। गोरक्षक दल व फायर ब्रिगेड भोरंज ने कड़ी मशक्कत के बाद सीढ़ी व रस्सियों की मदद से गाय को ढलान से ऊपर खींचा, जिससे गाय की जान बच गई।

# हमीरपुर के कुलदीप सिंह ठाकुर लक्षद्वीप प्रशासन में सचिव के पद पर नियुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर



केंद्र सरकार ने यूटी कैडर के सीनियर प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप सिंह ठाकुर को अंडमान निकोबार प्रशासन के रेजिडेंट कमिश्नर के पद से पदोन्नति करके केंद्र शासित राज्य लक्षद्वीप में कानून मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का सचिव नियुक्त किया है।

इसके अतिरिक्त उन्हें लक्षद्वीप को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन का एडमिनिस्ट्रेटर भी तैनात किया गया है। बता दें कि कुलदीप सिंह ठाकुर बिझड़ी क्षेत्र के गांव पंथीयाणि, धंगोटा के मूल निवासी हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय धंगोटा में हुई तथा उन्होंने बाबा बालक नाथ कॉलेज चकमोह से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एलएलबी, एमफिल जन संपर्क, पत्रकारिता में भी स्नातकोत्तर डिग्री ग्रहण की और पब्लिक पालिसी में डॉक्टरेट कर रहे हैं।

कोरोना काल में अनाथ, झोपड़ पट्टी और निर्धन परिवारों के बच्चों को खुले आसमान में पढ़ाने और उनके लिए भोजन, कपड़ों की सुविधा मुहैया प्रदान करने के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा की गई थी और बच्चे उन्हें अब भी प्रोफेसर साहिब के नाम से पुकारते हैं। कोरोना काल में अपनी जेब से झोपड़ पट्टी और निर्धन लोगों को घर का खाना मुहैया करवाने के लिए वह अंतरराष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में रहे तथा उन्हें अनेक पुरस्कार प्रदान किए गए। उन्होंने विभिन्न एनजीओ के माध्यम से समाज के निचले तबके के लोगों को मदद पहुंचाते हैं तथा समाज सेवा उनका जनून है।

दिल्ली में कार्यरत हिमाचली संगठनों ने उनको प्रतिष्ठित पद पर तैनाती के लिए गृह मंत्रालय का धन्यवाद किया है और इस एक ऐतिहासिक क्षण करार दिया है। उनकी इस उपलब्धि ने प्रदेश और अपने गांव का नाम रोशन किया है।

# नाली से आगे कोई भी व्यापारी सामान न फैलाए : व्यापार मंडल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अध्यक्ष और अन्य।

व्यापार मंडल हमीरपुर ने कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। इसके अध्यक्ष सुमन ठाकुर के नेतृत्व में मंगलवार को हमीर होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की गई जिसमें कई व्यापारी शामिल हुए। व्यापार मंडल ने इस बार एक्शन कमेटी का भी गठन किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य सभी तरह के फैसलों को अमलीजामा पहनाने के लिए काम करने का दायित्व सौंपा गया है। इसके अध्यक्ष जसवंत सिंह बनाए गए हैं।

अध्यक्ष सुमन ठाकुर ने बताया कि अगले तीन माह में सदस्यता अभियान का काम मुकम्मल किया जाएगा, जिसमें शहर के तमाम रजिस्टर्ड व्यापारियों का पंजीकरण किया जाएगा। उनकी सदस्यता ली जाएगी और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। शहर में बढ़ते हुए अतिक्रमण को लेकर संबंधित विभाग से भी बराबर का जिम्मेदार है, उसे भी इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए। व्यापार मंडल इसके लिए अवेयरनेस अभियान शुरू करेगा तथा सभी व्यापारियों से आग्रह करेगा कि वह नाली से आगे सड़क पर किसी भी तरह का सामान न फैलाएं और यह सिस्टम सभी क्षेत्रों में बनेगा। उन्होंने रात्रि गश्त को शुरू करने के लिए पुलिस का भी आभार जताया और कहा कि अस्पताल के पास वन-वे ट्रैफिक के लिए दोपहिया वाहनों को राहत दी जाए।

- अवेयरनेस पर देंगे जोर, बाहरी व्यापारियों पर लगाएंगे लगाम

### नवनियुक्त प्रधान सुमित ने किया कार्यकारिणी का ऐलान

मुख्य कार्यकारिणी की एडवाइजर कमेटी में विनोद गुप्ता, विधि चंद ठाकुर, अश्विनी शर्मा, संदीप भारद्वाज, सुरेश बजाज, विनय नरोत्तम आर्य, वेद प्रकाश भारद्वाज, अश्विनी कुमार, सुनील पप्पू, राजेंद्र शर्मा, सुरेश ठाकुर, अश्विनी शर्मा, सुरेश ठाकुर, जगन्नाथ शर्मा, अनिल सोनी, मुनीश पुरी, जोगिंदर भल्ला शामिल किए गए हैं। चीफ पेट्रन विपिन शर्मा को बनाया गया है। जबकि चेयरमैन सुशील सोनी, सीनियर वाइस प्रेजिडेंट अश्विनी जगोता, वाइस प्रेजिडेंट राजीव वर्मा, महासचिव राजेंद्र बंटी सोनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान एक्शन कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें जसवंत सिंह को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजेश वर्मा मुन्ना, एक्शन कमेटी वाइस प्रेजिडेंट, प्रेस सचिव अनिल शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह बनाए गए हैं। एक सप्ताह के अंदर कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, जिसमें हर ट्रेड के व्यापारी को लिया जाएगा।

# टौणी देवी में पाइपलाइन की मरम्मत के बाद राहत, नहीं किया जाएगा चक्का जाम

संजीव चौहान, टौणी देवी। टौणी देवी क्षेत्र में सोमवार को टपरे पंचायत के लोगों द्वारा किए गए विरोध-प्रदर्शन का असर सोमवार शाम को ही देखने को मिला। एनएच निर्माण के दौरान पिछले एक महीने से टूटी हुई पेयजल पाइपलाइन की मरम्मत सोमवार शाम को कर दी गई, जिससे टपरे पंचायत के आधा दर्जन गांवों को पेयजल संकट से राहत मिली। बता दें कि सोमवार को महीनों पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण सड़क पर उतर आए। वहीं, टपरे पंचायत की पूर्व प्रधान रजनीश कुमारी चौहान ने चेतावनी दी थी कि यदि 24 घंटे के भीतर पाइपलाइन नहीं जोड़ी गई तो मंगलवार को चक्का जाम किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के बाद कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पाइपलाइन की मरम्मत का काम सोमवार शाम तक पूरा कर दिया गया। इस कारण मंगलवार को चक्का जाम टल गया। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर एजेंसियां लोगों के सड़क पर उतरने और विरोध करने के बाद ही क्यों सक्रिय होती हैं? यदि समय पर उनकी शिकायतों को सुना और हल किया जाए, तो प्रदर्शन की नौबत ही न आए। वहीं, ग्रामीणों ने मरम्मत कार्य पर संतोष जताया और भविष्य में समय पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है।

# ककड़ियार में दोषी ऋणियों की भूमि की नीलामी 6 फरवरी को, ऋण नहीं किया था वापस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। द ककड़ियार कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के चार दोषी ऋणियों की भूमि की नीलामी 6 फरवरी को सुबह 11 बजे सभा के प्रांगण में निर्धारित की गई है। सहकारी सभाओं की सहायक पंजीयक एवं समाहर्ता वीना भाटिया ने बताया कि ककड़ियार निवासी शकुंतला देवी पत्नी ब्रह्मदास, ब्रह्मदेव पुत्र अनंत राम, कर्ण सिंह पुत्र प्रताप सिंह और मदनलाल पुत्र रामसरन ने द ककड़ियार कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित से ऋण लिए थे। वीना भाटिया ने बताया कि बार-बार नोटिस के बावजूद इन्होंने ऋण की बकाया राशि ब्याज सहित सभा को नहीं लौटाई। अंततः इनकी अचल संपत्ति को कुर्क कर दिया गया। कुर्क की गई अचल संपत्ति को नीलाम करने के लिए मंडलीय आयुक्त से अनुमति प्राप्त होने के बाद भी सहायक पंजीयक एवं समाहर्ता ने इन्हें 30 दिन का समय भी दिया, लेकिन अंतिम वसूली नोटिस के बाद भी वसूली न होने पर अब चारों दोषी ऋणियों की भूमि को नीलाम करने का निर्णय लिया गया है। सहायक पंजीयक एवं समाहर्ता वीना भाटिया ने बताया कि कुर्क भूमि 'जैसी है, वैसी ही' स्थिति में नीलाम की जाएगी। उन्होंने कहा कि नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोग द ककड़ियार कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के वर्तमान प्रधान या सचिव से कुर्क भूमि की जानकारी प्राप्त करके इसका मुआयना भी कर सकते हैं। सहायक पंजीयक एवं समाहर्ता ने बताया कि जिला की अन्य सहकारी सभाओं के ऋण दोषियों की अचल संपत्तियां कुर्क एवं नीलाम करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग किसी भी प्रकार के ऋणों की माफी नहीं देता है, इसलिए सहकारी सभाओं से ऋण लेने वाले लोग ऋण अवश्य वापस करें।

# लापरवाह चालकों ने तीन लोगों को किया घायल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पुलिस थाना नादौन के तहत नवीन कुमार पुत्र गुरमीत सिंह निवासी गांव टिल्लु डाकखाना बेला तहसील नादौन की शिकायत पर लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मारने का मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार 6 जनवरी को प्रदीप चौधरी पुत्र चौकर चौधरी निवासी गांव वायरापुरसोली जिला बैतली बिहार पैदल जा रहा था तो इतने में कार चालक अभिषेक पुत्र अनन्त राम निवासी गांव घयाण डाकखाना वेल चौक तहसील चव्योट जिला मंडी तेज रफ्तारी व लापरवाही से कार को चलाता हुआ आया तथा उक्त व्यक्ति को टक्कर मार दी तथा वह घायल हो गया। वहीं, थाना सदर हमीरपुर के तहत कमल जीत पुत्र राम स्वरूप गांव जलेरा डाकखाना बटरा तहसील जसवां जिला कांगड़ा की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार जब वह अपने किराये के कमरे में जा रहा था तो एनआईटी के पास देखा शुभम, जो कि चोपड़ा रेजीडेंसी में काम करता है, अपनी बाइक के साथ गिरा पड़ा था तथा उससे कुछ पीछे सड़क के बीच में राजेश खुन से लथपथ गिरा पड़ा था। यह देखकर शिकायतकर्ता ने रेजिडेंसी से गाड़ी मंगवाकर हमीरपुर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि दोनों मामले दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# एएसपी ने प्रशिक्षुओं को समझाए यातायात के नियम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लंबलू में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं को पुलिस यातायात के नियमों, सड़क सुरक्षा, पुलिस कार्य-प्रणाली, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया, यातायात नियमों की अनुपालना, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन, महिला सशक्तिकरण, पोक्सो अधिनियम तथा नशे व शराब के दुष्परिणामों तथा कुप्रथाओं के प्रति जागरूक किया गया।

**समस्या** गांधी चौक से भोटा चौक तक बाजार में गाड़ियों का लगा रहता है तांता

# चौपहिया वाहनों की एंट्री पर लगाई जाए रोक

रवि ठाकुर, हमीरपुर



बाजार में खरीददारी को चौपहिया वाहनों से करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना।

हमीरपुर जिला मुख्यालय के गांधी चौक से लेकर भोटा चौक तक बाजार में पैदल चलने वाले लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में गाड़ियों की लगातार आवाजाही के कारण खरीददारी करने आए लोगों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए चलना मुश्किल हो गया है। दूर-दराज और आसपास के क्षेत्रों से बाजार में खरीददारी करने पहुंचे लोग यातायात जाम और सड़क पर अव्यवस्था से परेशान हैं।

बाजार की संकरी सड़कों पर गाड़ियों का लंबा जाम आम बात हो गई है। पैदल चलने वाले लोगों को हर कदम पर गाड़ियों के बीच से गुजरना पड़ता है। इस स्थिति के चलते बच्चों और बुजुर्गों के साथ महिलाओं को भी हादसों का शिकार होने का खतरा लगातार बना रहता है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बाजार में इस तरह की भीड़भाड़ से उनके ग्राहकों को असुविधा हो रही है और उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गाड़ियों के कारण बाजार में चलने की जगह तक नहीं बचती। कई बार स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि एंबुलेंस या अन्य आपातकालीन सेवाओं को बाजार से गुजरने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

> गांधी चौक से भोटा चौक को निकलने वाली गाड़ियों के लिए समय निर्धारित किया गया है। उसी समय में बाजार से गाड़ियों को एंट्री दी जाती है। निर्धारित समय में ज्यादा गाड़ियां इस रोड से निकल रही हैं तो उन्हें कम किया जाएगा। लोगों की सुरक्षा के लिए जिला पुलिस हर ठोस कदम उठा रही है।
>
> राजेश कुमार, एएसपी हमीरपुर।

### पैदल चलने वालों के लिए बने फुटपाथ

त्योहारी सीजन में या शादी-विवाह के दिनों में बाजार में जब खरीददारों की तादाद बढ़ती है, तब गाड़ियों की संख्या भी बढ़ जाती है। बाजार में चल रही गाड़ियां अचानक हॉर्न बजाकर बूढ़े बुजुर्ग महिलाएं और ज्यादातर हार्ट पेशेंट के मरीजों को खासकर झेलनी पड़ती है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बाजार में चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए या इनके लिए एक निर्धारित समय तय किया जाए। उनका कहना है कि यदि प्रशासन जल्द कोई सख्त कदम नहीं उठाता, तो हालात और भी खराब हो सकते हैं। प्रशासन से यह भी मांग की गई है कि बाजार में पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ या सुरक्षित स्थानों की व्यवस्था की जाए और यातायात को नियंत्रित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। जिला प्रशासन ने फिलहाल इस विषय पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है, लेकिन लोगों की शिकायतों और समस्याओं को देखते हुए उम्मीद है कि जल्द ही बाजार में यातायात व्यवस्था को सुधार बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

# उखाड़ी जा रही गलियों से लोगों को हो रही परेशानी, नप अध्यक्ष ने किया दौरा



अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन शहर के लोगों को 24 घंटे पानी उपलब्ध करवाने को लेकर सरकार द्वारा शुरू की गई जल शक्ति विभाग की योजना का कार्य प्रगति पर है। ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने को लेकर गलियों व सड़कों को उखाड़ा जा रहा है, जिस वजह से लोगों को कई प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इस बारे नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी को शिकायत की है कि उन्हें उत्पन्न हो रही समस्याओं का शीघ्र निदान किया जाए। लोगों की शिकायतों को मद्देनजर रखते हुए नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने शहर का दौरा किया तथा लोगों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद के सचिव रमन शर्मा, जल शक्ति विभाग के जेई अशीष कुमार, पार्षद योगराज के अलावा जल शक्ति विभाग के ठेकेदार भी उपस्थित रहे। शम्मी सोनी ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि पाइपलाइन की बिछाई के कार्य में तेजी लाई जाए। खोदी गई सड़क व गलियों में पाइप लाइन बिछाकर साथ-साथ भरा जाए ताकि लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बर्फ देखने की चाह में कुफरी में जुटी पर्यटकों की भीड़


## पर्यटकों ने बर्फ के बीच की खूब मस्ती, शिमला में होटलों की ऑक्यूपेंसी 80 प्रतिशत से ऊपर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के कुफरी में हुई बर्फबारी के बाद पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। भारी मात्रा में पर्यटकों ने कुफरी का रुख किया है। मंगलवार को कुफरी में बर्फ के बीच पर्यटक मस्ती करते नजर आए। पर्यटकों ने बर्फ का खूब आनंद उठाया। शिमला इन दिनों पर्यटकों से गुलजार हो गया है।

भारी मात्रा में पर्यटक शिमला पहुंचे है। इन दिनों पर्यटकों का डबल फायदा हुआ है। एक तो रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल चल रहा है वहीं दूसरी तरफ कुफरी में ताजा बर्फ पड़ी है। ऐसे में पर्यटक आनंद उठा रहे है। शिमला में पर्यटकों की आमद बढ़ने से होटलों में ऑक्यूपेंसी 80 प्रतिशत के आसपास चल रही है।

वहीं शिमला में वाहनों की आवाजाही भी बढ़ गई है। कुफरी में सुबह के समय वाहन स्किड हुए, क्योंकि यहां पर बर्फबारी के चलते फिसलन बढ़ गई है। वहीं यहां पर



ट्रैफिक जाम भी लग रहा है। हालांकि यहां पर पुलिस के जवान लोगों की मदद कर रहे है, लेकिन परेशानी यहां पर जरूर बढ़ी है। शिमला के रिज मैदान पर भी इन दिनों पर्यटक घूमने का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं।



### लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश

पुलिस प्रशासन ने लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए है। पुलिस का कहना है कि कुफरी और नारकंडा में बर्फबारी के बाद फिसलन बढ़ी है, ऐसे में वाहन को आराम से चलाए। अगर किसी भी पर्यटकों को कोई दिक्कतें आती है तो पुलिस से संपर्क करें। पुलिस प्रशासन लोगों की सहायता के लिए एकदम तैयार है।

### वाहनों की आवाजाही के लिए नारकंडा खुला

नारकंडा को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। प्रशासन ने यहां पर लोगों की परेशानी को देखते हुए जेसीबी लगाकर रोड को बहाल किया है वहीं सड़कों पर रेत भी डाला जा रहा है ताकि गाड़िया स्किड न हो। बर्फबारी के चलते बीते दिन नारकंडा बंद हो गया था, लेकिन अब वाहनों की आवाजाही चल रही है।

## सीएम से मिला कंप्यूटर शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल



शिमला। प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष सुमन ठाकुर व संयोजक अजित धीमान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला तथा संघ की विभिन्न मांगों से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार उनकी न्यायोचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

## सुन्नी में जुटेंगे 180 पीएमश्री स्कूलों के 400 प्रतिभागी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में बुधवार को 12 जिलों से 180 पीएमश्री स्कूलों के 400 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन रघुवंशी ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. सुरेश ठाकुर की अगुआई में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सुनीता सिंह संयुक्त निदेशक उच्चतर शिक्षा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

प्रतियोगता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रतियोगिता में जिला में प्रथम स्थान हासिल करने वाले पीएमश्री स्कूल इसमें प्रतिभागी रहेंगे। इससे पूर्व जिला एवं खंड स्तर पर ऐसी प्रतियोगिताएं अगोजित की जा चुकी है। बता दें कि प्रदेश की यह पहली प्रतियोगिता है और सुन्नी स्कूल को इस आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### राहुल शर्मा ने चमकाया चौपाल का नाम, बने तहसीलदार



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल उपमंडल की ग्राम पंचायत सरांह के ग्राम जेठल(गोरवा) निवासी राहुल शर्मा ने एचएएस में छठा रेंक हासिल किया है। अब वे बतौर तहसीलदार अपनी सेवाएं देगे। राहुल शर्मा के पिता जयराम शर्मा किसान है और उनकी माता आशा शर्मा गृहिणी है । राहुल शर्मा की प्रारंभिक शिक्षा एबीएन पब्लिक स्कूल नाहन से हुई और वहां से ही उन्होंने जमा दो की परीक्षा उतीर्ण की।

### हवाई अड्डे के लिए बनेगा वैकल्पिक मार्ग एवं रेस्क्यू मार्ग : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बड़हट्टी हवाई अडडे के लिए वैकलिप्क मार्ग एवं रेस्कयू मार्ग को लेकर उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर वैकलिप्क मार्ग एवं रेस्कयू मार्ग को लेकर मौके का निरीक्षण करने लिए लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारी, हवाई अड्डे के प्रबंधन संयुक्त रूप से टीम रहेगी। यह टीम विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। हवाई अड्डे से जोड़ने के लिए वैकल्पिक मार्ग कहां से निकाला जा सकता है, इसके लिए भूमि निजी और सरकारी दोनों की मौजूदा स्थिति के बारे में भी रिपोर्ट में उल्लेख करेगी। वहीं रेस्कयू मार्ग को लेकर भी टीम अपनी रिपोर्ट देगी।

### सेना दिवस के उपलक्ष्य में आरट्रैक करेगा मिनी मैराथन का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय सेना दिवस 2025 के उपलक्ष में आरट्रैक शिमला द्वारा मिनी मैराथन का आयोजन 12 जनवरी को 7:30 बजे ऐतिहासिक रिज मैदान पर किया जाएगा। आरट्रैक शिमला के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह आयोजन दो श्रेणियों में होगा, जिसमें 10 किलोमीटर की मिनी मैराथन और 5 किलोमीटर की रन फॉर फन शामिल रहेंगी। बच्चों की श्रेणी में 12 वर्ष से कम आयु और 12 से 18 वर्ष आयु के युवा भाग ले सकते हैं। इसी प्रकार, पुरुष और महिलाएं 40 वर्ष से कम और अधिक आयु की श्रेणी में भाग ले सकते हैं।

### भाजपा नेता अमर सिंह देवा के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, चौपाल/कुपवी।** चेहता (कुपवी) क्षेत्र में भाजपा के सशक्त स्तंभ रह चुके अमर सिंह देवा का सोमवार को निधन हो गया। अमर सिंह देवा पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. राधा रमण शास्त्री के बहुत करीबी थे तथा कांग्रेस के मजबूत गढ़ माने जाने वाले चेहता क्षेत्र में भाजपा को एक पहचान दिलाने में उनकी एक अहम भूमिका रही है। ।

### छह पंचायतों के लिए एकमात्र बस सेवा होने से परेशानी झेल रहे लोग

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** न्योल और किरण क्षेत्र की छह पंचायतों के लिए महज एक ही बस सेवा होने से इन क्षेत्रों के हजारों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। एक साल पहले तक न्योल के पेदग और किरण क्षेत्र के उत्तराखंड की सीमा पर स्थित मनेवटी के लिए दो अलग अलग बसें चलती थी, परन्तु पिछले साल से पेदग बस को बंद कर दिया गया है। इस बस रुट के बंद होने से एकमात्र बस में अत्यधिक भीड़ रहती है एवं क्षेत्र के लोग मजबूरन चार गुना अधिक किराया खर्च कर सफर करने को मजबूर है। (अनंत ज्ञान)

## मुकेश अग्निहोत्री ने परिवहन विकास परिषद की 42वीं बैठक में लिया भाग

# डिप्टी सीएम ने गडकरी से उठाया वाहन स्क्रैपिंग नीति के वित्तीय बोझ का मसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित परिवहन मंत्रियों की राष्ट्रस्तरीय बैठक और परिवहन विकास परिषद की 42वीं बैठक में भाग लिया। बैठक में मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल प्रदेश में परिवहन क्षेत्र से संबंधित कई महत्वपूर्ण मामले उठाए और इनके समाधान के दृष्टिगत केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया।

उन्होंने वाहन स्क्रैपिंग नीति के वित्तीय बोझ का मामला भी उठाया, क्योंकि हिमाचल प्रदेश को अपनी भौगोलिक स्थिति और कम वाहनों की संख्या के कारण विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे स्क्रैपिंग के लिए वाहनों की असेंबली महंगी और पेचिदा हो जाती है।

उपमुख्यमंत्री ने पूंजी निवेश के लिए



विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) प्राप्त करने की समय सीमा को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य पर वित्तीय दबाव को कम करने के लिए स्क्रैपिंग प्रोत्साहन ऋण के बजाय अनुदान के रूप में प्रदान किए जाएं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को 7,000 से अधिक सरकारी वाहनों को स्क्रैप करना होगा, जिससे राज्य के महत्त्वपूर्ण विभागों के कामकाज पर असर पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह स्थिति से भली-भांति अवगत हैं और पहाड़ी राज्यों के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेशों के हितों की रक्षा की जाएगी। मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्रीय मंत्री से एटीएस के तहत प्रोत्साहन प्राप्त करने और वाहनों को स्क्रैप करने की तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर 31 मार्च करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने मामले का संज्ञान लिया और कहा कि मामला विचाराधीन है। उपमुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश में संचालित अखिल भारतीय पर्यटक परमिट (एआईटीपी) बसों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर भी चर्चा की।

## कुटाड़ा गांव में मकान में आग लगने से जिंदा जली बुजुर्ग महिला

**दशमी रावत, रोहड़ू**

जिला शिमला के उपमंडल रोहड़ू की स्पैल वैली के कुटाड़ा गांव में भीषण अग्निकांड हुआ, जिसमें 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला दोसारी देवी की जलकर मौत हो गई है। मृतक महिला पीड़ित मकान मालिक श्याम लाल की मां थीं।

आग इतनी भयानक थी कि लकड़ी से बना नौ कमरों का तीन मंजिला मकान देखते ही देखते आग की लपटों में पूरी तरह घिरकर राख के ढेर में तबदील हो गया। एक अनुमान के मुताबिक इस घटना में करीब एक करोड़ के करीब नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

अग्निकांड की यह दर्दनाक घटना सोमवार रात करीब नौ बजे को हुई है। पुलिस के अनुसार यह घर गांव के बीच स्थित था। इसलिए जैसे ही आग की खबर फैली तो ग्रामीण तुरंत आग बुझाने में जुट गए। इस बीच दमकल केंद्र रोहड़ू को भी सूचना दी गई।

रोहड़ू से दमकल वाहन तुरंत रवाना हुए, लेकिन गांव दूर और दुर्गम क्षेत्र में स्थित होने के कारण



उन्हें मौके पर पहुंचने में करीब आधे घंटे का समय लगा। जब तक दमकल वाहन पहुंचे तब तक मकान पूरी तरह जल चुका था।

आग के कोहराम के बीच मकान में मौजूद बच्चे और अन्य परिवार के सदस्य किसी तरह जान बचाकर बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन अफरातफरी में बुजुर्ग महिला दोसारी देवी दूसरी मंजिल के बरामदे में फंस गई। आखिरकार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने बताया कि प्रभावित परिवार को 20 हजार रुपए नकद एवं बर्तन, तिरपाल, राशन व अन्य आवश्यक सामान फौरी राहत के तौर पर प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)

## वर्ष 2024 में राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के प्रति राज्य सरकार के ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 के दौरान राज्य में सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2023 की तुलना में हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में 6.48 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2024 में 2107 दुर्घटनाएं दर्ज की गई, जबकि वर्ष 2023 में 2253 दुर्घटनाएं दर्ज की गई। सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु की दर में भी कमी हुई गई।

विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2024 में 806 लोगों, जबकि वर्ष 2023 में 892 लोगों की मृत्यु हुई। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की संख्या भी वर्ष 2023 में 3449 से घटकर वर्ष 2024 में 3290 हो गई।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और इनसे होने वाली आकस्मिक मृत्य दर में कमी सरकार, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है।

## शिमला में फोटोयुक्त मतदाता सूचियां अंतिम रूप में प्रकाशित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार शिमला जिला के समस्त आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य 1 जनवरी, 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर पूर्ण हो चुका है तथा आयोग के पूर्व अनुमोदन से फोटोयुक्त मतदाता सूची 6 जनवरी को अंतिम रूप में प्रकाशित कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के समय जिला की मतदाता सूची में कुल 5,95,918 मतदाताओं के नाम दर्ज थे। पुनरीक्षण के दौरान 7,765 नए मतदाताओं के नाम दर्ज हुए हैं तथा 4852 मतदाताओं के नाम मृत्यु, स्थान परिवर्तन, दोहरे पंजीकरण आदि के कारण मतदाता सूचियों से अपमार्जित किए गए हैं। जिला में अब कुल 5,98,831 मतदाता पंजीकृत हैं जिसमें 3,04,942 पुरुष तथा 2,93,889 महिलाएं हैं।

अंतिम रूप में प्रकाशित फोटोयुक्त मतदाता सूची का निशुल्क निरीक्षण संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसीलदार/नायब तहसीलदार) के कार्यालय में अथवा बूथ लेवल अधिकारी के पास उपलब्ध सूची से किया जा सकता है।

## ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस से लोग घबराएं नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचपीएमवी) के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि एचपीएमवी एक सामान्य वायरस है और इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। यह कोई नया वायरस नहीं है और 2001 से भारत सहित विभिन्न देशों में प्रचलन में है। हर वर्ष वयस्क और बच्चे इस वायरस से प्रभावित होते हैं और ठीक हो जाते हैं।

इस वर्ष भी भारत में नियमित निगरानी के दौरान एचपीएमी के कुछ मामले दर्ज किए गए हैं, लेकिन हिमाचल में अब तक इससे जुड़ा एक भी मामला सामने नहीं आया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एचपीएमवी 'वायरस ऑफ कन्सर्न' नहीं है और इसे एक सामान्य वायरस की तरह ही देखा जाना



चाहिए, जिससे आसानी से बचाव किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सहित प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग एचपीएमवी पर लगातार नजर बनाए हुए है। देश भर में अब तक इन्फलुएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी के मामले सामान्य स्तर पर हैं। हिमाचल में भी ऐसे मामलों में किसी प्रकार की असमान्य वृद्धि दर्ज नहीं हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस वायरस के आम लक्षण खांसी, बुखार और नाक बंद होना है। यह संक्रमण खांसने, छींकने, छूने या हाथ मिलाने से फैलता है।

## प्रदेश के स्वास्थ्य व्यवस्था की सेहत खराब : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था



परिवर्तन के नाम पर प्रदेश के स्वास्थ्य व्यवस्था की सेहत खराब है। लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है। लोगों को स्टंट नहीं डल रहे हैं, सर्जरी के समान और बाकी जरूरी चीजें अस्पताल नहीं दे पा रहा है। जो सुविधाएं पूर्व सरकार में तत्काल और निःशुल्क मिल रहे रही थी, आज उसके लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है।

लोग बिना इलाज के घर जा रहे हैं या मजबूरी में अपनी गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं। यह सिर्फ सरकार की लापरवाही की वजह से हो रहा है। बाकी अस्पतालों को छोड़िए आईजीएमसी जैसे अस्पताल खुद बीमार हैं।

## मंत्री विक्रमादित्य ने नगर परिषद को डिनोटिफाई करने का दिया आश्वासन



**मोहिंद्र सिंह, सुन्नी**

सुन्नी की नगर परिषद को डिनोटिफाइड किया जाएगा। शकरोड़ी एवं घरयाणा पंचायतों के लगातार विरोध के चलते बीते सोमवार को पंचायतों के सैकडों लोगों को अपने आवास पर संबोधित करते हुए लोकनिर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आश्वसन देते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि लोगों की जनभावना को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी और नगर परिषद में सम्मिलित किए गए क्षेत्रों को नगर परिषद से बाहर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुन्नी की जनसंख्या नगर परिषद बनाने के लिए पर्याप्त है और नई जनगणना होने पर ही सुन्नी को नगर परिषद में अपग्रेड किया जाएगा।

बता दें गत वर्ष 30 दिसंबर को सरकार की ओर से जारी अंतिम अधिसूचना में नगर पंचायत सुन्नी को नगर परिषद बनाया गया, जिसमें पूरी घरयाणा पंचायत के साथ शकरोड़ी पंचायत के कुछ वार्डो को भी इसमें सम्मिलित किया गया। उक्त दोनों पंचायतों के ग्रामीण इसका निरंतर विरोध करते रहे। (अनंत ज्ञान)

# शिमले पड़े पुलसीए रे घस्से पहाड़ी गाने पर झूमे दर्शक

### विंटर कार्निवाल : पहाड़ी गायक पंकज ठाकुर ने मचाया धमाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के रिज मैदान पर चल रहे विंटर कार्निवाल में मंगलवार की शाम को पहाड़ी गायक पंकज ठाकुर ने धमाल मचाया। पंकज ठाकुर ने शिमले पड़े पुलसीए रे घस्से और मिली ए कोई बशो बासीए गाने पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान दर्शकों ने जमकर डांस किया। वहीं बॉलीवुड सिंगर ऋतु पाठक ने गंदी बात, अल्ला दो आई है, पापा जग जाएगा और राधा नाचेगी गाने पर बेहतरीन प्रस्तुति दी।

इस दौरान बाहरी राज्य से शिमला घूमने आए पर्यटकों ने भी डांस किया। इसके अलावा विक्की राजटा, प्रदीप शर्मा और डॉक्टर गगन ने भी रंगारंग प्रस्तुति दी।

**सड़क सुरक्षा** | शोघी, ठियोग, सरस्वती नगर और दत्तनगर में आयोजित होंगे स्वास्थ्य शिविर

# डीसी, एसपी ने सड़क सुरक्षा अभियान का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सीएमपी क्रॉसिंग पर वाहन चालकों को पत्रक वितरित किए। इसके अलावा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने का आहवान भी किया। इससे पूर्व उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा माह को लेकर बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में फैसला लिया गया कि शोघी, ठियोग, सरस्वती नगर और दत्तनगर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे जिसमें सड़क दुर्घटनाओं के समय घायलों का उपचार करने में फस्ट रिस्पोंडेंट की भूमिका के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह शिविर 15 से 18 जनवरी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार, 10 जनवरी को बाइक रैली आयोजित की जाएगी। 8,17 और 18 जनवरी को वाहनों की पासिंग के दौरान नेत्र जांच शिविर आयोजित होंगे और 23 जनवरी को रिज मैदान पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी करवाया जाएगा।



### प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिए जाएंगे इनाम

**निबंध** लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और नारा लेखन प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित करवाई जाएगी। इसमें प्रथम स्थान हासिल करने वाले का 5 हजार रुपए, द्वितीय स्थान हासिल करने वाले को 3 हजार और तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 2 हजार रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा, हर प्रतियोगिता में दो-दो सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। यह प्रतियोगता 15 साल से कम उम्र और 15 साल से अधिक उम्र की दो श्रेणियों में आयोजित होगी। यह सारी प्रतियोगिताओं की थीम सड़क सुरक्षा रहेगी।

### 31 जनवरी को गेयटी में आयोजित होगा व्यापक स्तर पर कार्यक्रम

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला भर में सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान 31 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। 31 जनवरी को गेयटी में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने में सभी अपना कर्तव्य निभाए। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लोग वाहन चलाते समय अनुशासन के तहत रहे। वाहन चालक अपनी जान को सुरक्षित रखे और इसके अलावा दूसरों की जान को भी सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें। सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान का उद्देश्य वाहन मालिकों और पैदल चलने वालों दोनों में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है।

### हेलमेट के लिए जागरूक

**सड़क** सुरक्षा माह के दौरान युवाओं, बुजुर्गों और यहां तक कि बच्चों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनने के लिए शिक्षित और जागरूक करना है। इसके साथ लोगों को ट्रैफिक सिग्नल, बोर्ड साइन और अनुमत गति सीमाओं का भी पालन करना चाहिए।

### ये भी रहे उपस्थित

**एडीएम** प्रोटोकॉल ज्योति राणा, एसी टू डीसी गोपाल चंद, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल शर्मा, सीएमओ डॉ .राकेश प्रताप, डीएसपी संदीप शर्मा, तहसीलदार अपूर्व शर्मा।

## छात्रवृत्ति योजना के त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के सत्यापन की तिथि बढ़ाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई राज्य कमेटी ने राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के सत्यापन की तिथि बढ़ाने को लेकर शिक्षा निदेशालय निर्देशक अमरजीत शर्मा को ज्ञापन सौंपा है।

एसएफआई राज्य कमेटी का कहना है कि हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय छात्रवृति योजना के अंतर्गत मिलने वाली छात्रवृति की आवेदन करने की अंतिम तारीख 18 दिसंबर थी और जिन छात्रों के आवेदन में कोई त्रुटि या अनियमता आई थी उनके आवेदन में सुधार करने की तिथि 28 दिसंबर थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति व संचार की स्थिति ठीक न होने के कारण कुछ छात्र उसे ठीक नहीं कर पाए थे।

इस पर हिमाचल प्रदेश शिक्षा निदेशालय के निर्देशक ने कहा कि छात्रों की इस मांग के ऊपर संज्ञान लिया जाएगा और छात्रवृति के सत्यापन की तिथि को दो दिन के लिए कार्यरत दिन के लिए बढ़ाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कॉलेज स्टूडेंट्स ने की चंद्रशेखर पार्क में सफाई



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय के शिक्षक गैर-शिक्षक, छात्र और छात्राओं द्वारा एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने कालेज की ओर जाने वाले मार्ग व साथ लगते चंद्रशेखर पार्क की सफाई की। पिछले काफी समय से यहां सफाई व्यवस्था न होने के कारण स्टूडेंट्स व राहगीरों को दिक्कतें आ रही थीं। इसी के मद्देनजर कॉलेज द्वारा यहां विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व भाजपा विधायक प्रवीन कुमार ने कॉलेज प्रधानाचार्य, एनएसएस प्रभारी व कैंप में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पालमपुर के टिक्का निहंग, आदर्श नगर, अटल कॉलोनी व टांडा क्षेत्र की हालत भी काफी दयनीय थी, जिसे संस्था द्वारा सुधारा गया है। उन्होंने कहा कि एनएसएस कैंपों के आयोजन से लोगों में भी जागरूकता आती है।

### बच्चों ने पुलिस थाने में जानी कानून की बारीकियां



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** रावमापा धमेटा के बच्चों ने प्रधानाचार्य सुनील कुमार बशिष्ठ के निर्देशों पर मंगलवार को पुलिस थाना फतेहपुर का विजिट करते हुए कानून की बारीकियां जानीं। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी फतेहपुर पवन गुप्ता ने बताया धमेटा स्कूल से पहुंचे 44 बच्चों को सड़क सुरक्षा अभियान बारे जागरूक करने के साथ सोशल क्राइम पर भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही नशे के दुष्प्रभाब भी बताए गए। उन्होने बच्चों से आह्वान भी किया कि जो बातें उन्हें बताई गई हैं, उन्हें अपने परिजनों व सहपाठियों के साथ भी शेयर करें। ताकि ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाई जा सके। इस मौके पर पुलिस थाना फतेहपुर की टीम व स्कूल से पहुंचे हुए अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### रछाहन गांववासी आज भी सड़क सुविधा से वंचित

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** आजादी के बाद भारत आज चांद पर पहुंच गया है, लेकिन खुंडियां तहसील की पुखरू पंचायत के रछाहन गांववासी आज भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। राजकीय प्राथमिक स्कूल पुखरू से बसीं वाया रछाहन के लिए शिलान्यास पट्टिका लगाकर रछाहन वासियों को सड़क निर्माण के सपने तो दिखा दिए हैं, लेकिन सरकार की अनदेखी के चलते आज तक उक्त सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। गौरतलब है कि 69 लाख रुपए की लागत से बनने वाली उक्त सड़क का शिलान्यास 2016 में स्वतंत्रता सेनानी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील रत्न के करकमलों द्वारा हुआ था। गांव वासियों का कहना है कि नेता चुनावों के समय में सड़क बनाने के लुभावने सपने दिखाकर अदृश्य हो जाते हैं। लोगों में अब सड़क निर्माण को लेकर उम्मीद जगी है कि उक्त सड़क का शिलान्यास भी कांग्रेस सरकार के समय में हुआ था और वर्तमान में भी अब विधायक और सरकार कांग्रेस की ही है। गांववासी कांशी राम का कहना है कि प्रशासन जंगलात भूमि को आड़े आने का बहाना बनाकर दलितों को सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रखकर उनके मूलभूत अधिकारों का हनन कर रहा है। रछाहन वासियों ने सुक्खू सरकार से सड़क बनाने की मांग की है।




पुखरू में लगी शिलान्यास पट्टिका।

# डीसी ने स्वयं सहायता समूहों को बांटे 63 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र

## बोले- समूह में काम करने के हमेशा मिलते हैं सार्थक परिणाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत मंगलवार को डीआरडीए हाल कांगड़ा में ऋण दिवस आयोजित किया गया। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला के 15 स्वयं सहायता समूहों को 63 लाख रुपए के ऋण स्वीकृति पत्र जारी किए।

उपायुक्त ने कहा कि सरकार स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिए सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करवा रही है। समूह में काम करने के हमेशा सार्थक परिणाम मिलते हैं। हमारे यहां अधिकतर आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है तथा लोगों के पास रोजगार के संसाधन कम हैं। यदि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं सामूहिक रूप से कोई कार्य करती हैं तो उसके परिणाम भी अच्छे आते हैं। बकौल उपायुक्त, जिले में कई स्वयं सहायता समूह अनुकरणीय कर रही हैं, जिससे हजारों की संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

इस दौरान उपायुक्त ने बेहतरीन कार्य करने वाले बैंकों और सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध करवाएं, ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समय रहते प्राप्त किया जा सके।




राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह को ऋण स्वीकृति पत्र देते डीसी।

### अपनी गुणवत्ता रखें बरकरार बाकी हम करेंगे सहयोग

**हेमराज** बैरवा ने कहा कि आपके उत्पादों की गुणवत्ता ही आपकी खासियत है इसलिए इसे सदैव बरकरार रखें, बाकी का सहयोग हम करेंगे। बहुत बार अनुभव में आया कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए उत्पाद गुणवत्ता के मामले में अन्य बाजारी उत्पादों से बहुत बेहतर होते हैं। महिलाएं बेहद सादगी और ईमानदारी से उत्पादों को बनाती हैं, इसलिए उनमें मिलावट या अशुद्धता न के बराबर होती है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने के लिए सरकार और जिला प्रशासन गंभीरता से काम कर रहे हैं।

## दुनिया में जो लोग बौद्ध नहीं हैं वे भी बुद्ध की शिक्षाओं में ले रहे रुचि : दलाईलामा

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाईलामा ने कहा है कि आज इस दुनिया में जो लोग बौद्ध नहीं हैं वे भी बुद्ध की शिक्षाओं में रुचि ले रहे हैं। कई लोग जिनमें वैज्ञानिक भी शामिल हैं, हमारे तर्क और तर्क के उपयोग से आकर्षित होते हैं। यह एक ऐसी परंपरा है जिसे हमने सदियों से जीवित रखा है। यह बात दलाईलामा कर्नाटक के ताशी ल्हुनपो मठ में टीचिंग के दौरान बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज मैं ताशी ल्हुनपो मठ में आया हूं जिसकी स्थापना सर्वज्ञ ग्यालवा गेंडुन द्रुप, प्रथम दलाईलामा ने की थी। तिब्बत में यह मठ बौद्ध दर्शन और तर्कशास्त्र के भिक्षुओं के अध्ययन की गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध था। ग्याल्वा एनसेपा को उनके द्वारा सारगर्भित निर्देशों के सार को सिखाने के तरीके के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि तिब्बत में हुई उथल-पुथल के बाद, ताशी ल्हुनपो के नाम से जानी जाने वाली शिक्षा की पीठ को निर्वासन में यहां फिर से स्थापित किया गया था। यह तिब्बत के सबसे महत्वपूर्ण मठों में से एक है। ग्याल्वा गेंडुन ड्रुप ने मठ की स्थापना की। मैं उनका उत्तराधिकारी हूं और आज यहां पहुंचकर मुझे खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है।

दलाईलामा ने आगे कहा कि मठ का मुख्य उद्देश्य शिक्षा का केंद्र होना है, भिक्षुओं और भिक्षुणियों को पाठ्यक्रम का अध्ययन करने और जो वे सीखते हैं उसे व्यवहार में लाने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यहां के मठवासी संस्थानों के सदस्यों को बुद्ध की शिक्षाओं को बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए, विशेष रूप से इस पतित युग में। दलाईलामा ने कहा कि हम बुद्धत्व तक पहुंचने के लक्ष्य के बारे में बात करते हैं, मैं एक भिक्षु के रूप में, बुद्ध का एक ईमानदार अनुयायी हूं, जैसे ही मैं सुबह उठता हूं, मैं बोधिचित्त के जागृत मन और शून्यता के दृष्टिकोण पर ध्यान करता हूं। यह मैं दैनिक आधार पर करता हूं और इससे मुझे आत्मविश्वास मिलता है। (अनंत ज्ञान)

## छात्रों का अब बनेगा होलस्टिक प्रोग्रेस कार्ड, निजी स्कूलों को भी ट्रेंनिग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



एनसीईआरटी के सौजन्य से हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा धर्मशाला में आयोजित परख पर आधारित पांच दिवसीय कार्यशाला के दौरान निजी स्कूल संचालक संघ ने निजी स्कूलों को भी इसमें शामिल करने पर सरकार व बोर्ड की सराहना की है। निजी स्कूल संचालक संघ के प्रदेशाध्यक्ष जगजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब 50 निजी स्कूलों को मास्टर ट्रेनिंग के लिए प्रतिनिधित्व दिया गया है।

ठाकुर ने इसके लिए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, बोर्ड अध्यक्ष तथा बोर्ड सचिव का आभार जताया। उन्होंने इस दौरान संघ की ओर से बोर्ड सचिव डॉ. विशाल शर्मा तथा उपायुक्त कांगड़ा हेमराम बैरवा को सम्मानित किया। वहीं, बोर्ड सचिव ने भी जगजीत सिंह ठाकुर को शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया। ठाकुर ने एक मांग पत्र भी बोर्ड सचिव को सौंपा, जिसमें उन्होंने दसवीं तथा जमा दो की बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट में संशोधन करने तथा तीसरी, आठवीं और पांचवीं कक्षा की परीक्षा मूल्यांकन निजी स्कूलों को अपने स्तर पर करने की अनुमति मांगी है। ठाकुर ने शिक्षा बोर्ड द्वारा कुछ ही समय में किए गए सुधारों, संघ की मांगों पर सकारात्मक कार्यों तथा संघ की मांग पर निजी स्कूल परीक्षा केंद्रों को नियमित किए जाने के लिए बोर्ड सचिव का विशेष आभार जताया। बोर्ड सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने आश्वासन दिया है कि संघ की उचित मांगों का शीघ्र समाधान कर दिया जाएगा।

## 2025 में महामारी के प्रकोप की कोई आशंका नहीं : गुरमीत बेदी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



**ग्रह-नक्षत्र और अंक गणितीय दृष्टिकोण से सुरक्षित रहेगा साल**

जाने-माने ज्योतिषी गुरमीत बेदी ने वर्ष 2025 को लेकर एक बड़ी और सकारात्मक भविष्यवाणी की है। उनके अनुसार, ग्रह-नक्षत्रों और अंक ज्योतिष के आधार पर यह साल किसी भी महामारी या वायरस प्रकोप से मुक्त रहेगा, इसलिए चीन से आए किसी भी वायरस से भयभीत होने की कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान विक्रम संवत, जिसका राजा मंगल और मंत्री शनि है, 29 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगा। इसके बाद 30 मार्च से शुरू होने वाले नए विक्रम संवत के राजा सूर्य होंगे, जिन्हें ऊर्जा और प्रकाश का प्रतीक माना जाता है और जो नकारात्मकता और बीमारियों को समाप्त करने में सक्षम हैं। बेदी ने बताया कि अंक ज्योतिष के अनुसार 2025 का योग (2+0+2+5=9) मंगल ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है, जो साहस, शक्ति और स्वस्थ ऊर्जा के कारक ग्रह हैं। इसलिए सूर्य और मंगल इन दोनों शक्तिशाली ग्रहों का प्रभाव इस साल को महामारी और किसी भी प्रकार के वायरस प्रकोप से मुक्त रखने का संकेत देता है। (अनंत ज्ञान)

### भयभीत होने की जरूरत नहीं

**गुरमीत** बेदी का कहना है, 'सूर्य, जो 2025 के विक्रम संवत का राजा होगा, ऊर्जा का स्रोत है। उसके तेज के आगे किसी भी प्रकार की नकारात्मक शक्ति या वायरस टिक नहीं पाएगा। वहीं, मंगल ग्रह, जो 2025 के मूलांक का स्वामी है, साहस और स्वास्थ्य का प्रतीक है। इन दोनों की अनुकूल स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि 2025 एक सुरक्षित और सकारात्मक वर्ष होगा।

### बेदी की सटीक भविष्यवाणियां

**गुरमीत** बेदी की ज्योतिषीय भविष्यवाणियां समय-समय पर सटीक साबित हुई हैं। उन्होंने पहले ही भविष्यवाणी की थी कि कोरोना वायरस का टीका 2021 की शुरुआत में उपलब्ध होगा, जो बिल्कुल सही साबित हुआ। उनकी इस सटीक भविष्यवाणी ने लोगों में उनके प्रति विश्वास और भी बढ़ा दिया। उनके पास ज्योतिष और अंकगणित का 35 वर्षों का अनुभव है और उनकी विशेषज्ञता ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाई है।

अनंत ज्ञान **फैशन**

# सर्दियों में ऑफिस के लिए बेस्ट रहेंगे ऐसे फुल स्लीव्स सूट स्टाइल के साथ मिलेगा कंफर्ट



**सर्दियों के मौसम में अकसर हम लोग फुल बाजू के कपड़े पहनना ज्यादा पसंद करते हैं, ताकि हम ठंड से बचे रहें साथ डायरेक्ट स्वेटर पहनने से स्किन को कोई नुकसान भी न होने पाए। वहीं ऑफिस में रोजाना क्या पहनकर जाएं, इसको लेकर बड़ा कंफ्यूजन रहता है। कुछ लोग वेस्टर्न तो कुछ लोग इंडियन लुक पसंद करते हैं, लेकिन विंटर सीजन में हमें कुछ भी पहनते समय स्टाइल के साथ ठंड से भी बचना होता है। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ फुल स्लीव्स सूट के डिजाइंस लेकर आए हैं। जिनको आप ऑफिस में पहनकर गर्माहट का अनुभव करने के साथ प्रोफेशनल लुक में भी नजर आएंगी। ऐसे में ये पूरी बाजू के सूट आपके ऑफिस लुक के लिए परफेक्ट चॉइस बन सकते हैं। यह आपको सर्दी के मौसम में सर्द हवाओं से बचाने के साथ आपके लुक को भी निखार देंगे। इनको कैरी करके आप ऑफिस में एकदम क्लासी अंदाज में नजर आएंगी। ऐसे में ये सूट कंफर्ट और स्टाइल का बेस्ट ऑप्शन हैं। आप इस विंटर नीचे दिखाए जा रहे इन इन फुल स्लीव्स सूट से अपना वार्डरोब अपडेट करके खुद को ग्रेसफुल लुक दे सकती हैं। आईए के नजर डाल लेते हैं इन सूट डिजाइंस पर।**



**गोटा वर्क अनारकली सिल्क सूटः** यदि आप मैरिड हैं, तो आप ऑफिस के लिए इस तरह के सिंपल सोबर सूट च्वॉइस में रख सकती हैं। साउथ एक्ट्रेस प्रियामणि लाइट ग्रीन कलर के अनारकली सूट में काफी खूबसूरत लग रहीं। इस ऑलओवर सूट में गोटा वर्क किया गया है। सूट के यॉक पर थोड़ा हैवी गोटा वर्क लुक को और ज्यादा प्रिटी बना रहा है।

**अफगानी सूट लुकः** आजकल अफगानी सूट काफी फैशन में चल रहे हैं। फोटो में नजर आ रहा डिजिटल प्रिंट ऑफ व्हाइट खादी कॉटन अफगानी सलवार सूट काफी यूनिक लग रहा है। अफगानी सलवार के साथ फुल स्लीव्स कॉलर कुर्ता आपके ऑफिस लुक के लिए बेस्ट रहेगा। इसके साथ आप कंट्रास्ट कलर का कॉटन दुपट्टा भी पेयर कर सकती हैं या फिर बिना दुपट्टे के भी आप इस सूट को पहन सकती हैं। साथ में आप ऑक्सीडाइज बिग झुमकी मोजड़ी जूती पहनकर अपना लुक कंप्लीट करें।

**फ्लोरल प्रिंट सूटः** इस तरह के फ्लोरल प्रिंट सूट भी ऑफिस के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकते हैं। इनको आप साड़ी या फैब्रिक लेकर भी बनवा सकती हैं। कैरी करने के बाद इन सूट का लुक काफी स्टनिंग लगता है। इसके साथ मेटल झुमके ओपन हेयर रखें। साथ ही आप वेजीस हील्स कैरी करके अपना लुक कंप्लीट कर सकती हैं।

**ए लाइन सूट सेटः** सर्दियों में ऑफिस में पहनने के लिए इस तरह के ए लाइन प्लाजो सूट सेट प्रोफेशनल लुक देते हैं। इसके साथ आप पौनी हेयर स्टाइल प्लेटफॉर्म हील्स फुटवियर कैरी कर सकती हैं। स्टड इयररिंग इस सूट के साथ काफी मैच करेंगे। ए लाइन सूट के साथ लांग ब्लेजर आपका लुक और ज्यादा स्मार्ट बना देगा।

चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन जब बारी आती है पैरों को सुंदर दिखाने की तो इसके लिए हम अक्सर पार्लर जाकर सिर्फ पेडिक्योर करा लेते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे पैर साफ हो जाते हैं, लेकिन पैरों का साफ होना ही जरूरी नहीं होता है। पैरों में अगर आप अलग तरह के डिजाइन वाली एक्ससेरीज को वियर करेंगी, तो इससे आपके पैर अच्छे नजर आएंगे। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की एक्सेसरीज को आप वियर कर सकती हैं।

## बदलनी है अपनी बिछिया तो इन डिजाइंस को करें ट्राई पैर नजर आएंगे सुंदर





### क्राउन डिजाइन वाली बिछिया



**आप** पैरों में पहनने के लिए सिंपल लेकिन थोड़ी-सी अलग दिखने वाली क्रॉउन डिजाइन वाली बिछिया को वियर कर सकती हैं। इस तरह की बिछिया पैरों की उंगलियों में पहनने के बाद अच्छी लगती है। इसमें नीचे की तरफ स्टोन का डिजाइन होता है। वहीं, ऊपर की तरफ क्राउन का डिजाइन बना होता है। इससे बिछिया और भी ज्यादा अच्छी नजर आती है। बिछिया में आप चाहें तो किसी और कलर का स्टोन ले सकती हैं। इससे बिछिया अच्छी लगेगी।

### ईवल आई वाली बिछिया

**पैरों** की सुंदरता को बढ़ाने के लिए आप ईवल आई वाली बिछिया को वियर कर सकती हैं। इस तरह की बिछिया भी पहनने के बाद अच्छी नजर आती है। नए डिजाइन वाली है, तो सबसे अलग लगेगी। इसे आप ट्राई कर सकती हैं। इसमें आगे वाले डिजाइन में ईवल आई बनी हुई दिखेगी। इसके अलावा पूरी बिछिया प्लेन डिजाइन में मिलेगी।

**फ्लावर डिजाइन वाल बिछियाः** **अगर** आपको पैरों में कुछ अच्छा ट्राई करना है, तो ऐसे में आप फ्लावर डिजाइन वाली बिछिया को वियर कर सकती हैं। इस तरह की बिछिया भी पैरों में पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे पैर और ज्यादा सुंदर नजर आएंगे। इसमें आपको गोल डिजाइन मिलेगा। बीच में जाली मिलेगी। इसे पहनने के बाद आपके पैरों की उंगलियां और भी सुंदर नजर आएंगी।

## लोहड़ी सेलिब्रेशन में स्टाइल करें ब्लैक ड्रेस देखें सबसे अलग डिजाइन



**पार्टी में अच्छा दिखना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अकसर कुछ ऐसे डिजाइन वाले कपड़ों को सर्च करते हैं, जिन्हें वियर करके हम अच्छे नजर आएं। आप ओकेजन के हिसाब से भी अपने लिए कपड़ों को चूज कर सकती हैं। लोहड़ी सेलिब्रेशन में जानें के लिए आप ब्लैक कलर की ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की ड्रेस को आप वियर कर सकती हैं।**

**ब्लैक कलर गाउन करें स्टाइलः** इस तस्वीर में भूमि पेडनेकर ने ब्लैक कलर के गाउन को वियर किया है। इस तरह के गाउन में वो बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। आप भी इसी तरह के गाउन को वियर करके अपने लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। इसमें आप चाहें तो प्रिंटेड़ पैटर्न को ले सकती हैं या सिंपल प्लेन गाउन को भी वियर कर सकती हैं।

**ड्रेस करें स्टाइलः** आप कुछ स्टाइलिश लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो आप ब्लैक कलर की इस ड्रेस को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, इसमें लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है।इसके साथ आप बूट्स को वियर करें। मेकअप लुक को सिंपल रखें और हेयर स्टाइल को ओपन स्टाइल में क्रिएट करें।



**स्कर्ट विद टॉप करें स्टाइलः** लोहड़ी सेलिब्रेशन के लिए आप स्कर्ट विद टॉप को भी स्टाइल कर सकती हैं। इससे लुक भी अच्छा नजर आएगा। इसमें आपको बॉक्स पैटर्न वाला डिजाइन मिलेगा।

# आईवीएफ तकनीक से पशुओं की उन्नत नस्ल होगी तैयार : चंद्र कुमार

## 191 लाख की आईवीएफ प्रयोगशाला लोगों को समर्पित, पालमपुर क्षेत्र की जलवायु अनुसंधान के लिए सबसे उत्तम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री, प्रो. चंद्र कुमार चौधरी ने पालमपुर में आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) प्रयोगशाला का शुभारंभ किया। पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।



चंद्र कुमार ने कहा कि एक करोड़ 91 लाख रुपए की लागत से यह प्रदेश में पहली प्रयोगशाला होगी। इसमें आईवीएफ तकनीक से पशुओं की प्रजनन क्षमता के साथ उन्नत नस्ल किस्म के दुधारु पशु विकसित होंगे। किसानों, बागवानों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। पशुपालकों को मजबूत करने के लिए पशुपालन विभाग बहुत गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पालमपुर क्षेत्र की जलवायु अनुसंधान के लिए सबसे उत्तम है। सरकार का प्रयास कि यहां स्थापित आईवीएफ तकनीक प्रयोगशाला के प्रदेश मॉडल का अनुसरण पूरा देश करे।

मंत्री ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि कोई भी अनुसंधान, प्रयोगशाला से जमीन तक पहुंचे इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। किसानों को आर्थिक रूप में सुदृढ़ करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण को गांव-गांव तक पहुंचे, इसके लिए ब्लॉक स्तर तक जागरूकता फैलाने का कार्य होना चाहिए।

इस अवसर पर पालमपुर के विधायक, आशीष बुटेल ने प्रोफेसर चंद्र कुमार का पालमपुर में आईवीएफ प्रयोगशाला लोगों को समर्पित करने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशाला पशुपालकों के लिए उन्नत किस्म के दुधारु पशु उपलब्ध करवाने के लिए मील पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि आईवीएफ तकनीक की जानकारी पशुपालकों के साथ प्रदेश के आम नागरिक तक पहुंचे ताकि लोगों को सरकार की योजना की जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर प्रोफेसर चंद्र कुमार चौधरी और विधायक आशीष बुटेल ने आईवीएफ प्रयोगशाला का अवलोकन किया। इससे पहले विभाग के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

### सड़कों से बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए सरकार गंभीर

**चंद्र कुमार** ने कहा कि प्रदेश में पशु जनगणना का कार्य अंतिम चरण में है। इससे प्रदेश में लावारिस पशुओं की संख्या का काफी पता लग सकेगा। सड़कों से बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। पिछले वर्ष गोशालाओं को पशुओं के भरण पोषण के लिए 700 रुपए प्रति पशु के हिसाब से लगभग 70 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, लेकिन इसके को सार्थक नतीजे देखने में नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अब सीधे पशुपालकों को ही 700 रुपए प्रति पशु उपलब्ध करवाने पर विचार कर रही है। इस राशि को 700 से बढ़ाकर, साढ़े 1200 रुपए किया जा रहा है।

कार्यक्रम में त्रिलोक चंद, उपनिदेशक डॉ. मोहिंद्र शामा, डॉ. रवि ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# एचपीटीडीसी कार्यालय का धर्मशाला स्थानांतरण स्वागत योग्य : संजीव गांधी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

स्मार्ट सिटी धर्मशाला होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने सुक्खू सरकार द्वारा एचपीटीडीसी (हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवेलपमेंट कॉरपोरेशन) कार्यालय को धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव का स्वागत किया है। एसोसिएशन के महासचिव और ईको टूरिज्म सोसायटी के सदस्य संजीव गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह हिमाचल प्रदेश सरकार का स्वागत योग्य कदम है। इससे कांगड़ा को राज्य की पर्यटन राजधानी के रूप में स्थापित करने के निरंतर प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।



उन्होंने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में 2415 करोड़ रुपए के बजट से अधिक के कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पहले ही घोषित किए जा चुके हैं और पाइपलाइन में हैं। इनमें धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, बनखंडी में अंतरराष्ट्रीय चिड़ियाघर, पौंग डैम में वाटर स्पोर्ट्स की शुरुआत, वेलनेस सेंटर, धर्मशाला में रोलर स्केटिंग रिंक, नगरोटा बगवां और पालमपुर का सौंदर्यीकरण, नई ईको टूरिज्म नीतियां और अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। गांधी ने यह भी कहा कि कांगड़ा में अपार पर्यटन क्षमता है और यह ऐतिहासिक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण रहा है।

## सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा को मिली सेंट्रीफ्यूज मशीन और सैंपल कलेक्शन चेयर : एसएमओ

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा की लेबोरेटरी को सेंट्रीफ्यूज मशीन और सैंपल कलेक्शन चेयर मिलने से यहां आने वाले हजारों मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। एसएमओ कांगड़ा डॉ. अल्पना ने कहा कि यह मशीन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कांगड़ा ब्रांच द्वारा दान की गई है और सैंपल कलेक्शन चेयर समाजसेवी अंकित कुमार द्वारा दी गई है। इसके लिए उन्होंने एसबीआई बैंक मैनेजर रोहिन कुमार और समाजसेवी अंकित कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यह उपकरण दिलाने में डॉ. सुरेंद्र निखिल गुप्ता का विशेष प्रयास रहा इसके लिए उन्होंने डॉ. सुरेंद्र निखिल गुप्ता का भी धन्यवाद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### हंस फाउंडेशन ने 30 रोगियों का स्वास्थ्य जांचा

**राकेश डोगरा, डरोह।** द हंस फाउंडेशन भवारना ब्लॉक-5 की ओर से पंचायत चांदड़-बमियाल के गांव चांदड़ में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान शिविर में डॉ. संगम ने स्थानीय लोगों को कैंसर रोग पर जागरूक किया। इस स्वास्थ्य शिविर में रोगियों के निशुल्क लेब टेस्ट शुगर, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड, खून की जांच की गई। शिविर में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी दीक्षा कुमारी, चिकित्सक संगम, फार्मासिस्ट आकृति, लेब टेक्नीशियन सोनू कुमार और पायलट अनिल कुमार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### परमात्मा की भक्ति के लिए मिला है मानव जीवन: कृष्ण

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** संत निरंकारी मिशन भवन सारनू (शाहपुर )में विशेष सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें निरंकारी मिशन कांगड़ा जोन के प्रभारी कृष्ण चंद धीमान ने साध-संगत को आशीर्वाद दिया। उन्होंने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन दुर्लभ है तथा प्रभु परमात्मा की भक्ति के लिए मिला हुआ है। सद्गुरु से ब्रह्म ज्ञान प्राप्त करके सत्संग सेवा और सिमरन करते हुए जीवन जीना ही वास्तव में भक्ति है। हर मानव को सतगुरु की शरण में जाकर ब्रह्म ज्ञान प्राप्त करके अपना जीवन सफल करना चाहिए, क्योंकि ब्रह्मज्ञान के द्वारा ही जन्म-मरण से मुक्ति प्राप्त होती है। सत्संग में 20 जिज्ञासुओं ने ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति की।

### प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्कूली बच्चों ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए जोर-शोर से अभियान शुरू किया हुआ है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने राजकीय माध्यमिक जट्ट बेली के बच्चों को क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने की शपथ दिलवाई। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कहा कि उक्त अभियान के तहत बच्चों को टीबी ग्रस्त मरीज से दूरी न बनाने का आह्वान किया। साथ ही बताया टीबी की बीमारी अब लाइलाज नहीं रही, बशर्ते इसका पूरा उपचार लिया जाए। उन्होंने स्कूली बच्चों व स्कूल प्रशासन से अपील की कि वे भी अपने आसपास कहीं टीबी के लक्षण रखने वाले मरीज को जानते हैं तो उसकी सहायता को आगे आते हुए स्वास्थ्य विभाग को जानकारी जुटाएं। इस मौके पर डॉ. दीपक अवस्थी, डॉ. रचना शर्मा, अनुपम कुमारी, शबनम सहित हैडटीचर जीवन लाल, मैडम भावना व अन्य उपस्थित रहे।



### संस्कृत भारती संगठन का सम्मेलन 11 से

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** संस्कृत भाषा को जन-जन में व्यवहारिक भाषा बनाने के लिए कार्यरत संगठन संस्कृत भारती के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय सम्मेलन ज्वालामुखी की अग्रवाल धर्मशाला में 11 तथा 12 जनवरी को होगा। संस्कृत भारती हिमाचल प्रांत के प्रचार प्रमुख डॉ. सत्यदेव ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में प्रदेश व देश के लगभग 300 कार्यकर्ताओं के भाग लेने की संभावना है। सम्मेलन में अखिल भारतीय अधिकारियों के मार्ग-दर्शन में आगामी द्विवर्षीय गतिविधियों का निर्धारण एवं आवश्यक विषयों पर परिचर्चा की जाएगी।

### सिद्धपुर सब-स्टेशन के तहत 9 को बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर, कर्म चंद भारती ने सूचित किया है कि 33/11 केवी सब स्टेशन सिद्धपुर में बिजली लाइनों को बदलने हेतु 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान सिद्धबाड़ी, सिद्धपुर, फतेहपुर, बागणी, रक्कड़, तपोवन, डिओल, बरवाल, घियारी पुल, रसाल, बरेह, डिक्टू, धम्मा बरी, शीला, पासू, आईटीआई, झाकड़ी, लोअर बड़ोल, सुक्कड़, योल बाजार, कनेड, नरवाणा, उठड़ावां, कस्बा, छतेहर, सलेट गोदाम, पेट्रोल पंप, ओल्ड पीएनबी बैंक आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्णत: बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

### कांगड़ा पेंशनर्ज संघ की बैठक 11 को

**अनंत ज्ञान, जवाली।** कांगड़ा पेंशनर्ज संघ खंड जवाली की बैठक 11 जनवरी शनिवार को ज्वाला-माता परिसर लव में होगी। जिसकी अध्यक्षता प्रधान सुखदेव शर्मा करेंगे। यह जानकारी संघ के महासचिव रतन चंद धीमान ने दी।

### अर्नी विवि के चांसलर ने पिता की याद में बनवाया शेड

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** अर्नी विश्वविद्यालय के चांसलर, डॉ. विवेक सिंह ने अपने पिता स्वर्गीय श्री उपेन्द्र सिंह की याद में बज्रेश्वरी देवी भोगशाला में एक शेड का निर्माण करवाया है। यह शेड भोगशाला में आने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है, ताकि वे आराम से बैठ सकें। इस पहल से न केवल भक्तों को राहत मिलेगी, बल्कि धार्मिक स्थल की सुंदरता और उपयोगिता भी बढ़ेगी। यह कार्य पुजारी एवं ट्रस्टी सदन शर्मा के माध्यम से प्रशासन की अनुमति से करवाया गया। इस कार्य के लिए सभी पुजारी वर्ग ने डॉ. विवेक सिंह, इशांत जसवाल (एसडीएम कांगड़ा), नीलम राणा (मंदिर अधिकारी) का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)



### ग्रामीण बैंक हारचक्कियां ने दी दो लाख की बीमा राशि

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा हारचक्कियां ने खाताधारक प्रकाश चंद पुत्र भगत राम निवासी गांव तलयाल तहसील ज्वाली के मरणोपरांत उनकी पत्नी सुदेश कुमारी को 2 लाख रुपए की बीमा राशि का चेक प्रदान किया। शाखा प्रबंधक गौरव शर्मा ने बताया कि प्रकाश चंद ने हिमाचल ग्रामीण बैंक की शाखा हारचक्कियां में बचत खाता खोला था, जिसमें उन्होंने मात्र 436 रुपए प्रति वर्ष के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना करवाया था। इसमें मृत्यु के उपरांत नोमिनी को 2 लाख की बीमा राशि प्रदान की जाती है। प्रकाश चंद की मृत्यु के बाद ग्रामीण बैंक अधिकारियों ने 2 लाख की बीमा राशि उनकी पत्नी सुदेश कुमारी को दिलवाई। इस मौके पर शाखा प्रबंधक गौरव शर्मा, सहायक प्रबंधक राकेश कुमार और कार्यालय सहायक चंचल सिंह और शुभम गुलेरिया मौजूद थे।

### मकर संक्रांति पर गायक रघुवंशी करेंगे मां बज्रेश्वरी का गुणगान

**आशीष दमीर कांगड़ा।** जनवरी को जिला स्तरीय नगरकोट मकर संक्रांति घृतमंडल पर्व के मौके हिमाचली सुप्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी नगर परिषद मैदान कांगड़ा में मां बज्रेश्वरी का गुणगान करेंगे। यह जानकारी एसडीएम कांगड़ा आईएएस अधिकारी इशांत जसवाल ने दी। उन्होंने बताया मकर संक्रांति के इस पर्व में 14 जनवरी के दिन कांगड़ा मंदिर में सुप्रसिद्ध गायक लखविंद्र सिंह लक्खा माता की महिमा का गुणगान करेंगे, जबकि 15 जनवरी की सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल के सुप्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी मां के भजनों से मां बज्रेश्वरी की महिमा का गुणगान करने पहुंचेंगे। उन्होंने कहा मकर संक्रांति पर्व के चलते और सुप्रसिद्ध गायकों के आने से मां के भक्तों की संख्या और अधिक बढ़ेगी इसके लिए उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से विशेष प्रावधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया माता के श्रद्धालु भक्तजनों के लिए कार्यक्रम को देखने के लिए एलईडी स्क्रीने भी लगाई जाएंगी जहां पर भक्तजन इस कार्यक्रम का देख सकेंगे। उन्होंने कहा 15 जनवरी के दिन नगर परिषद मैदान को विशेष रूप से सजाया जाएगा जहां माता के मंदिर की झलक देखने को मिलेगी। मंदिर से नगर परिषद मैदान तक शोभा यात्रा भी निकल जाएगी और माता की ज्योति नगर परिषद मैदान में स्थापित की जाएगी जहां श्रद्धालु मां की ज्योति के दर्शन कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

### अरला में युवक से तीन ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत मंगलवार को गाड़ी में एक युवक से तीन ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार भवारना पुलिस की टीम गश्त पर थी कि उन्होंने अरला में गाड़ी नंबर एचपी 94-1753 में युवक से चिट्टा बरामद किया है। युवक की पहचान विजय कुमार पुत्र सुरिंद्र कुमार गांव सेरकाओ तहसील भरमौर जिला चंबा के रूप में हुई है। भवारना थाना के प्रभारी गुरदेव सिंह ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



# रविंद्र रवि ने मंडल कार्यकारिणी सहित मां ज्वाला के दर नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी भाजपा के प्रत्यासी एवं पूर्व मंत्री रविंद्र रवि ने ज्वालामुखी मंडल की नवगठित टीम सहित मां जोतां वाली के दरबार में शीश नवाया। इस अवसर पर जिला देहरा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजय खट्टा, ज्वालामुखी भाजपा मंडल की नवनियुक्त अध्यक्ष सरोज कुमारी, संजय राणा आदि साथ थे।



मां ज्वालादेवी मंदिर में नवगठित मंडल के साथ रविंद्र रवि।

इस अवसर पर रवि ने कहा कि ज्वालामुखी भाजपा में नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों की वजह से भाजपा कार्यकर्ताओं में नए जोश और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। ज्वालामुखी की जनता कांग्रेस के तानाशाही रवैये से तंग आ चुकी है और आगामी चुनावों में पूरे प्रदेश से कांग्रेस सरकार का नामोनिशान मिट जाएगा। भाजपा ज्वालामुखी सहित पूरे प्रदेश में भगवां लहराएगी। सुक्खू सरकार विकास करने की बजाय घोटाले करने पर ज्यादा ध्यान दे रही है।

## बींड और आसपास के क्षेत्र में तेंदुए की दहशत

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** वन परिक्षेत्र रे के तहत पड़ते पड़ती पंचायत पोलियां के बींड व आसपास के क्षेत्र में आजकल तेंदुए की दहशत बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में रात के समय तेंदुआ घूमता हुआ देखा गया है, जिस कारण लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं, विभागीय परिक्षेत्र अधिकारी चैन सिंह ठाकुर के साथ बात की तो उन्होंने कहा कि बीती रात जैसे ही विभाग को पता चला तो टीम उक्त क्षेत्र में गई थी, लेकिन उन्हें तेंदुआ नहीं मिला, फिर भी विभाग की तलाश जारी है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि वह सतर्क रहें व रात के समय अकेले न निकले।

# रात को पहरा दे रहे लोगों को देख भागे वनकाटु

**शालबिया शर्मा, गरली**

करियाडा के गांव जालंधर लाहड़ में वनकाटुओं द्वारा रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सरकारी भूमि मे कुल्हाड़ी व आरा चलाकर 9 खैर के पेड़ों का काट डालने का सनसनी खेज मामला सामने आया है, लेकिन इस दौरान उपरोक्त वनकाटू वहां खैर के काटे हुए पेड़ों को ले जाने में कामयाब हो जाते इससे पहले ही वे अपना आरा कुल्हाडी छोड़कर भाग निकले।

इस दौरान वन विभाग व देहरा पुलिश को सूचना मिलते ही उन्होंने मौके पर पहुंचकर 74 मौछे खैर के बरामद कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रात के समय वहां स्थानिय कुछेक ग्रामीण टोलियां बनाकल अपने खेतों में आवारा पशुओं की रखवाली के लिए पहरा दे रहे थे कि इतने में उपरोक्त स्थानीय ग्रामीणों को साथ लगते जंगल मे पेड़ काटने की आवाजें सुनाई दीं, तो वे अचानक वहां पहुंच गए और अवैध वनकाटू लोगों को देखकर वहां से भाग निकले। स्थानीय ग्रामीणों ने इस वारदात की सूचना पंचायत प्रधान को दी और प्रधान ने इस बारे वन विभाग व पुलिस थाना देहरा को सूचित किया।

इस बारे डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने खैर के 74 मौछे बरामद किए हैं। डीएफओ सन्नी वर्मा ने कहा कि वन भूमि से 9 खैर के पेड़ों को काटा गया है। (अनंत ज्ञान)

### हैप्पी बर्थडे



बड़सू की निशा ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# जिले के 5 होनहार बने एचएएस अधिकारी, बधाइयों का तांता

**अनंत ज्ञान टीम, कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से घोषित किए गए एचएएस परीक्षा के परिणाम में कांगड़ा जिले के 5 होनहारों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम चमकाया है। इन 5 एचएएस अधिकारियों को बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

### लोअर लंबागांव की शिवांशी सूद बनी असिस्टेंट रजिस्ट्रार

**जयसिंहपुर** विधानसभा की पंचायत लोअर लंबागांव से संबंध रखने वाली 25 वर्षीय शिवांशी सूद ने की एचएएस की परीक्षा पास करने के बाद बनी असिस्टेंट रजिस्ट्रार ! शिवांशी सूद की स्कूल शिक्षा बाहरवीं कक्षा तक शिमला से हुई है, उसके बीए, व एमए की पढ़ाई दिल्ली यूनिवर्सिटी से हुई है, साथ में शिवांशी सूद ने यूपीएससी (सिविल सर्विसेज एग्जाम) की परीक्षा भी पास कर ली है, शिवांशी सूद की शादी दो वर्ष पहले लोअर लंबागांव के निवासी श्रय सूद के साथ हुई है, श्रय सूद मर्चेंट नेवी में कार्य करते हैं, श्रय सूद के पिता का नाम दिनेश सूद है, यह पिछले 40 वर्षों से लोअर लंबागांव में मेडिकल स्टोर चलाते हैं, श्रय सूद के माता ग्रहणी है,, शिवांशी सूद ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पति श्रय सूद, सास, ससुर, पिता व माता को दिया है।



### बड़ी बहन के सहयोग से पूरा हुआ सपना : तानिया

**नूरपुर।** नूरपुर ब्लॉक की खैरियां पंचायत के वटनियाल गांव की तानिया कश्यप ने एचएएस अधिकारी बनने की सूचना मिलते ही इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। तानिया कश्यप की कामयाबी से उनके परिवार के साथ-साथ पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। तानिया कश्यप ने अपनी कामयाबी का सारा श्रेय अपने परिवार व विशेषकर अपनी बड़ी बहन रामिशा को दिया है। तानिया ने बताया कि उन्हें जो भी दायित्व मिलेगा वह उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगी।



### बासा के मोहित ने एचएएस परीक्षा उत्तीर्ण कर मां-बाप का नाम किया रोशन

**अनिल छांगू, जवाली।** जवाली उपमंडल के तहत बासा पंचायत के मोहित सिंह राणा ने एचएएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर इलाके का नाम गौरवांवित किया है। मोहित राणा के मामा ने इलाके में लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की, तो पिता सुंदर सिंह राणा व माता नीलम कुमारी ने अपने बेटे की कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उनका बेटा शुरू से ही पढ़ने में बहुत ही होशियार था। उन्होंने बताया कि घर आने पर उनका स्वागत किया जाएगा।



### बणी डांगड़ा के 22 वर्षीय आभास शर्मा ने पास की एचएएस परीक्षा

**जसवां।** परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ती ग्राम पंचायत बणी के डांगड़ा गांव के 22 वर्षीय आभास शर्मा ने एचएएस की परीक्षा पास कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। ज्यों ही परीक्षा का परिणाम निकला आभास के घर में जश्न का माहौल बन गया। आभास के पिता मनोज शर्मा सेहरी प्राइमरी स्कूल में बतौर अध्यापक सेवाएं दे रहे हैं और माता अलका शर्मा गृहिणी हैं। जब इस बारे में आभास से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनकी इस सफलता में उनके माता-पिता, दादी, बहन का बहुत सहयोग रहा है। उनके पिता ने कहा कि आभास बचपन से पढ़ने में बहुत होशियार था, आज एचएएस की परीक्षा पास कर उनके बेटे ने उनका सिर फक्र से ऊंचा कर दिया है। आभास ने बताया कि उन्होंने यूपीएससी के तहत असिस्टेंट कमांडेंट की भी परीक्षा पास की, जिसका इंटरव्यू जून महीने में होगा। आभास की इस उपलब्धि पर विधायक व पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर, कांग्रेस नेता सुरिंद्र मनकोटिया, नेता संजय पराशर, प्रधान बिंदु ठाकुर ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।



### कोटला के राहुल ने एचएएस परीक्षा में 11वां स्थान किया हासिल

**जवाली।** कांगड़ा जिला के जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाली कोटला पंचायत के राहुल धीमान एचएएस बन गए है। राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा दिसंबर माह में घोषित हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा संयुक्त (मुख्य) परीक्षा (एचएएस) में राहुल धीमान ने 11वां स्थान हासिल किया था तथा अब जारी व्यक्तित्व परीक्षा के शेड्यूल में उन्हें एचएएस पद मिला है। राहुल वर्तमान में चंबा जिला के ककीरा में नायब तहसीलदार के पद पर तैनात हैं।



# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : संजय रतन



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** विधायक ज्वालामुखी संजय रत्न ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुटियारा में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। प्रदेश में शिक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने के उद्देश्य से सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक मॉडर्न डे बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा की है। संजय रतन ने कहा कि सरकार का प्रथम लक्ष्य शिक्षा का प्रसार करना है और सरकार की प्राथमिकता है कि हर शिक्षण संस्थान में वे सभी मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो सके जिसके विद्यार्थी हकदार हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों से ज्वालामुखी के बानूए दा खूह में डे बोर्डिंग स्कूल खुलने जा रहा है और इसके प्राइमरी विंग का टेंडर भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर यह डे बोर्डिंग स्कूल बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के बच्चों को अपने घर के नजदीक ही उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य सतीश कुमार द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुटियारा को 21 हजार, प्राथमिक विद्यालय कुटियारा को 5100 रुपए तथा प्राथमिक विद्यालय अप्पर बडोली को 5100 रुपए देने की घोषणा की।

# बालकरूपी विद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय बाल विज्ञान मेले में झटका प्रथम स्थान



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी ने 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान मेला जो कि 3 से 6 जनवरी 2025 को भोपाल में संपन्न हुआ, जिसमें हिमाचल प्रदेश के 16 प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स के लिए 7 विद्यार्थी चयनित हुए थे। जिसमें 8 जूनियर और 8 सीनियर प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स थी।

इस बाल विज्ञान मेले में 700 से अधिक प्रतिभागियों ने पूरे 8 देशों से भाग लिया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी के अध्यापक तिलक राज राणा के मार्गदर्शन में संचित मेहरा और नितिन ने 2 प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स में भाग लिया तथा अपना सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। जिसमें पूरे 8 देशों में संचित मेहरा और अध्यापक तिलक राज राणा द्वारा बनाई प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स आउटस्टैंडिंग साइंटिफिक प्रोजेक्ट रही।

जिला साइंस सुपरवाइजर मैडम मंजू महाजन और सब डिवीजन साइंस को-ऑर्डिनेटर पृथी पाल द्वारा इस उपलब्धि के लिए संचित मेहरा और अध्यापक तिलक राज राणा को बधाई दी और साथ में प्रधानाचार्य राजिंद्र कुमार और स्कूल प्रबंधन समिति के साथ स्थानीय पंचायत प्रधान ने इस उपलब्धि के लिए पूरे प्रदेश और जिला को संचित मेहरा और अध्यापक तिलक राज राणा के साथ बधाई दी।

**पहल** केवल पठानिया बोले-राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता पर दे रही विशेष ध्यान

# सरकार अब एक्सपोजर विजिट के लिए बच्चों को भेजेगी विदेश

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

प्रदेश के साधारण परिवारों से संबंध रखने वाले बच्चों को भी उत्कृष्ट शिक्षा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने प्रदेश में कई नवीन पहल की हैं। राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है। अध्यापकों के साथ-साथ अब बच्चों की भी एक्सपोजर विजिट के लिए विदेशों में भेजा जा रहा है। शहीद अजय सिंह चौहान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटेच्छ के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए स्थानीय विधायक व उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने यह उद्गार प्रकट किए।



उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण उत्सव उसकी प्रगति का एक प्रतीक माना जाता है। विद्यालय के अध्यापकों एवं बच्चों के लिए इस उत्सव का विशेष स्थान होता है। इस समारोह में एक ओर तो विद्यार्थियों को पारितोषिक दिए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर इस उत्सव से विद्यालय के जीवन में एक नई स्फूर्ति और चेतना का संचार होता है। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर साल छात्रों के असाधारण और उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देने और उनकी सराहना करने के लिए आयोजित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि स्कूल के नए भवन एवं आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी के भवन के लिए भी उचित धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने शाहपुर टैलेंट हंट में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अलीजा शर्मा को अपनी ओर से 1100 का नकद इनाम देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने वर्ष भर में शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी, स्मृति चिन्ह तथा नेपाली गुलाब का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य शमशेर भारती ने मुख्यातिथि तथा अन्य गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। केवल पठानिया ने बताया कि डढम्ब-ललेटा-टुंडु-वणुमहादेव सड़क के निर्माण पर 11.32 करोड़ रुपए व्यय होंगे और शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक चालकों के लिए गर्म पानी की सुविधा उपलब्ध



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बरमाणा एसीसी सीमेंट फैक्टरी से सीमेंट ढुलाई कार्य के लिए अधिकृत एशिया की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट सभा बीडीटीएस ने ट्रक मालिकों चालकों-परिचालकों, ट्रक मिस्त्री, कारीगर और अन्य लोगों व पर्यटकों समेत सभी की सुविधा के लिए एक नई पहल की है। ट्रक पार्किंग परिसर में अब नहाने के लिए गर्म पानी की व्यवस्था की गई है। यह सुविधा विशेष रूप से उन सभी लोगों के लिए है, जो रोजाना अपने काम के सिलसिले में ट्रक पार्किंग स्थल पर आते हैं और अपनी लंबी यात्रा के दौरान आराम करना चाहते हैं। इसके लिए 3 लाख 64 हजार रुपए की लागत से सोलर गीजर लगाए गए हैं। सभा के प्रधान जीत राम गौतम और कोषाध्यक्ष बालक राम कपिल ने बताया कि इस पहल से ट्रक चालकों और परिचालकों को अधिक आरामदायक और सुविधाजनक माहौल मिलेगा, खासकर मौसम के हिसाब से गर्म पानी की सुविधा मिलने से उनका अनुभव बेहतर होगा।

### दिव्यांगों को वितरित किए सहायक उपकरण



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, और एलिम्को द्वारा बिलासपुर के किसान भवन में एक दिवसीय निशुल्क सहायता उपकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने सदर और नयना देवी उपमंडल के 140 पात्र दिव्यांगजनों को एडिप और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत सहायक उपकरण वितरित किए। इनमें व्हीलचेयर, कान की मशीन, और विशेष रूप से डिजाइन किए गए मोबाइल फोन सहित अन्य उपकरण शामिल थे। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर में 4655 दिव्यांगजनों को दिव्यांग राहत भत्ता के रूप में वित्त वर्ष के दौरान 76 लाख 12,000 रुपए वितरित किए गए, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को 1710 रुपए प्रति माह और 70 प्रतिशत से कम दिव्यांगजनों को 1150 रुपए प्रति माह प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना के तहत 159 छात्रों को 17,21,000 रुपए वितरित किए गए हैं। साथ ही, विवाह अनुदान योजना के अंतर्गत 16 लाभार्थियों को भी सहायता प्रदान की गई है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, कोऑपरेटिव बैंक बोर्ड के डायरेक्टर सुनील शर्मा, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य कमलेंद्र कश्यप, और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के सदस्य जितेंद्र चंदेल उपस्थित रहे। इस आयोजन में दिव्यांगजनों और उनके परिजनों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और इसे एक प्रशंसनीय कदम बताया।

### धर्मपाल की चंडीगढ़ में इलाज के दौरान मृत्यु



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता पुलिस थाना में बतौर सेवाएं दे रहे धर्मपाल उम्र करीब 55 साल निवासी गांव भेडी डाकघर भडोलीकलां तहसील झंडूता जिला बिलासपुर की सुबह मैक्स अस्पताल चंडीगढ़ में दौरान ईलाज मृत्यु हो गई। आपको बता दें कि धर्मपाल थाना झंडूता में नौकरी करते थे तथा काफी महिनों से बीमारी के कारण घर पर थे। धर्मपाल पंचायत सनीहरा के गांव भेडी के निवासी हिमाचल पुलिस में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। धर्म पाल के आकस्मिक निधन से झंडूता क्षेत्र के लोग दुःखी है। धर्मपाल झंडूता पुलिस थाना के विभिन्न क्षेत्रों में नाके लगाते थे और लोगों को दोपहिया वाहनों पर हेलमेट लगाने को कहते थे। धर्मपाल की झंडूता में एक अच्छी छवि थी। इस पर पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने इनके आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनके अंतिम संस्कार में पुलिस थाना झंडूता की एक टीम शामिल हुई।

### मारपीट मामले में पीड़ित पक्ष ने एएसपी से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** शाहतलाई थाना के अंतर्गत मलांगण में मारपीट मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने उचित कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को लोगों ने पंचायत प्रधान ज्ञान चंद की अगवाई में एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी से मुलाकात की। इन लोगों ने पुलिस प्रशासन को समस्या से अवगत करवाया। लोगों ने कहा कि मारपीट के मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ शाहतलाई पुलिस की ओर से उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके अलावा इस मामले में संलिप्त लोग अभी भी धमकियां दे रहे हैं। पंचायत प्रधान ज्ञान चंद ने कहा कि कुछ शरारती तत्वों के चलते क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए। एएसपी शिव चौधरी ने इन लोगों को आश्वासन किया कि इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बता दें कि शाहतलाई थाना के अंतर्गत मलांगण में कुछ दिन पहले युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें कुछ लोग एक युवक को बड़ी ही निर्दयता से मारपीट कर रहे हैं। पीड़ित पक्ष की ओर से स्थानीय पुलिस में भी अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। लेकिन पुलिस कार्रवाई से पीड़ित पक्ष संतुष्ट नहीं है। जिसके चलते इन लोगों ने एएसपी शिव चौधरी के समक्ष अपना पक्ष रखा है। इस दौरान पंचायत के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# ट्रेडिंग और वाहन खरीद के नाम पर बिलासपुर में लाखों रुपए की ठगी

## मामले में दिल्ली से एक पुलिस अधिकारी का भी नाम आ रहा सामने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला में ट्रेडिंग और वाहन खरीद मामले में एक पंचायत प्रधान व अन्य कई लोग ठगी का शिकार हुए हैं। बिलासपुर जिला की एक पंचायत प्रधान सहित कुछ एक लोगों ने इस मामले पर बिलासपुर पुलिस के पर शिकायत भी दी है। ऐसे में मंगलवार को शिकायतकर्ता व अन्य लोगों को एएसपी शिव कुमार चौधरी के समक्ष पेश किया गया था।

इस दौरान जांच में खुलासा हुआ है कि बिलासपुर शहर के चंपा पार्क में रहने वाला एक व्यक्ति गाड़ियों की खरीद फरोख्त व ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रुपए की ठगी कर चुका है। इस ठगी का शिकार जिला की एक पंचायत का प्रधान भी हो चुका है। साथ ही जांच में पता लगा है कि इस सारे मामले में दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी का नाम भी सामने आ रहा है। इस सारे मामले पर पुलिस जांच में जुट गई है और पुलिस का कहना है कि यह मामला काफी गंभीर है और इस मामले में लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपए की ठगी सामने आ सकती हैं।




आपको बता दें कि बड़ी बात यह है कि ठगों ने जिला की पंचायत प्रधान से भी साढ़े आठ लाख रुपए ठग लिए हैं। इस मामले में दिल्ली में थाना प्रभारी के पद पर तैनात व्यक्ति का नाम भी सामने आ रहा है। जानकारी के मुताबिक चंपा पार्क बिलासपुर के पास रहने वाले एक व्यक्ति और धौलरां निवासी एक युवक ने एक पंचायत प्रधान को ट्रेडिंग करने पैसे कमाने का तरीका बताया और पैसे विनेश करने को कहा। उनकी बातों में आकर प्रधान ने साढ़े आठ लाख रुपए उन्हें दे दिए। बड़ी बात यह रही कि ठगों ने प्रधान की आइडी बनाकर विनेश करने की बजाए कथित तौर पर धौलरां निवासी युवक के नाम की आइडी से निवेश किया। उसके बाद उनके पैसों का कोई अता पता नहीं रहा। जब पैसे लौटाने की बात हुई तो आनाकानी करने लगे।

### पुलिस कर रही जांच : एएसपी

एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि इस मामले में उनके पास शिकायत आई हुई है। पुलिस सारे मामले की जांच में जुटी है। दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। इस मामले में सदर थाना में मामला दर्ज करने के आदेश जारी किए गए हैं।

### टेस्ट ड्राइव के बहाने गाड़ी लेकर फरार

**दूसरे** पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2022 में वह अपनी गाड़ी बेचनी थी। इसको लेकर उसने चंपा पार्क निवासी ने बात की और कहा कि उसका दोस्त दिल्ली में एसएचओ लगा हुआ है। इन लोगों के बीच छह लाख 70 हजार रुपए की डील हुई। यह दोनों लोग दिल्ली में गए। वहां गाड़ी के मालिक को पौने दो लाख रुपए दिए और कहा कि पहले हम टेस्ट ड्राइव लेकर आते हैं। उसके बाद गाड़ी वापस ही नहीं की। जब गाड़ी लौटाने की बात की तो कथित तौर पर थाना प्रभारी उसे धमकाने लगा। बताया जा रहा है कि ठगी के इस गिरोह में जिला के अन्य कई लोगों के साथ भी ठगी की है, जिसकी मौखिक तौर पर सूचना मिल रही है। इस गिरोह ने लाखों रुपए की ठगी की है।

# बरमाणा सीमेंट फैक्टरी से जुड़े ट्रांसपोर्टरों का आरटीओ विभाग के खिलाफ विरोध



बैठक के दौरान मौजूद ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिले की एसीसी सीमेंट फैक्टरी बरमाना से सीमेंट व रॉ मैटेरियल ढुलाई कार्य के लिए अधिकृत एशिया की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट सभा बीडीटीएस के ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों ने आरटीओ (रोड ट्रांसपोर्ट ऑफिस) विभाग के खिलाफ विरोध जताया है।

उनका आरोप है कि गाड़ियों के टैक्स, पासिंग फीस और अन्य शुल्कों की व्यवस्था में अनावश्यक परेशानी उत्पन्न की जा रही है, जिससे वे तंग आ चुके हैं। नए शुल्कों की दिक्कत और बार-बार एनओसी की मांग की जा रही है। ऑपरेटर श्याम लाल ठाकुर ने बीडीटीएस सभा के प्रधान जीतराम गौतम से अपनी व्यथा साझा करते हुए बताया कि गाड़ियों के परमिट और आरसी फीस जमा करने में समस्या आ रही है।

सभा के मुख्य संरक्षक ध्यान सिंह ठाकुर ने विभाग के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ट्रांसपोर्टरों ने 2024 तक सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करवा दिए थे, फिर भी जानबूझकर उन्हें तंग किया जा रहा है।

वहीं बीडीटीएस के प्रधान जीतराम गौतम ने कहा कि ऑपरेटरों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आरटीओ विभाग से संपर्क कर विभाग ने गाड़ियों की लिस्ट मांगी है और विभाग अपने कर्मचारियों को भेजकर बरमाणा स्थित बीडीटीएस कार्यालय में एनओसी संबंधित मामलों का समाधान करेगा। गौतम ने कहा कि जिन ऑपरेटरों की शिकायतें आई है उनकी सूची बनाई जा रही है ताकि जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जा सके।

# अधिकारी स्वच्छता मानकों को बनाए रखने के लिए करें नियमित निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



जिला बिलासपुर में स्वच्छता और पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली के कार्यान्वयन पर एक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त, डॉ. निधि पटेल ने की। बैठक में बताया गया कि ब्लॉक और मंडल स्तर पर सत्यापन प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं।

इस प्रक्रिया में उन रेस्ट हाउस, होटलों और रेस्तरांओं का मूल्यांकन किया गया, जिन्होंने ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली में स्वेच्छा से भाग लिया। कुल 22 प्रतिष्ठानों को रेटिंग दी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रमाणित प्रतिष्ठानों द्वारा स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए और इन मानकों को बनाए रखने हेतु नियमित निरीक्षण किए जाएं।

अनुपालन की मासिक समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में समिति के सदस्यों में अतिरिक्त उपायुक्त, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी और जिला पर्यटन विकास अधिकारी शामिल रहे।

# बिलासपुर में बनेगी हिमाचल की दूसरी स्पेस लैब

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



लैब का उद्घाटन करते राजेश धर्माणी व साथ हैं अन्य।

प्रदेश सरकार में नगर नियोजक आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने मंगलवार को प्रदेश के दूसरे स्पेस लैब और जिला के पहले एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग क्लासरूम का उद्घाटन बॉयज स्कूल, बिलासपुर में किया।

इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते कहा कि यह स्पेस लैब बिलासपुर के शिक्षा सुधार अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विद्यार्थियों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) के प्रति रुचि जगाने के लिए स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि इस स्पेस लैब में ड्रोन, 3डी प्रिंटर, टेलिस्कोप और इसरो मिशन के मॉडल उपलब्ध हैं, जो विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, रोबोटिक्स और एयरोस्पेस तकनीक में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेंगे।

मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि स्पेस लैब की स्थापना के लिए एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर फंड के माध्यम से 12 लाख रुपए का व्यय किया। बिलासपुर में पहला स्पेस लैब स्थापित हो चुका है और जिले में पांच और स्पेस लैब स्थापित करने की योजना है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने जिला बिलासपुर में नए नवाचार कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक को सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री राजेश धर्माणी ने जिला बिलासपुर के पहले एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग (एबीएल) क्लासरूम का उद्घाटन भी किया।

उन्होंने बताया कि उपायुक्त बिलासपुर ने इस स्कूल को गोद लिया है और स्कूल में पहले एक्टिविटी बेस लर्निंग क्लासरूम को स्थापित किया गया है। इस अवसर पर मंत्री ने एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड अंकज शर्मा, ब्रांच मैनेजर पंकज गुलरिया, और एरिया हेड रितेश शर्मा को सम्मानित किया।

### ह्यूमन मैटान्यूमो वायरस का बिलासपुर में अलर्ट जारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ह्यूमन मैटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) की भारत में एंट्री के बाद बिलासपुर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। हेल्थ विशेषज्ञों को मरीज की निगरानी रखने के लिए कहा गया है। जिन मरीजों में इस तरह की समस्याएं दिखेगी उनकी रिपोर्ट चिकित्सक जिला स्वास्थ्य विभाग को करेंगे। जिस इलाके में इस तरह की समस्याओं वाले मरीज ज्यादा मिलते हैं उस इलाके पर स्वास्थ्य महकमें की पूरी निगरानी रहेगी। इस संदर्भ में सोमवार शाम लगभग चार बजे जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ ऑनलाइन मीटिंग भी आयोजित की गई। विभाग को सूचित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि हेल्थ विशेषज्ञों को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

### कांग्रेस जनता के साथ कर रही छल : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** 300 यूनिट फ्री बिजली देने का झांसा देकर सत्ता हथियाकर कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री एवं मंत्री बिजली पर सब्सिडी छोड़ने का नया ढोंग करके जनता के साथ छल के ऊपर छल कर रहे हैं। जनता के साथ किए गए वादों, गारंटियों से उनका ध्यान हटाने की साजिश मात्र है।

यह बात पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कही। गर्ग ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सरकार ने 300 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा करके सत्ता में आने के बाद जनता के साथ छल किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार न केवल अपने वादों से मुकर गई है, बल्कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट फ्री बिजली की सुविधा भी समाप्त कर दी है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 'व्यवस्था परिवर्तन' के नाम पर व्यवस्थाओं का पतन किया है। उन्होंने इसे जनता को गुमराह करने और झूठे वादों की राजनीति करार दिया। गर्ग ने कहा कि सुक्खू सरकार ने विकास कार्यों को ठप कर दिया है।

# डॉक्टर अंबेडकर पर दिए बयान पर गृहमंत्री सार्वजनिक मांगें माफी : तारा चंद



बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

बिलासपुर मुख्यालय पर स्थित सर्किट हाउस में हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की प्रदेशस्तरीय बैठक जिला बिलासपुर के प्रधान एवं सेवानिवृत डीएसपी सीताराम कौंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश महासचिव तारा चंद रणौट ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव तारा चंद रणौट ने कहा कि अभी हाल ही में संसद में देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता एवं भारत रतन बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर को लेकर जो अभद्रता दिखाई है, वह असहनीय है। उन्होंने कहा कि जिस संविधान की शपथ लेकर अमित शाह सांसद और गृहमंत्री जैसे अहम औहदे पर विराजमान हुए है, उसी संविधान निर्माता का अपमान करना किसी भी लिहाज से जायज नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि संयुक्त संघर्ष मोर्चा इसकी कड़ी निंदा और भर्त्सना करता है।

बैठक के बाद संयुक्त संघर्ष मोर्चा का शिष्टमंडल उपायुक्त बिलासपुर और एसपी बिलासपुर से भी मिला तथा उनके माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित करते हुए गृहमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। इस बैठक में जिला महामंत्री नंद लाल आचार्य, अली मोहम्मद, रफी, अब्दुल रहमान, विजय कालिया, मदन कुमार आदि मौजूद थे।

### शहरी इकाई पेंशनर वेलफेयर एसो. घुमारवीं की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शहरी इकाई पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं की विशेष बैठक प्रधान हरि सिंह ठाकुर की अधयक्षता में संपनं हुई।

बैठक में सर्वसहमति से शहरी इकाई की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें प्यारे लाल शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान, हेमराज महाजन को सचिव, बुद्धि सिंह को सहसचिव निक्का राम ठाकुर को उपप्रधान, रणजीत सिंह, बृजेंद्र नाथ, सरदार भाग सिंह को वित सचिव,नरसिंह दास को वित्त सहसचिव, लेखराम कौल को संगठन सचिव, ज्ञानचंद वर्धन, जगरनाथ शास्त्री, अमीचंद, राजिंद्र, निक्का राम को मुख्य सलाहकार हरि राम शर्मा, रविंद्र चौहान को सलाहकार, सरदार धर्म सिंह, रण सिंह, कर्म सिंह, बुद्धि सिंह पुंडीर को लेखा परिक्षक, लेखराम शर्मा को सह लेखा परिक्षक, सुंदर राम को मुख्य संरक्षक, अमरनाथ, सुशील, लेख राम शर्मा, महेंद्र चंदेल को संरक्षक मथुरा राम ,अमरनाथ शास्त्री, जीतराम, लालमन को कार्यकारिणी में लिया गया है ।

# घुमाणी के जितेंद्र चंदेल ने एचएएस परीक्षा में हासिल किया तीसरा स्थान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचएएस) फाइनल परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। वहीं इस बार एचएएस परीक्षा परिणाम में बिलासपुर जिला के घुमारवीं उपमंडल के तहत गांव घुमाणी के जितेंद्र चंदेल ने तीसरा स्थान हासिल किया है। गौरलतब है कि इस बार 20 उम्मीदवारों ने एचएएस परीक्षा परिणाम में बाजी मारी है, जिनमें 9 उम्मीदवार एचएएस के लिए चयनित हुए हैं जबकि 11 उम्मीदवार अन्य पदों के लिए चयनित हुए हैं।

बता दें कि जितेंद्र चंदेल ने तीसरी कोशिश में पहले एचएएस प्री और फिर फाइनल परीक्षा पास कर तीसरा रैंक हासिल किया है। इससे पहले जितेंद्र दो बार प्री परीक्षा पास करने में असफल रहे थे जिसके बाद उन्हें तीसरी कोशिश में एचएएस परीक्षा पास करने के लिए अथाह परिश्रम किया और सफलता हासिल की। वहीं जितेंद्र चंदेल के पिता संतोष चंदेल घुमानी में वर्कशॉप चलाते हैं जबकि माता कमलेश चंदेल गृहणी है। इसके साथ ही जितेंद्र के दोनों भाई हरीश व अक्षय चंदेल पिता के साथ वर्कशॉप में उनका हाथ बटाते हैं।

जितेंद्र चंदेल की प्रारंभिक शिक्षा स्वामी विवेकानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल कंदरौर से हुई है जबकि 11वीं व बारहवीं की पढ़ाई मिनर्वा पब्लिक स्कूल घुमारवीं से हुई है। इसके पश्चात बीएससी मेडिकल की शिक्षा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर से की है और उसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी से एमएससी ज्युलॉजी की डिग्री प्राप्त करने के वर्ष 2020 से बायोकेमिस्ट्री में पीएचडी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**सुविधा** | प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता होगी सुनिश्चित, पोर्टल पर सवालों का देना होगा जवाब

# लाभार्थी अब खुद भी कर सकेंगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए अब लाभार्थी स्वयं भी आवेदन कर सकेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और पात्र लाभार्थियों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से एक नई पहल की है। अब पात्र लाभार्थी स्वयं ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की प्रक्रिया के अंतर्गत लाभार्थी को आवास प्लस पोर्टल पीएमएवाईजी. एनआईसी इन पर जाकर पूछे गए सवालों का जवाब देना होगा। एक बार प्रक्रिया पूरी करने के बाद आवेदन विभाग की सर्वेक्षण साइट पर पंजीकृत हो जाएगा।

लाभार्थी को केवल एक एंड्रॉइड फोन से ईकेवाईसी के तहत आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए एक लाभार्थी एक ही एंड्रायड फोन से पात्र होगा। इस प्रक्रिया के चलते पंचायत प्रतिनिधियों की मनमानी पर रोक लगेगी। इस नई प्रक्रिया के तहत पंचायत प्रतिनिधि लाभार्थी की पात्रता को बिना ठोस प्रमाण के खारिज नहीं कर सकेंगे। अब विभागीय अधिकारी और कर्मचारी सीधे आवेदन की जांच करेंगे और पात्रता सुनिश्चित करेंगे। यदि सर्वेक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या या कोई प्रश्न हो तो लाभार्थी खंड स्तर और जिला स्तर पर दिए गए दूरभाष नंबरों के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।



ईएसओएमएसए विभाग से प्राप्त सूची के अनुसार संभावित घरों को सर्वेक्षण में शामिल किया जाएगा। इस सूची के आधार पर पात्र लाभार्थियों का चयन किया जाएगा और उनकी जानकारी का सत्यापन सर्वेक्षण के माध्यम से किया जाएगा।

बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को घर बनाने के लिए 150000 की राशि प्रदान की जाती है। यह राशि तीन चरणों में जारी की जाती है। पहले चरण में सर्वेक्षण और पात्रता सुनिश्चित होने के बाद प्रथम किस्त मिलती है। इसके बाद निर्माण की प्रगति के आधार पर दूसरी किस्त और प्रक्रिया पूरी होने पर तीसरी किस्त जारी की जाती है। इस पहल का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को आसानी और पारदर्शिता से योजना का लाभ दिलाना है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय सुविधाओं को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी।

### नई पहल होगी कारगर सिद्ध

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण बिलासपुर के परियोजना अधिकारी यशपाल ने बताया यह नई पहल पात्र लाभार्थियों के लिए अत्यधिक कारगर सिद्ध होगी। अब कोई भी पात्र लाभार्थी मकान निर्माण में सरकारी योजना का लाभ उठाने से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी सर्वेक्षण रिपोर्ट का आकंलन कर पात्रता सुनिश्चित करेंगे।

> प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी अब स्वयं भी आवेदन कर सकता है। इसके लिए नई प्रक्रिया शुरू की गई है। ऑनलाइन पोर्टल पर लाभार्थी को कुछ सवालों के जवाब देने के साथ ही अन्य औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। लाभार्थी को केवल एक एंड्रॉइड फोन से ईकेवाईसी के तहत आवेदन करना होगा।
>
> -यशपाल, डीआरडीए पीओ बिलासपुर

### लोक निर्माण विभाग के परिसर में शौचालयों की हालत खराब



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** एक ओर सरकार ने जहां साफ-सफाई के लिए अभियान छेड़ा हुआ है। वहीं झंडूता उपमंडल के लोकनिर्माण विभाग के परिसर में स्थित शौचालयों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। जिससे विभाग में काम करवाने आने वाले लोगों को परेशानी हो रही हैं। सफाई की स्थिति यह है की शौचालयों की सफाई किए हुआ अरसा बीत गया है। ऐसे में यहां गंदगी का आलम यह है कि बदबू और गंदगी से शौचालयों में घुसना मुश्किल हो गया है।

शौचालय पर लाखों की राशि खर्च की गई है लेकिन शौचालयों मे सफाई नहीं करने से शौचालयों में गंदगी फैली है और बदबू पैदा हो रही है। प्रशांत शर्मा ने बताया कि विभाग के टायलेट की स्थिति बेहद दयनीय स्थिति थी।

# खनन और नारकोटिक्स पर लगाम लगाने के लिए टीम हो गठित : धर्माणी



बैठक के दौरान राजेश धर्माणी व साथ हैं अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बचत भवन में जिला में चल रही विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं का कार्य 80 या 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है, उन्हें शीघ्र पूरा करने के लिए संबंधित विभाग प्राथमिकता दें। मंत्री ने निर्देश दिए कि यदि विभाग नए प्रोजेक्ट शुरू करना चाहते हैं या मौजूदा परियोजनाओं में सुधार की आवश्यकता है, तो इसकी जानकारी तुरंत साझा की जानी चाहिए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को कहा कि जिन गांवों के लिए सड़कें स्वीकृत हो चुकी हैं, लेकिन भूमि उपलब्ध न होने से कार्य शुरू नहीं हो पाया है, वहां साइन बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें। इससे लोग भूमि दान के लिए प्रेरित हो सकेंगे। जल शक्ति विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि छोटी जलापूर्ति योजनाओं को बड़ी योजनाओं के साथ जोड़ा जाए, ताकि लोगों को पर्याप्त पेयजल और सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

मंत्री ने पुलिस विभाग से कहा कि खनन गतिविधियों और नारकोटिक्स पर लगाम लगाने के लिए टीम गठित की जाए। उन्होंने पर्यटन परिसर निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि यह जिला और राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। मंत्री ने कहा कि जिला में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हर महीने के पहले गुरुवार को आयोजित की जाएगी।

### बाथरूम में गिरे दिनेश की एम्स में उपचार के दौरान मौत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के गेहडवी क्षेत्र से संबंध रखने वाले दिनेश कुमार पुत्र राम चंद निवासी गांव चंगर डाकघर गेहड़वीं उम्र 47 साल जो तीन जनवरी को बाथरूम में गिर गया था तथा गिरने के कारण बेहोश हो गया था। जिसे उपचार के लिए बिलासपुर अस्पताल ले गए थे।

जहां से बिलासपुर के लिए रैफर किया गया था। इलाज के दौरान दिनेश कुमार की मृत्यु हो गई है। झंडूत्ता पुलिस एम्स अस्पताल बिलासपुर मौके पर पहुंची और मृतक के भाई ज्ञान चन्द के बयान कलमबद्ध किए। ज्ञान चंद ने बताया कि मृतक दिनेश कुमार की मृत्यु बारे इन्हे किसी पर कोई भी शक नहीं है।

मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि तीन जनवरी को दिनेश बाथरूम में गिर गया था। मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद अंतिम संस्कार हेतु इसके परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### 16 से 18 तक 100 पदों के लिए करें साक्षात्कार



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय चंबा द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी कंपनी जैडोरेंट एसआर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पिकर एंड पैकर के 100 पदों को भरा जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि निर्धारित शैड्यूल के अनुसार 16 जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय बालू , 17 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय सुंडला व 18 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय चुवाड़ी के परिसर में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। सभी पद केवल पुरुष उम्मीदवारों के लिए हैं तथा आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक व आयु सीमा 18 से 32 वर्ष निर्धारित की गई है। उम्मीदवार का अंग्रेजी भाषा को पढ़ने में सक्षम होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि चयनित युवाओं को प्रतिमाह 13200 से 17097 रुपए वेतन व अन्य भत्ते दिए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार का विभाग की वेबसाइट www.eemis.hp.nic.in पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। अरविंद सिंह चौहान ने इच्छुक उम्मीदवारों से अपील की है कि वे साक्षात्कार के लिए शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा आदि दस्तावेज लेकर निर्धारित तिथि व स्थानों पर सुबह 10:30 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### फॉरेस्ट नर्सरी बनीखेत का गार्ड क्वार्टर खंडर में तब्दील

**मुकेश कुमार, डलहौजी।** वनमंडल डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत की नर्सरी में फॉरेस्ट गार्ड क्वार्टर जो बीते कई सालों से अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है, जो आज मौजूदा समय में खंडर में तब्दील हो चुका है, जिसको लेकर वन विभाग बीते कई सालों से लेकर आज तक खंडर में तब्दील हो चुके इस भवन के निर्माण को लेकर गंभीर नहीं हुआ है। इस बारे में जब रेंज ऑफिसर राहुल ठाकुर से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि फॉरेस्ट नर्सरी बनीखेत में जो पुराना गार्ड क्वार्टर, जो आज गिर चुका है। इस बारे में उचित दस्तावेज तैयार कर आगे प्रेषित किए जा चुके हैं, ताकि इसे पूरी तरह से नए रूप से तैयार किया जा सके, जैसे ही ऊपर से सकारात्मक निर्देश आते हैं, वैसे ही इसके निर्माण को लेकर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मौजूदा समय में फॉरेस्ट माली नर्सरी के साथ निजी कमरा किराये पर लेकर अपने कार्य को अंजाम दे रहा है, अगर विभाग नए कमरे तैयार कर लेता है, तो माली 24 घंटे नर्सरी के बीचों-बीच रहकर अपनी सेवाएं दे सकेगा। (अनंत ज्ञान)

### महिलाओं के बिना देश का विकास नहीं: शशिलता

**सालबिया शर्मा, गरली।** गरली पंचायत कार्यालय में मंगलवार 7 जनवरी को महिला जागरूक शिविर का आयोजन हुआ। पंचायत प्रधान शशिलता की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि के आलावा क्षेत्रभर की महिलाओं ने भाग लिया।



महिला नारी शक्ति को संबोधित करते हुए शशिलता ने कहा कि आज देशभर की तमाम महिलाओं को जागरूक होने व आत्मनिर्भर बनने की खास जरूरत है। महिलाओं के बगैर देश का विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि क्षेत्र, राज्य व समाज के विकास में महिलाओं का योगदान बहुत जरूरी है। महिलाएं समूह बनाकर सरकारी विभागों, शिक्षा, स्वास्थ्य, वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्रों, बैंकों लघु उद्योगों सहित विभिन्न तरह के योजनाओं व संस्थाओं से जुड़ गांव की संपूर्ण विकास की ओर अग्रसर हों जिससे नए समाज का विकास हो सके।

# बनीखेत के नालों में लगे कूड़े के अंबार

## ग्राम पंचायत बेबस, नाले की सफाई नहीं हुई तो फैल सकती हैं बीमारियां

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीखेत के वार्ड नंबर 4, 5 एवं 6 से गुजरने वाला नाले में कूड़ा करकट के अंबार देखने को मिल रहे हैं। हालांकि, स्थानीय पंचायत कूड़े को लेकर काफी सजग है फिर भी स्थानीय लोग गुपचुप तरीके से अपने घरों का कूड़ा करकट सीधा नाले के हवाले कर रहे हैं जिससे नाले की स्थिति बद से बदतर नरक में तब्दील हो गई है।

गर्मियों का आगमन शुरू हो गया है और जो स्थिति नाले की बनी हुई है, उससे ऐसा लग रहा है कि आने वाले समय में इस नाले की अगर साफ-सफाई नहीं करवाई गई तो यही नाला परस्पर जुड़े तीनों वार्डों के लोगों को कूड़ा करकट से पैदा होने वाली कई भयंकर कर बीमारियों से ग्रस्त कर देगा।

इस बारे में जब स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत ने ग्राम पंचायत बनीखेत में साफ सफाई को लेकर पंचायत स्तर पर के जागरूकता अभियान भी चलाएं जिसमें उन्हें अपने घरों के कूड़े को किस प्रकार ठिकाने लगाना है, उस बारे में जागरूक भी किया, किंतु स्थानीय लोग बार-बार अपने घरों का कूड़ा सीधा नालों के हवाले कर रहे हैं, जिससे भविष्य में बीमारियों का तो खतरा रहेगा। साथ ही बनी खेत की खूबसूरती में भी काले धब्बे का काम करेगा।

प्रधान अरुण राणा ने भी इस कूड़ा करकट को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन को बनीखेत, पुखरी में बीते कुछ से समय में आबादी लगातार बढ़ रही है। अचानक होटल व्यवसाय को बढ़ावा मिला, जिससे होटल की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है, लेकिन इस आबादी के मद्देनजर कूड़े को सही ठिकाने लगाने के लिए प्रशासन की ओर से अभी तक कोई खास इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिसका नतीजा जो लोग है कि वे अपने घरों का कूड़ा सीधा नालों के हवाले कर रहे हैं। हालांकि, बनीखेत पंचायत द्वारा जगह-जगह चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं लेकिन उसके बावजूद भी लोग बिना किसी खौफ के कूड़ा करकट नालों के हवाले कर रहे हैं।

बताते चलें कि ये हाल सिर्फ बनीखेत पंचायत का नहीं है, बल्कि क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में कूड़े की समस्या सर उठती जा रही है और जो आने वाले समय में विकराल होकर लोगों को भयानक बीमारियों से ग्रस्त कर देगी। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी

**इस** बारे में जिला प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी चंबा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह इस समय-समय पर छापामारी कर लोगों को जुर्माना लगाकर प्रदूषण के खिलाफ सबक सिखाते रहते हैं। भारी जुर्माना लगाने के बावजूद भी अगर लोग कूड़े को सीधा नालों के हवाले कर रहे हैं तो यह एक चिंता का विषय है।

# किसान 31 तक करवाएं आलू फसल का बीमा : डॉ. भूपिंद्र

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कृषि उपनिदेशक चंबा डॉ भूपिंद्र सिंह ने बताया कि जिला चंबा के भरमौर, पांगी, सलूणी, तीसा तथा चंबा ब्लाक के किसान मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी मौसम 2024-25 के लिए 31 जनवरी 2025 तक प्राकृतिक कारणों से आलू की फसल के नुकसान के लिए बीमा करवा सकते हैं। जिसके लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी को अधिकृत किया गया है।



उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत किसानों के लिए पंजीकरण करवाना बहुत ही आसान है। इसके लिए किसान नजदीकी लोक मित्र केंद्र, बैंक अथवा जन सेवा केंद्र में जाकर या पोर्टल के माध्यम से अपनी एक फोटो, पहचान पत्र, बैंक पासबुक, तथा खेत की जमाबंदी इत्यादि दस्तावेजों से पंजीकरण करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ऋणी किसानों की फसल का बीमा किसान की इच्छा जानने के बाद बैंक द्वारा किया जाता है। आलू की फसल का बीमा करवाने के लिए किसान को 500 रुपए प्रति बीघा की दर में प्रीमियम देना होगा तथा प्राकृतिक कारणों मे फसल को नुकसान होने पर नुकसान का आंकलन करने के बाद अधिकतम राशि 10 हजार रुपए प्रति बीघा की दर से भरपाई की जाती है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान रबी मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 15 दिसंबर तक गेहूं व जौ की फसलों अंतिम तारीख थी, जिसे अब बढ़ाकर केवल ऋणी किसानों के लिए 15 जनवरी 2025 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्य हेतु केशमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी को अधिकृत किया गया है।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान अपने नजदीकी खंड स्तरीय कृषि कार्यालय अथवा कार्यालय कृषि उप निदेशक चंबा के अलावा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के जिला प्रतिनिधि भुवनेश कुमार के मोबाइल नंबर 98166-27278 व कश्मा जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि मदन कुमार के मोबाइल नंबर 82194-38857 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# हत्या के आरोपी पुलिस वालों का रिमांड 11 जनवरी तक बढ़ा

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पर्यटन नगरी डलहौजी के बनीखेत में होटल नेचर वैली में जीएम राजेंद्र मल्होत्रा की हत्या तथा उनके सहयोगी मैनेजर सचिन ठाकुर को गंभीर रूप से घायल करने के आरोपीयों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम डलहौजी में पेश किया गया।

बता दें कि दोनों आरोपी पुलिस जवानों को 11 तारीख तक पांच दिन का रिमांड बढ़ा दिया गया है। मेडिकल कॉलेज चंबा में उपचाराधीन पुलिस जवान को व्हील चेयर के जरिये न्यायालय में लाया गया। पुलिस रिमांड के दौरान अब दोनों आरोपियों की गहनता से पूछताछ हो सकती है। वहीं, होटल नेचर वैली में सीआईडी की टीम ने पहुंचकर जांच परिक्रिया को अंजाम दिया, जहां उन्होंने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो वहीं होटल स्टाफ से भी पूछताछ की।

बता दें कि इस मामले को लेकर सीआईडी विभाग किसी तरह की कोताही बरतता नजर नहीं आ रहा है। वहीं, पीड़ित परिवार सीबीआई जांच की मांग पर ज्यों के त्यों अड़े हुए हैं। इस हत्याकांड को लेकर बुधवार को कैंडल मार्च का आयोजन किया जा रहा है जो डलहौजी सुभाष चौक से गांधी चौक तक निकाला जाएगा, जिसमें शिव शक्ति यूथ क्लब तथा डलहौजी होटल एसोसिएशन के परस्पर सहयोग से अंजाम दिया जा रहा है।

# शराब के ठेके में चोरी, लाखों की नकदी सहित महंगी शराब की बोतलों पर हाथ किया साफ

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी गांधी चौक में बीती रात शराब के ठेके में चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार आज सुबह जब ठेका कर्मियों रोजाना की तरह अपनी तय समय अनुसार ठेके पर पहुंचे तो पाया कि उसके ताले टूटे हुए हैं तथा ठेके के अंदर लगाया गया सीसीटीवी भी तोड़ दिया गया है।

इस बात की जानकारी तुरंत ठेका कर्मियों ने पुलिस को दी तथा पुलिस ने बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर पाया कि ठेके पर रखा लाखों का कैश तथा कुछ महंगी शराब की बोतलें गायब हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बारे में थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने बताया कि इस मामले से जुड़े हर पहलू की पुलिस ने गंभीरता से जांच की। शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है और जल्द ही इस मामले को सुलझा कर दोषियों को हवालात में पहुंचाया जाएगा।

# 'आश्रय' ने आकांक्षी चंबा जिले के 15 गांवों को आदर्श गांव बनाने का उठाया बीड़ा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में समग्र ग्रामीण विकास के उद्देश्य को लेकर स्वयंसेवी संस्था आश्रय ने आकांक्षी चंबा जिले के 15 गांवों को आदर्श गांव बनाने की मुहिम छेड़ी है। इसके लिए पिछले 6 माह से फील्ड स्तर पर कार्य किया जा रहा है तथा आज इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक लांचिंग चंबा के बचत भवन से की गई। इस अवसर पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की।

इस अवसर पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि एचडीएफसी परिवर्तन के साथ मिलकर स्वयंसेवी संस्था आश्रय ने चंबा जिला में एक प्रोजेक्ट चलाया है जिसका आज उद्घाटन किया गया है। समग्र ग्रामीण विकास के उद्देश्य से चंबा जिले के 15 गांवों को चुना गया है जिसमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को स्थायी आजीविका सृजन के लिए विभिन्न अवसर उपलब्ध करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत मुख्य रूप से सामुदायिक लामंबदी पर फोकस किया जा रहा है। वहीं, कृषि विविधिकरण पर फोक्स करने के साथ-साथ चंबा के स्थानीय उत्पादों व कला को किस प्रकार से आजीविका के साथ जोड़ना है, इस पर भी कार्य किया जा रहा है।

इस मौके पर स्वयं सेवीसंस्था आश्रय की निदेशक जिनेशा धारानी ने कहा कि 3 साल के भीतर चंबा के 15 गांवों को आदर्श गांव बनाया जाएगा ताकि आसपास के गांव भी इससे प्रेरणा लें तथा इनके जैसा बनने के प्रयास करें। उनका मुख्य उद्देश्य स्थायी गांव बनाना है ताकि वहां के लोग सशक्त हो सकें। इस मौके पर एडीसी अमित मैहरा, एसडीएम प्रियांशु खाती भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# गृह कर पर चर्चा के लिए बुलाई पार्षदों की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम मंडी द्वारा गृहकर उप नियमों की समीक्षा व चर्चा के लिए पार्षदों की बैठक 10 जनवरी को साढ़े ग्यारह बजे तय की गई है। यह जानकारी निगम आयुक्त एचएस राणा ने दी।

उन्होंने बताया कि इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आज उनके द्वारा प्रस्तावित गृहकर के मसौदे पर आम लोगों की आपत्तियों पर सुनवाई की गई। इन सभी आपत्तियों व सुझावों पर भी इस बैठक में चर्चा की जाएगी।

उधर नेला वार्ड के पार्षद राजेंद्र मोहन ने बताया कि उन्होंने भी एक आम नागरिक की हैसियत से नगर निगम के पुराने व मर्ज किए गए एरिया में गृह कर लगाने पर आपत्ति दायर की हुई है। उन्होंने बताया कि आज सुनवाई के दौरान निगम आयुक्त के समक्ष उन्होंने और अन्य लोगों ने अपना पक्ष मजबूती के साथ रखा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित नियम में पूरे नगर निगम एरिया को केवल ए और बी दो स्लैब में ही बांटा हुआ है। जो कि ठीक नहीं है।

### आम लोगों की आपत्तियों व सुझावों पर की सुनवाई

उन्होंने कहा कि यह एबीसीडीई स्लैब में विभक्त होना चाहिए और इसमें जमीनी सच्चाई का मूल्यांकन करने के बाद ही गृहकर लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे फोर लेन के आसपास के एरिया को ए श्रेणी में रखा हुआ है जबकि हाल ही में जो फोर लेन का निर्माण हुआ है वहां से किसी भी होटल दुकान या अन्य कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को रास्ता ही नहीं है तो उनकी आमदनी कैसे बढ़ेगी ? साथ में उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि खेतीबाड़ी की जमीन पर टैक्स नहीं होगा लेकिन जो गांव में आंगन होता है वहां पर अपनी संस्कृति के संरक्षण व त्यौहार के आयोजनों के लिए उसका उपयोग होता है।

यही नहीं फसल को काटकर वहां पर सुखाने और साफ करने का काम भी होता है। इसलिए घरों के पास आंगन को भी कृषि भूमि ही माना जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि विधवा, दिव्यांग जन, एकल महिला, कैंसर पीड़ित, किडनी ट्रांसप्लांट आदि जैसे व्यक्तियों को हाउस टैक्स से पूरी छूट मिलनी चाहिए।

### सूडोकु 0040 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0039 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

8 जनवरी, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** नवमी (2:28): **नक्षत्र** अश्विनी (04:30), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** सिद्ध (8:23) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:27 - 01:45)।

**विशेष दिन**

- 8 जनवरी : अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस आज।
- 9 जनवरी 2025 : प्रवासी भारतीय दिवस कल।

**मेष:** तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि ये आपकी सेहत पर असर डाल सकते हैं। चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फंसने से बचें।

**वृषभ:** समस्याएं आज आपके मानसिक सुख को नष्ट कर सकती हैं। अतिरिक्त आय के लिए अपने सृजनात्मक विचारों का सहारा लें।

**मिथुन:** जेवर और एंटीक में निवेश फायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। पारिवारिक सदस्यों से मतभेद खत्म कर उद्देश्यों की पूर्ति आसानी से कर सकते हैं।

**कर्क:** खेलों और आउटडोर गतिविधियों में भागीदारी आपकी खोयी ऊर्जा को फिर से इकट्ठा करने में आपकी मदद करेगी।

**सिंह :** आज का दिन ऊर्जा से भरा दिन नहीं है और आप छोटी-छोटी बातों पर झुंझलाएंगे। घूमने-फिरने और पैसे ख़र्च करने के मूड़ में होंगे।

**कन्या :** आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा-पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें। अपना नज़रिया थोपने की कोशिश न करें।

**तुला:** अपने ऊंचे आत्मविश्वास का आज सही इस्तेमाल करें। भागदौड़ भरे दिन के बावजूद आप फिर ऊर्जा और ताज़गी पाने में क़ामयाब रहेंगे।

**वृश्चिक:** सेहत से जुड़ी परेशानियां असहजता का कारण बन सकती हैं। केवल एक दिन को नज़र में रखकर जीने की अपनी आदत पर क़ाबू करें ।

**धनु:** रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-ख़ासा मुनाफ़ा देंगे। अपने परिवार की भलाई के लिए मेहनत करें। प्यार और दूरदृष्टि की भावना होनी चाहिए।

**मकर :** भरे-पूरे और संतुष्ट जीवन के लिए अपनी मानसिक दृढ़ता में वृद्धि कीजिए। दूसरों को प्रभावित करने के लिए ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्चा न करें।

**कुंभ :** कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। हिम्मत न हारें और इच्छित फल पाने के लिए मेहनत करें। नाकामियों को तरक़्क़ी का आधार बनाएं।

**मीन :** धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है। आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी।

# बागवानी क्षेत्र में सुधार और नवाचार की लगी उम्मीदें



**अनंत ज्ञान, मंडी**

उद्यान विभाग के उपनिदेशक उद्यान डॉ. संजय गुप्ता की अगुवाई में डॉ. राजेश शर्मा व डॉ. अनिल ठाकुर विषयवाद विशेषज्ञ तथा डॉ. शिक्षा, डॉ. शिवाली, डॉ. कविता शर्मा व डॉ. अनुपमा ने चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण 6 से 9 जनवरी तक छत्तीसगढ़ रायपुर स्थित वीएनआर संस्थान के भ्रमण पर हैं।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को बागवानी क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी प्रगति, शोध और सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत कराना है, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में सुधार और नवाचार कर सकें। भ्रमण के दौरान दूसरे दिन अधिकारियों ने संस्थान के विभिन्न विभागों का दौरा किया, जहां उन्होंने उन्नत कृषि तकनीकों, सिंचाई प्रणालियों, फसल प्रबंधन और बागवानी के नवीनतम तरीकों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। वीएनआर संस्थान के डॉ. देवेश शुक्ला ने संपूर्ण जानकारी दी। इस यात्रा से अधिकारियों को बागवानी से जुड़ी समस्याओं के समाधान के नए दृष्टिकोण और तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा, जो बागवानी कार्यों में सुधार लाने में सहायक सिद्ध होगा।

### अधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के वीएनआर संस्थान में शैक्षणिक भ्रमण पर

# तहसीलदार डॉ. अनिल के पिता का हार्ट अटैक से निधन

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के तहसीलदार डॉ. मुकुल अनिल शर्मा के पिता अनिल शर्मा (64) का सोमवार को साइलेंट हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। वह कस्टम और एक्साइज विभाग से सेवानिवृत्त थे। अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह उनके पैतृक गांव पचरुखी में किया जाएगा।

डॉ. मुकुल शर्मा परिवार सहित 31 दिसंबर को अयोध्या दर्शन के लिए गए थे। वापसी के दौरान चंडीगढ़ के पास अनिल शर्मा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तुरंत पीजीआई चंडीगढ़ ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

निधन पर विधायक प्रकाश राणा, कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर, एसडीएम मनीष चौधरी, नायब तहसीलदार प्रिंस धीमान, बार एसो., व्यापार मंडल, प्रेस क्लब जोगिंद्रनगर और पंचायत प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है।( अनंत ज्ञान)

# ज्ञानचंद ठाकुर को अध्यक्ष और टेकचंद सकलानी को मिली महासचिव की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



भूतपूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण एसोसिएशन की कार्यकारिणी सामूहिक चित्र में।

भूतपूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण एसोसिएशन जिला मंडी के चुनाव होटल शिवविलास में आयोजित किए गए। चुनाव प्रक्रिया की देखरेख सेवानिवृत्त कमांडेंट बीएस सस्वाल ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया गया, जिसमें ज्ञान चंद ठाकुर को अध्यक्ष, टेक चंद सकलानी को महासचिव, विशदास को, कैशियर, संदेश पठानिया को उपाध्यक्ष, सरवन कुमार को सह महासचिव, कुलदीप ठाकुर आटीवीपी को उपाध्यक्ष, रामचंद्र एसएसबी को उपाध्यक्ष, हेमराज बीएसएफ को उपाध्यक्ष, प्रेम सिंह सीआरपीएफ को उपाध्यक्ष, भीखम राम सीआईएसएफ को उपाध्यक्ष चूना गया। इस अवसर पर एसोसिएशन ने अर्धसैनिक बलों के भूतपूर्व जवानों के कल्याण और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्धता जताई।

### बैठक में एसोसिएशन की गतिविधियों पर किया विचार

बैठक के दौरान सदस्यों ने एसोसिएशन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श किया।

# क्षेत्र की परिक्रमा पर निकले पहाड़ी वजीर देव पशाकोट

**अनंत ज्ञान, सुखबाग**

चौहार घाटी और छोटा भंगाल घाटी देवी-देवताओं की घाटी है। यहां के लोगों की अपने देवी-देवताओं के प्रति अथाह प्रेम भावना व पूर्ण आस्था है।

ये आराध्य देवी-देवता न केवल लोगों द्वारा उनके मंदिर में आकर ही लोगों के दुखों का निवारण करते हैं। सदियों से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए घाटी में देव गहरी व देव पशाकोट हर तीन वर्ष बाद तथा घाटी के देवादि देव हुरंग नारायण हर पांच वर्ष बाद अपने-अपने क्षेत्र की परिक्रमा करते हैं, जिसके चलते इस बार भी घाटी के



स्थित वर्षा के देवता माने जाने वाले तथा पहाड़ी वजीर के नाम से ख्याति अर्जित करने वाले आराध्य देवादि देव पशाकोट अपने पूरे लाव लशकर तथा अपने देवलुओं सहित उनके अधीन आने वाले क्षेत्र की परिक्रमा करने के लिए हुए हैं।

जानकारी के अनुसार देव पशाकोट गत माह मंघर पूर्णिमा को अपने मूल स्थल मठी वजगाण से निकल कर क्षेत्र की परिक्रमा के लिए निकले हुए हैं।



# छोटा भंगाल व चौहार घाटी में एक साथ मनाते हैं लोहड़ी

**अनंत ज्ञान, सुखबाग**

छोटाभंगाल व चौहार घाटी में लोहड़ी पर्व एक सप्ताह पहले ही आरंभ हो जाता है और पूरे सप्ताह लगातार अलग अलग त्योहार मनाए जाते हैं। इन घाटियों में त्योहार मनाने की अनौखी परंपरा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दोनों घाटियों में इस वर्ष लोहड़ी का पर्व खास तरीके से मनाया जाएगा।

14 जनवरी को मनाई जाने वाली लोहड़ी मकर संक्राति की रात को घाटियों के समस्त लोग अपने घरों में कई प्रकार के स्वादिष्ट पकवान बनाकर अपने परिवार सहित खाएंगे और 14 जनवरी को मकर संक्रांति को सुबह लोग कुल देवी -देवताओं की पूजा करने के बाद घरों में स्वादिष्ट पकवान, राजमाह व खिचड़ी बनाकर संबंधियों व पड़ोसियों के साथ मिल बैठकर खाने का भरपूर आनंद लेंगे। दोनों घाटियों में लोहड़ी पर्व करीब एक सप्ताह तक मनाया जाएगा। छोटाभंगाल घाटी की लोहड़ी मकर संक्रांति के दिन सुबह बड़ों के चरण छूकर व गले मिलने से शुरू होती है। लोग मकर संक्रांति के दूसरे दिन छोटा भंगाल घाटी के कुछ गांवों के लोग सरला नामक लोकल पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाएंगे। इस पर्व को लेकर छह-सात दिन तक गांवों में 10 से 15 परिवार एकत्रित होकर खाने-पीने की सामग्री एक चुनिंदा घर में लाते हैं तथा गांव के सारे लोग खूब मस्ती करते हैं।

इस घाटी के लोग लोहड़ी के पर्व को मकर संक्रांति की पहली रात व मकर संक्रांति के दिन ही स्वादिष्ट पकवान बनाते हैं तथा मकर संक्रांति की सुबह सबसे पहले कुल देवी-देवताओं की पूजा के बाद खिचड़ी बनाकर पड़ोसियों के साथ मिलकर आनंद उठाते हैं।

### स्वादिष्ट पकवान का सात दिन तक एक घर में एकत्र होकर उठाते हैं लुत्फ

### कोलू-कोलू का त्योहार

**लोहड़ी** के तीसरे दिन कुछ गांवों में कोलू-कोलू का लोकल त्योहार भी मनाया जाता है। कोलू-कोलू के दिन गांव के सभी लोग घरों में आटे के छोटे गोले बनाकर एक चुनिंदा घर के आंगन में एकत्रित होते हैं तथा गांव के हर परिवार की एक महिला आंगन में ऊंचे से स्थान पर खड़े होकर आंगन में खड़े लोगों पर कोलू-कोलू का राग लगाकर गोले फैंकती हैं। मान्यता है कि इस दौरान जो व्यक्ति जितने ज्यादा गोले पकड़ता है, भविष्य के लिए उसे तथा उसके परिवार को ज्यादा सुख-शांति प्राप्त होती है। दोनों घाटियों में लोहड़ी का यह पर्व लगभग एक सप्ताह के बाद पूरे विधि विधान के साथ समाप्त हो जाता है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं, हिमा देवी उपनाम कृष्णी (48 वर्ष) पत्नी श्री जय लाल निवासी गांव घेरा डाकघर घोघण, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि ग्राम पंचायत रिकॉर्ड में मेरा नाम कृष्णी दर्ज है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम हिमा देवी है। हिमा देवी और कृष्णी एक ही महिला के नाम हैं। सभी संबंधित नोट करें।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं, दर्शना देवी (70 साल) पत्नी स्व. श्री धनी राम, निवासी गांव नालनी, डाकघर मलोह, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरे पति के पेंशन रिकॉर्ड में मेरा नाम दर्शनी देवी दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम दर्शना देवी है। सभी संबंधित नोट करें।

**कर्म** वह आईना है जो हमारा स्वरूप हमें दिखा देता है। अत: हमें कर्म का एहसानमंद होना चाहिए। –विनोबा भावे

## संपादकीय

# नक्सलवाद जटिल समस्या

नक्सलवाद एक जटिल और गंभीर समस्या बन गई है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट से डिस्ट्रिक रिजर्व गार्ड के जवानों को शहीद कर फोर्स को बहुत बड़ा नुक्सान पहुंचाया है। एक जवान को तैयार करने में कड़ी मेहनत लगती है और लाखों रुपए खर्च होते हैं। आखिर देश में नक्सलवाद कम क्यों नहीं हो रहा है? हालांकि, पिछले कुछ सालों में नक्सलवाद से प्रभावित राज्यों की संख्या में कमी आई है, लेकिन अभी भी कई राज्य इसके प्रभाव में हैं। वर्तमान में 11 राज्यों के 90 जिले नक्सलवाद से प्रभावित हैं। इन राज्यों में से कुछ प्रमुख राज्य हैं आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ झारखंड, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना। आंध्र प्रदेश में नक्सलवाद की समस्या काफी पुरानी है। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के सबसे ज्यादा प्रभाव में है। झारखंड के कई जिले भी प्रभाव में हैं। बिहार में भी नक्सलवाद की समस्या काफी गंभीर बनी हुई है। इन राज्यों में नक्सलवाद की समस्या को कम करने के लिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियां कई कदम उठा रही हैं।

नक्सलवाद का समाधान एक साथ कई दिशाओं में काम करने से ही संभव है। नक्सलवाद की जड़ें अक्सर गरीबी, बेरोजगारी और विकास की कमी में होती हैं इसलिए सरकार और अन्य संगठनों को इन क्षेत्रों में विकास के कार्यक्रम चलाने चाहिए और रोजगार के अवसर प्रदान करने चाहिए। शिक्षा और जागरूकता नक्सलवाद के खिलाफ लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लोगों को नक्सलवाद के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें शिक्षा के माध्यम से सकारात्मक दिशा में मार्गदर्शन करना आवश्यक है। नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करना तो बेहद आवश्यक है। पुलिस और सुरक्षा बलों को नक्सलवादियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और कानून व्यवस्था को बनाए रखना चाहिए। यह भी सर्वविदित है कि नक्सलवाद अक्सर सामाजिक और आर्थिक असमानता की वजह से पनपता है इसलिए सरकार और समाज को सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देना चाहिए और गरीबी और असमानता को कम करने के लिए काम करना चाहिए। नक्सलवाद के समाधान के लिए संवाद और समझौता भी महत्वपूर्ण है।

सरकार और नक्सलवादियों के बीच संवाद और समझौता से समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का दावा कई बार करते रहे हैं, लेकिन नक्सलियों की प्लानिंग बहुत उम्दा दर्जे की होती है और वह हमेशा घात लगाकर वार करते हैं। नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाने और राज्यों को नक्सलवाद से मुक्त कराने का संकल्प सभी प्रभावित राज्य सरकारों को लेना चाहिए। हाल के दिनों में कई राज्यों की सरकारों ने नक्सलियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर यह साबित भी किया है। नक्सली अक्सर विकास में बाधक बनते रहे हैं। कई बड़े नक्सलियों ने हाल के दिनों में आत्मसमर्पण भी किया है, वहीं कई मारे गए या गिरफ्तार हुए। हालांकि, अभी भी नक्सली थोड़े-थोड़े समय बाद दोबारा सिर उठाते रहते हैं, इसलिए नक्सली समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने तक इनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करनी होगी। राज्यों के विकास के लिए औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना समय की मांग है।

उद्योगपतियों को यह भरोसा दिलाना जरूरी है कि उन्हें यहां भयमुक्त वातावरण मिलेगा। यदि राज्य सरकारें वहां के स्थानीय नेता और केंद्र सरकार सभी मिलकर कार्य करें तो नक्सलवाद को पूर्णतया खत्म किया जा सकता है, लेकिन यह भी कटु सत्य है कि कभी भी कोई सरकार नहीं चाहेगी कि नक्सलवाद खत्म हो जाए। दरअसल, नक्सलवाद के पीछे ही सरकारें अपने वोट बैंक बनाती हैं, इसलिए भारत में आज तक संपूर्ण रूप से नक्सलवाद खत्म नहीं हो पाया नहीं तो नक्सलवाद को खत्म करना इतनी बड़ी बात नहीं है। भारत के जवानों का और सिपाहियों का तो सरकारें सिर्फ वोट बैंक के लिए इस्तेमाल करती हैं। यदि नेता और राजनीतिक पार्टियां अपने कुलसिल मंसूबों को त्यागकर देशहित को सर्वोपरि रखें तो इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत में संपूर्ण रूप से नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। पढ़े-लिखे और निस्वार्थ नेताओं को देश के विकास के बारे में सोचना चाहिए। जनमानस को शिक्षित करना पड़ेगा तथा उनसे ज्यादा से ज्यादा संपर्क बनाना होगा तभी किसी सार्थक नतीजे पर पहुंचा जा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री

**नंदा** भारतीय फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री थीं। उन्होंने हिंदी और मराठी फिल्मों में विशेष रूप से कार्य किया। अपने समय की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में नंदा का नाम भी लिया जाता है। 60 और 70 के दशक की इस अदाकारा ने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। बाद में वे सफल नायिका बनीं और फिर चरित्र अभिनेत्री। इनके पिता का नाम विनायक दामोदर था, जो मराठी फिल्मों के एक सफल अभिनेता और निर्देशक थे। विनायक दामोदर 'मास्टर विनायक' के नाम से अधिक प्रसिद्ध थे। नंदा अपने घर में सात भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं। उनको अपने पिता का प्यार अधिक समय तक नहीं मिल सका। अभिनेत्री नंदा ने अपने समय के मशहूर अभिनेता शशि कपूर के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया है। फिल्मों में लगातार असफल होने के बावजूद नंदा का विश्वास शशि कपूर में बना रहा। आखिर में सूरज प्रकाश निर्देशित फिल्म 'जब-जब फूल खिले' वर्ष 1965 में प्रदर्शित हुई। इस फिल्म का एक गीत था- 'एक था गुल और एक थी बुलबुल' के द्वारा कही गई रोमांटिक कहानी ने सिल्वर गोल्डन जुबली मनाई। शशि कपूर और नंदा की सफल जोड़ी बाद में भी कई फिल्मों में दोहराई गई। उन्होंने शादी नहीं की। इसके बाद 1992 में अपने साथियों के कहने पर उन्होंने फिल्म निर्माता मनमोहन देसाई से सगाई की, लेकिन दुर्भाग्य से शादी से पहले ही मनमोहन देसाई छत से नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई। ■



नंदा
जन्म : 8 जनवरी, 1938
मृत्यु : 25 मार्च, 2014

## कविता

### मोबाइल की हैसियत



रवींद्र कुमार शर्मा

*कैसा जमाना आया आज*
*आदमी क्या से क्या हो गया*
*जिंदा इंसानों की कद्र नहीं*
*मोबाइल में इस कदर खो गया*
*समय नहीं है बार बार यह है बतलाता*
*मोबाइल पर ही अपना समय है बिताता*
*बर्बाद कर रहा समय इसके चक्कर में*
*खत्म कर दिया इसने सब रिश्ता नाता*
*घड़ी कोई नहीं डालता यही अब समय है बताता*
*गुणा भाग जमा घटाना सब तुरंत है कर देता*
*इसी को है लोगों ने अपना बैंक बनाया*
*जिसने किया सही उपयोग उसका काम बनाया*
*किया जिसने दुरुपयोग उसको बहुत सताया*
*रिश्ते नाते यारी दोस्ती सब छीन ले गया*
*सोचो इसके आने से क्या खोया क्या पाया*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# कारगिल युद्ध उपरांत सेनाएं बनीं सशक्त



विश्व देश आज सीमा विवाद को लेकर मानवता को शर्मसार कर रहे हैं। भारत, चीन ने घनवान युद्ध से सीख लेकर आपस में समझौता करके अपनी सेनाएं वापस अपनी सरहदों में वापस बुलाने का सराहनीय फैसला लिया है। लद्दाख में चार साल बाद नियंत्रण रेखा (एलएसी) पेट्रोलिंग को लेकर भारत, चीन देशों बीच सहमति बनना सुखद संकेत है। भारत की यह बहुत बड़ी विजय ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। घनवान हिंसा ने भारत ने अपने 20 जवान खोकर कई ऑपरेशन चीन सेना खिलाफ चलाए थे। नतीजतन चीन की सरकार को भारत साथ समझौता करके अपनी सेनाएं वापस बुलानी पड़ी हैं। चीन के भारत साथ सीमा विवाद को लेकर समझौता किए जाने की कई वजह हो सकती हैं।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सबसे बड़ा कारण यह माना जा सकता कि कोरोना वायरस काल उपरांत चीन की जीडीपी दर में निरंतर गिरावट आई है। भारत साथ सीमा विवाद खत्म करके ही चीन की अर्थ व्यवस्था पटरी पर लौट सकती जिसका अब उसे आभास हो चुका है। भारत आज विश्व मंचों पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। भारत के अमेरिका साथ बहुत अच्छे संबंध और यह दोनों देश ही चीन को अच्छा नहीं समझते हैं। एक कारण यह भी हो सकता है कि भारत, चीन लदाख सीमा विवाद सुलझ गया है। भारत के रूस साथ भी बहुत अच्छे संबंध और हो सकता रूस ने ही चीन, भारत का समझौता करवाया हो। कुल मिलाकर आज के दौर में सीमा विवाद आपसी बातचीत से सुलझाना बहुत बड़ी जीत मानी जा सकती है। उम्मीद की जा सकती भारत, पाकिस्तान विवाद भी आगामी भविष्य में सुलझ सकता है। भारत सरकार का अधिकांश बजट सीमाओं की सुरक्षा किए जाने पर खर्च किया जाता, यह बात दुश्मन देशों को याद रखनी होगी। वीरभूमि की रक्षा करते हुए आए दिन हमारे वीर जवान अपने प्राणों की आहुति तक देने से पीछे नहीं हटते हैं।

26 जुलाई 1999 मई के दिन भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध दौरान चलाए गए, ऑपरेशन विजय पर सफलता पाई थी। पाकिस्तानी सैनिकों ने भारत की पहाड़ियों का लाइन ऑफ कंट्रोल भंग करके उस पर अपना कब्जा जमा लिया था। दो महीनों तक चले कारगिल युद्ध में कैप्टन बिक्रम बत्रा, अनुज नायर, मेजर पडपानी आचार्य, लेफ्टिनेंट मनोज पांडेय, कैप्टन सौरभ कालिया, स्क्वार्डरन लीडर अजय आहूजा सहित 527 वीर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। 1300 करीब वीर जवान इस युद्ध में घायल हुए थे।

26 जुलाई का दिन इसलिए ही वीर जवानों की याद में कारगिल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कारगिल युद्ध में यहां कई वीर सपूतों को हमने खोया। वहीं इसी युद्ध से सीख लेकर भारत ने अपनी सीमाओं पर सुरक्षा और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया था। आज हमारी तीनों सेनाएं इतनी मजबूत कि पड़ोसी मुलखों को करारा जवाब दे सकती हैं। 20वीं सदी के भारत का लोहा आज विश्व देश भी मान रहे जो कि हर्ष का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में विश्व देशों की यात्राएं करके भारत के अन्य देशों के साथ मित्रता संबंध बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। किसी भी देश के साथ जब तक मैत्रीपूर्ण संबंध प्रगाढ़ नहीं बनते तब तक व्यावसायिक बना पाना मुश्किल होता है। आज वही देश भारत सरकार की और से बनाई गई कोरोना वायरस की वैक्सीन पर विश्वास जताते हुए आर्डर किए थे। हमारे देश की जनता अपने वीर सैनिकों पर अत्यधिक विश्वास करती है। अटूट विश्वास क्यों भी न किया जाए, जब आम जनमानस अपने घरों में सुकून की नींद सोते तब यह वीर पुरुष सरहदों पर पहरा दे रहे होते हैं। ठीक यही वजह की कुछ ग्रामीण मंदिरों में भगवान की भांति शहीदों की तस्वीरें लगाकर उनकी भी पूजा की जाती है।

लोग ऐसे गांव को शहीदों का गांव कहकर भी पुकारते हैं। देश की कुल 16,500 किलोमीटर का एरिया पड़ोसी देशों की सीमाओं के साथ लगता। सीमा प्रबंधन अभाव में हमेशा ही सावधानी हटी और दुर्घटना घटी जैसी स्थिति बनी रहती थी। देश की सीमाएं पाकिस्तान, चीन बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों के साथ लगती हैं। दुश्मन हमेशा ही अपने देश की सीमाओं को लांघकर हमेशा घुसपैठ करने की फिराक में रहता आया था। भारत भौगोलिक दृष्टि से भी बड़ा होने के कारण अक्सर सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने में कई चुनोतियों का सामना करता रहा है। अब देश ने भौगोलिक, हवाई और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखें हुए हैं। 3141 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान के साथ लगता जिसमें कश्मीर के हिस्से में हमेशा ही तनाव की स्थिति रहती आई है। केंद्र सरकार ने देश की सरहदों की सुरक्षा अत्यधिक बढ़ाएं जाने को लेकर कारगिल युद्ध के बाद एक सुरक्षा कमेटी का भी गठन करके रखा हुआ है। भारत का अधिकांश बजट सुरक्षा के नाम पर खर्च किया जा रहा है। अपने देश में पड़ोसी मुलख अब घुसपैठ करने के लिए अपना अंजाम सौ बार सोचकर ही कोई कदम उठाएगा। केंद्र सरकार को अपनी सीमाओं पर चौकसी और बढ़ाकर सीमापार से आ रहे ड्रग्ज पर भी नकेल कसने की अधिक जरूरत है।

दक्षिण एशिया के आठ देश अगर एकजुट हो जाएं, तो बड़ी ही आसानी से हर समस्या पर नकेल कस सकते हैं। सार्क अधिवेशनों में वैसे हर साल आपसी मेलमिलाप और भाईचारा बढ़ाए जाने की सिर्फ चर्चाएं ही की जाती हैं। द्वितीय विश्व युद्ध में हुए नरसंहार ने विश्व को कई भागों में बांट दिया। दक्षिण एशिया देशों में पड़ोसी देश हमेशा ही अपने मन की करता आया है। यही एक मात्र वजह है कि आज दक्षिण एशिया देश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आतंकवाद जैसी कई समस्याओं से गिरे हुए हैं। उधर पश्चिमी साम्राज्यवाद की नीति ने खलल डाला कि एक अमीर पश्चिमी और दूसरा उत्तरी गरीब पश्चिमी देश बन गया। विश्व देश अब अपनी आवाम की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहकर बजट आंखें बंद करके खर्च करने लग पड़े। जो बजट जनता के विकास पर खर्च किया जाना चाहिए था, अब वही आधुनिक तकनीक के हथियारों खरीदने और दूसरे सुरक्षा के इंतजाम किए जाने पर खर्च किया जा रहा है। वर्तमान समय में पड़ोसी मुलख चीन के सहारे भारत की सीमाओं पर घुसपैठ बढ़ाने की फिराक में मशगूल है। मगर अब भारत, चीन सीमा विवाद सुलझ जाने से पड़ोसी देश के मनसूबों पर पानी फिर गया है। भारत और चीन सीमा विवाद की वजह से 118 चीन की मोबाइल एप्लिकेशन को केंद्र सरकार ने बंद कर दिया था। दीपावली के मौके पर भी चीनी उत्पादों का बहिष्कार किए जाने की सोशल मीडिया में मुहिम चल रही है। यह भी एक तरह भारत चीन की अर्थव्यवस्था को कमजोर बनाकर अपनी कूटनीति का सबूत दे रहा है। भारत पर अटूट विश्वास रखने वाले नेपाल को भी चीन ने अपने रंग में फिलहाल रंग लिया था। नेपाल भारत का कुछ हिस्सा अपना बताकर तनावपूर्ण स्थिति बनाए हुए है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# जिंदगी में आशा निराशा का चक्र चलता रहता है



जिंदगी में आशा निराशा का चक्र चलता रहता है आशा ही जीवन है। जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं कभी सुख-दु:ख, खुशी-गम, चलते रहते है। जीवन बहुत अनमोल है मानव जीवन एक बार ही मिलता है। जीवन में बहुत विकट परिस्थितियां आती हैं मानव को घबराना नहीं चाहिए, बल्कि संयम से हर समस्या का समाधान करना चाहिए। सुख दु:ख सदा नहीं रहते। आज मानव रिश्ते भूल रहा है चौबीस घंटे इंटरनेट पर व्यस्त है, व्यस्तता इतनी हो गई है, की खाना खाने तक का समय नहीं है किसी के दु:ख में शामिल होने के लिए समय नहीं है। मोबाइल ने मानव को अनावश्यक व्यस्त कर दिया है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

अक्सर देखा गया है कि लोग ऐसे व्यस्त रहते हैं पता नहीं कितना जरूरी काम है। नब्बे प्रतिशत लोग बहुत ही व्यस्त रहते हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग मोबाइल के अभ्यस्त हो चुके हैं। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेंगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है।

इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़ना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं।

मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। कहते अपने ही काम आते हैं, मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है। कुत्ते बिस्किट खा रहे हैं, मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है प्रतिदिन शराब, मांस, मदिरा का प्रयोग कर रहा है। इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते हैं, मगर दुख में साथ छोड़ देते हैं,आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इंकार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है।

आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। अत: प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यों के लिए समाज उसे युगों-युगों तक याद रखता है। ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए पुनीत कार्यों से अमर हो जाता है। ईमानदारों की मिसालें दी जाती है। ईमानदारी के रास्तें में मुसीबते बहुत है, लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है, उसे करोड़ों रुपयों से भी हासिल नहीं किया जा सकता। ईमानदार आदमी पहले दूसरों का भला सोचता है कि कौन असली जरूरतमंद है। ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन समर्पित कर देता है। कहते हैं ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है। ईमानदारी एक अच्छी नीति है। आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उडाई जाती है। ईमानदारों के खिलाफ पडयंत्र रचे जाते हैं। स्वार्थों की खतिर दूसरों की बलि दी है। खुदगर्जी के लिए सपनों को रौंदा है। जीवन को नरक व भविष्य को अंधकार बनाया है। किसी को अंधेरे में रखेगें तो एक समय ऐसा आएगा कि अंधेरे में दिखना शुरू हो जाएगा। यह एक सच्चाई है। गिरगिटों चालाकियों की उम्र ज्यादा नहीं होती। कब तक चालाकियां करोगे। प्रतिभा को कोई नहीं दबा सकता। इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**चीन** में कोरोना वैश्विक महामारी दुनिया भर ने झेली और 72 लाख से अधिक मौतें हुईं। भारत में भी करीब 5.5 लाख लोग कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण मारे गए। इस त्रासदी को 'अभूतपूर्व' माना गया। दुनिया में गैर-सरकारी संगठनों और एजेंसियों ने मौत के आंकड़े कई गुना अधिक बताए थे। कोरोना संक्रमण के तनाव, भय, दंश, मौतों से लेकर आर्थिक तालाबंदी का वह दौर इतना भयावह था कि हम भूल नहीं सकते। भूलना भी नहीं चाहिए। चीन खुद को एक किले में बंद रखता आया है। वहां सामान्य मीडिया, सोशल मीडिया ही नहीं, लोगों पर भी पाबंदियां हैं कि वे किसी भी तरह की सूचना को सार्वजनिक नहीं कर सकते। जो कहना है, वह चीन सरकार ही कहेगी। वहां जो वायरस फैला है, उसके लक्षण भी कोरोना सरीखे ही हैं। लोगों में तेज बुखार देखा जा रहा है। फेफड़ों में संक्रमण और सांस लेने में परेशानी की खबरें भी आई हैं, लेकिन चीन में इस वायरस का प्रभाव कुछ अलग देखा जा रहा है कि संक्रमण 5 साल की उम्र से छोटे बच्चों में फैल रहा है। **राजेश, पुराना मटौर**

# डॉ. चिदंबरम ने भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

परमाणु परीक्षणों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रख्यात परमाणु वैज्ञानिक और क्रिस्टलोग्राफर डॉ.आर चिदंबरम का शनिवार 4 जनवरी 25 को निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। वैज्ञानिक के रूप में अपने करियर में डॉ. चिदंबरम ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) के निदेशक, परमाणु ऊर्जा आयोग (AEC) के अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के सचिव के रूप में काम किया है। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। वैज्ञानिक रूप में अपने करियर में डॉ. चिदंबरम ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) के निदेशक, परमाणु ऊर्जा आयोग (AEC) के अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के सचिव के रूप में काम किया।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वे 1994-95 के दौरान अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष थे। डॉ. चिदंबरम भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार भी रह चुके हैं। डॉ. चिदंबरम ने भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई- पोखरण-I (1975) और पोखरण-II (1998) के लिए परीक्षण की तैयारी का समन्वय किया। परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के समर्थक, उन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को गति दी। डॉ. चिदंबरम को पद्म श्री (1975) और पद्म विभूषण (1999) सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

डॉ. राजगोपाला चिदंबरम ने मेरठ और चेन्नई में अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर में अपनी पीएचडी पूरी की, जहां से उन्होंने बाद में डीएससी की डिग्री भी प्राप्त की। वे 1962 में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) में शामिल हुए और 1990 में इसके निदेशक बने। वे फरवरी 1993 से नवंबर 2000 तक परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग में सचिव रहे। 2001 से, वे भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और कैबिनेट की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष हैं।



डॉ. चिदंबरम भारत के प्रतिष्ठित प्रयोगात्मक भौतिकविदों में से एक हैं और उच्च दाब भौतिकी और न्यूट्रॉन क्रिस्टलोग्राफी के क्षेत्र में बीएआरसी में उनके द्वारा स्थापित अनुसंधान समूहों को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने हमारी परमाणु प्रौद्योगिकी के कई पहलुओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके पास भारत और विदेश के बीस विश्वविद्यालयों से डीएससी डिग्री (h.c) है। उनके पास रेफरी जर्नल में 200 से अधिक शोध प्रकाशन हैं और उनका सारा शोध कार्य भारत में हुआ है। डॉ. चिदंबरम भारत में सभी प्रमुख विज्ञान अकादमियों और ट्राइस्टे (इटली) में स्थित थर्ड वर्ल्ड अकादमी ऑफ साइंसेज के फेलो हैं। डॉ. चिदंबरम 1994-95 के दौरान अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष थे। वे अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'एटम फॉर पीस' के मानद सलाहकार बोर्ड के सदस्य हैं।

वे 2008 में महानिदेशक, IAEA द्वारा नियुक्त प्रतिष्ठित व्यक्तियों के आयोग के सदस्य भी थे, जिसे '2020 और उसके बाद IAEA की भूमिका' पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए नियुक्त किया गया था। वे श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अध्यक्ष, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष और हैदराबाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं। वे जलवायु परिवर्तन पर प्रधानमंत्री की परिषद के सदस्य और उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष हैं। वह बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में मानद विजिटिंग प्रोफेसर भी हैं। वह एनकेएन परियोजना के लिए उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) के अध्यक्ष भी हैं। डॉ. चिदंबरम ने कई पुरस्कार जीते हैं जिनमें 1991 में भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर का विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार, 1992 में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा द्वितीय जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी अंतरराष्ट्रीय विजिटिंग फेलोशिप, भारतीय परमाणु सोसायटी का होमी भाभा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार (2006) और भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जनरल प्रेसिडेंट पदक (2007) आदि है वे हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष भी थे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खेल प्रतिस्पर्धाओं के लिए हो योग्य खिलाड़ियों का चयन

जिस प्रकार दशकों से देवभूमि हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने समय-समय पर अपनी प्रतिभाओं का लौहा मनवाया है और यह क्रम वर्तमान में भी जारी है। जिन तमाम होनहार खिलाड़ियों ने खेल के माध्यम से देवभूमि हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करवाया है तो वहीं खेल के माध्यम से अनेक खिलाड़ियों ने अपने भविष्य को संवारने का भी बखूबी दायित्व निभाया है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जानकारी अनुसार अगर हम हिमाचल प्रदेश में विभिन्न खेल प्रतिभाओं के चयन प्रक्रिया की चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास करें, तो निसंदेह समय-समय पर खेल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी अनियमिताएं देखने एवं सुनने को मिलती रहती है, जो कि होनहार खिलाड़ियों के भविष्य के लिए बहुत ही चिंताजनक एवं दु:ख का विषय है, जिस प्रकार खेल के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धाओं का जैसे दौर आ गया है, उन तमाम खेल प्रतिस्पर्धाओं के लिए चयन समिति और संबंधित विभाग को जवाबदेही बनाने के लिए प्रदेश सरकार को कड़े नियमों एवं पारदर्शिता लाने की परम् आवश्यकता मानी जाती है, क्योंकि अनेक बार हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के होनहार और प्रतिभाशाली खिलाड़ी तत्कालीन और वर्तमान मुख्यमंत्री के समक्ष खेल प्रतिस्पर्धाओं में हो रही अनियमितताओं और चयनकर्ताओं के चयन को लेकर सवालिया निशान लगाने के साथ साथ मीडिया बंधुओं के माध्यम से अपनी आपत्तियां जाहिर करवाते नजर आते हैं, प्रसिद्ध खेल विशेषज्ञ एवं शिक्षाविदों के जानकारी अनुसार चयनकर्ताओं में कहीं न कहीं भाई भतीजावाद, संगे संबंधियों, राजनीतिक रसूखदार और यहां तक कि पैसों इत्यादि के माध्यम से भी खेल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चयन किया जाता है जो कि बहुत ही गंभीर और दुखद विषय है।



इस प्रकार आज हम अपने लेख के माध्यम से समाज तक ऐसे गंभीर और चिंतनीय विषय को लाने का प्रयास कर रहे हैं, उम्मीद करेंगे कि आप अपने कीमती सुझाव और प्रतिक्रिया जरूर प्रदान करेंगे, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में खेल के क्षेत्र में किसी भी होनहार और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए अपनी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान स्थापित करना बहुत ही कठिन और संघर्षपूर्ण रहता हैं, क्योंकि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में भी अनेक क्षेत्रों में खेल सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है, परंतु फिर भी हिमाचल प्रदेश के युवाओं में कड़ी मेहनत और लगन की जिज्ञासा हमेशा ही बनी रहतीं हैं। इस प्रकार हिमाचल प्रदेश सरकार को हिमाचल प्रदेश के हरेक क्षेत्रों में खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास करना चाहिए, तो साथ ही खेल प्रतिस्पर्धाओं में पारदर्शिता को सुनिश्चित करवाने का प्रयास होना चाहिए।

भविष्य में कोई भी होनहार और प्रतिभाशाली खिलाड़ी किंहीं कारणों से चयनित होने और बेहतर भविष्य से न चूक पाएं। जिस प्रकार वर्तमान सरकार और माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न क्षेत्रों में व्यवस्था परिवर्तन का नारा दिया है तो उम्मीद करेंगे कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और किसी भी प्रतिस्पर्धाओं में पारदर्शिता और जवाबदेहीता सुनिश्चित करने में भी व्यवस्था परिवर्तन करने का प्रयास किया जाएं, ताकि खेल के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं पर कहीं न कहीं विराम लग सकें, और आम और गरीब परिवार के होनहार खिलाड़ियों को समय-समय पर उचित मंच और सम्मानजनक सम्मान मिल सकें, ऐसी उम्मीद और विश्वास प्रदेश सरकार से करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 100 वाहनों के काटे चालान वसूला दो लाख रुपए जुर्माना

उमेश, सुंदरनगर

बसों में ओवर लोडिंग, मालवाहक वाहनों में तय सीमा से अधिक भार की सामग्री और यातायात नियमों की जमकर अवहेलना करने वाले चालकों पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी ने कड़ी कार्रवाई की है। सोमवार और मंगलवार को मंडी से सुंदरनगर तक 100 वाहनों के चालान काट उन पर करीब दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

एक छोटे मालवाहक पर तय सीमा से अधिक सामान ढोने पर 20,000 रुपए जुर्माना किया गया है। सुंदरनगर के नरेश चौक पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरीश समरा के नेतृत्व में टीम ने बिगड़ैल वाहन चालकों पर कार्रवाई की है। इनमें ज्यादातर बस चालक हैं। छोटे वाहन चालकों ने मौके पर ही किए गए जुर्माने का भुगतान किया है।

जुर्माने के रूप में नौ हजार रुपए की राशि वसूली गई है, जबकि अन्य चालान चालकों को विभागीय कार्यालय में भुगतने होंगे। नरेश चौक पर विभाग द्वारा यह कार्रवाई सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच की गई है। (अनंत ज्ञान)



नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए।

**बिगड़ैल वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने जमकर की कार्रवाई**

### जान की सलामती के लिए नियमों का पालन करना जरूरी

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरीश समरा ने बताया कि चालान की इस प्रक्रिया में बसें, मालवाहक वाहनों के साथ काफी संख्या में निजी वाहन भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नियमों की अवहेलना किसी भी सूरत में सहन नहीं होगी। वाहन चालकों को अपनी और दूसरों की जान की सलामती के लिए नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा बीते माह भी करीब ढाई लाख रुपए के चालान किए गए हैं। यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों का यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में बिलासपुर बालीचौकी और मंडी रहा विजेता

आदर्श, नेरचौक


क्रिकेट प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारंभ करते मुख्यातिथि।

विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों में फिटनेस को बनाए रखने और युवाओं को नशे से दूर रहने के उद्देश्य से प्रेरित करने के लिए जल शक्ति विभाग द्वारा इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट की इस प्रतियोगिता का आयोजन सेगली के शाहिद गुरदास मेमोरियल क्रिकेट मैदान में किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर की 12 टीमें भाग ले रही है। इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ अधिशासी अभियंता रजत शर्मा द्वारा विधिवत रूप से रिबन काटकर किया गया।

आयोजक टीम के सदस्य सहायक अभियंता विनय कुमार ने बताया कि इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट लीग की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 12 टीमों को चार ग्रुपों में विभाजित किया गया है। प्रथम ग्रुप में मंडी, सुनी और बिलासपुर द्वितीय ग्रुप में बालीचौकी, हमीरपुर व करसोग तृतीय ग्रुप में अर्की, धर्मशाला व कोटली तथा चतुर्थ ग्रुप में रोहड़ू, रामपुर व रिकांगपिओ की टीम को शामिल किया गया है। प्रथम मैच सुन्नी और बिलासपुर के बीच हुआ जिसमें बिलासपुर की टीम विजय रही। दूसरा मैच बालीचौकी और हमीरपुर के बीच में हुआ जिसमें बालीचौकी विजेता रहा।

तीसरा मैच जोन मंडी और सुन्नी के बीच में हुआ जिसमें मंडी की टीम विजेता रही। विनय कुमार ने बताया कि फाइनल मैच की विजेता टीम को 35000 रुपए की नगद राशि सहित ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 25000 रुपए नगद राशि प्रदान की जाएगी उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता जल शक्ति विभाग व अन्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को फिजिकल फिटनेस रखने और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से करवाई जा रही है।(अनंत ज्ञान)

# एडीसी ने खंगाला पौंटा और बाग पंचायतों का रिकॉर्ड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

अनियमितताओं की शिकायतों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत पौंटा और बाग का निरीक्षण किया। इन दोनों पंचायतों में विकास कार्यों में अनियमितताओं को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने इन दोनों पंचायतों में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे और रिकॉर्ड की गहनता से जांच की। इस दौरान एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा, जिला


निरीक्षण करते अतिरिक्त उपायुक्त व अन्य।

विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक और खंड विकास अधिकारी गोपालपुर विवेक पॉल भी उनके साथ थे। अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि ग्राम पंचायत पौंटा और बाग में विकास कार्यों में अनियमितताओं को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसको लेकर इन दोनों पंचायतों का उनके द्वारा जिला विकास अधिकारी और बीडीओ के साथ मिलकर निरीक्षण किया गया।

जांच में इन दोनों पंचायतों में प्रथम दृष्टतया विकास कार्यों में गड़बड़ी पाई गई है। रोहित राठौर ने बताया कि अनियमितताओं की जांच को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी को तीन दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश भी दे दिए गए हैं। जांच रिर्पोट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पैरा फिटर, पंप चालक के साक्षात्कार 9 से 13 तक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जल शक्ति मंडल सरकाघाट के अंतर्गत पैरा पंप चालक पैराफिटर व पैरा बहुद्देशीय कार्यकर्ताओं के पदों को भरने 9 और 13 जनवरी को इंटरव्यू लिए जाएंगे। जल शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशाषी अभियंता विवेक हाजिरी ने बताया कि दस्तावेजों की छानबीन करने के बाद जो आवेदक इसमें योग्यता के आधार पर पात्र पाए गए थे, उनको पत्राचार को दूरभाष के माध्यम से 9 और 13 जनवरी को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है।

# गोहर स्कूल में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस का समारोह

सुनील शर्मा, गोहर

26 जनवरी को उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के संबंध में एसडीएम लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम गोहर स्कूल में मनाया जाएगा। मुख्यातिथि एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट द्वारा 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा व पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स की परेड की सलामी दी जाएगी। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों, समाज के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर विभूतियों तथा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल बच्चों के अलावा ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

एसडीएम ने अधिकारियों को कार्यक्रम से संबंधित जिम्मेदारियों के बारे में बताया व कार्यक्रम से संबंधित तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन को आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंडी विजय सिंह हमलाल ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिला के विभिन्न विकास खंडों के 9 स्थानों में उचित मूल्य की दुकानें आवंटित की जानी प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि ये दुकानें विकास खंड सदर की ग्राम पंचायत उपरली सुराड़ी के गांव निचली सुराड़ी, विकासखंड बालीचौकी की ग्राम पंचायत भटवाड़ी के गांव रेहूकलधार व बांधी, विकास खंड द्रंग की ग्राम पंचायत रोपाधार के गांव अप्पर बनेहड़, विकास खंड गोहर की ग्राम पंचायत गुढार के गांव गुढार, विकास खंड गोपालपुर की ग्राम पंचायत बलद्वाड़ा के गांव तरंडोल व ग्राम पंचायत खुडला के गांव मनवाणा, विकास खंड धर्मपुर की ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव दलौट तथा विकास खंड बल्ह की ग्राम पंचायत लोअर रिवालसर के गांव डोह में खोली जानी हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति-संस्था अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र पर सभी दस्तावेजों सहित 10 जनवरी से 10 फरवरी तक विभागीय साईट पर जाकर ऑनलाइन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास व आयु 18-45 साल के बीच होनी चाहिए।

### 13 को होंगी वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट

**कविता, पधर।** कार्यवाहक एसडीएम एवं तहसीलदार पधर डॉ. भावना वर्मा ने बताया कि उपमंडल पधर में 13 जनवरी को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए तिथि निर्धारित की गई है। ड्राइविंग टेस्ट और वाहन की पासिंग हरड़गलू मैदान में किए जाएंगे। इसके लिए स्लॉट खोल दिए गए है। वाहनों की पासिंग के लिए संपूर्ण औपचारिकताएं जैसे फीस और टैक्स की ऑनलाइन रिसिप्ट ही मान्य होगी। साथ ही यह भी अवगत करवाया है कि सभी संबंधित निर्धारित तिथि को वांछित दस्तावेजों सहित 10 बजे प्रातः निश्चित स्थान पर पहुंच जाएं। बिना स्लॉट बुकिंग के किसी का भी ड्राइविंग टेस्ट नहीं लिया जाएगा।

### किसानी पर आए संकट का हल करें सरकार : करमू राम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष करमू राम ने किसानों की किसानी में आ रहे संकट के बारे में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को पत्र द्वारा छोटे-छोटे किसानों की किसानी पर आए संकट के कारणों का विस्तारपूर्वक विवरण देकर शीघ्र संकट से मुक्ति दिलाने के लिए प्रमुखता से कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने पत्र द्वारा सूचित किया कि गांव के छोटे किसान जो अपने गुजारे के मुताबिक अपनी भूमि से अपने परिवार का वर्ष भर के अन्न की जरूरत पूरी कर लिया करते थे, परंतु आज खरीदकर जरूरत पूरी करने की हालत में आ चुका है, जो बीज बोया जाता है वह भी वापिस नहीं आता है। उन्होंने कहा कि किसानों की इस संकट की घड़ी में किसानों का साथ देने वाली सरकार का हिमाचल किसान यूनियन कदम-कदम पर साथ देने की मानसिकता रखती है।

### कुम्मी स्कूल को न किया जाए बंद : दिनेश

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** विकासखंड बल्ह के अंतर्गत आने वाली पंचायत कुम्मी की मासिक बैठक प्रधान दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें निम्न कार्रवाई की गई बैठक में सभी वार्ड सदस्य उपस्थित रहे। इसमें विभिन्न प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश एवं शिक्षा मंत्री प्रदेश सरकार को प्रेषित किए गए। प्रधान दिनेश कुमार ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुम्मी को विद्यार्थियों की कम संख्या को आधार बनाकर बंद न किया जाए। यह निर्णय सरस्वती से लिया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत कुम्मी में सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुम्मी की अधिसूचना वर्ष 2014 में हुई है, तब से लेकर आज तक यह स्कूल चल रहा है, परंतु इस स्कूल के 300 मीटर के दायरे में सरकार द्वारा निजी स्कूलों का आवंटन कर दिया गया है, जिसकी वजह से बच्चों की संख्या में कमी आई है। भविष्य में पंचायत कुम्मी व एसएमसी के साथ मिलकर के बच्चों की संख्या को बढ़ाने की कोशिश करेगी।

### मंडी की विधानसभाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूचियां प्रकाशित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि 1 जनवरी की अहर्ता तिथि के आधार पर जिला मंडी की सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों को 6 जनवरी को अन्तिम रूप से प्रकाशित कर दिया गया है। अन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियां सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों) के कार्यालयों तथा प्रत्येक मतदान केंद्र पर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी के पास निःशुल्क निरीक्षण के लिए आगामी एक सप्ताह तक उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि अन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियों में जिला मंडी में कुल मतदाताओं की संख्या 871567 है जिनमें पुरूषों की संख्या 435295 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 436272 है। अपूर्व देवगन ने बताया कि जोगिंद्रनगर विधानसभा में कुल मतदाता 101564 है जिनमें पुरूषों की संख्या 50270 है जबकि महिलाओं की संख्या 51294 है। धर्मपुर में 83517 मतदाताओं में से पुरुषों की संख्या 41247 और महिलाओं की संख्या 42270 है। मंडी में 78258 मतदाताओं की संख्या पुरुषों की संख्या 38263 और महिलाओं की संख्या 39995 है। बल्ह विधानसभा में कुल 83203 मतदाताओं में से पुरुषों की संख्या 41017 और महिला वोटरों की संख्या 42186 है। सरकाघाट विधानसभा में कुल 92200 मतदाताओं में से पुरुषों की संख्या 45496 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 46704 है।

### धनोटू के सार्वजनिक शौचालय का हाल बेहाल

**भीम बसेड़ू, महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 से सटे शहीद राजेश चौहान चौक धनोटू में बने शौचालय में सफाई व्यवस्था का उचित प्रबंध न होने से बदबू फैली रहती है। ग्राम पंचायत महादेव द्वारा दी गई इस सहूलियत का रखरखाव करने की सख्त जरूरत है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि शौचालय से सटे पंचायत के अधीन आते खुले मैदान में हर वर्ष हाट बाजार सजता है, मगर सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों ने ग्राम पंचायत से सानुरोध प्रार्थना की है कि शीघ्र ही शौचालय की नियमित सफाई करवाई जाए।



# सुक्खू सरकार 2 साल में हर मोर्चे पर रही विफल : दिलीप


भाजपा मंडल की बैठक में मौजूद विधायक व अन्य।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

भाजपा मंडल सरकाघाट की पहली मासिक बैठक लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह सरकाघाट में मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर विशेष तौर से उपस्थित रहे।

विधायक दिलीप ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही सरकार का दो साल का कार्यकाल केवल पूर्व जयराम सरकार की बुराई करने व पूर्व भाजपा सरकार के दौरान खोले गए संस्थाओं को बंद करने तक ही सीमित रहा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को लोगों के बीच जाकर जागरूक करें और उन्होंने उन्हें बताएं कि केंद्र सरकार ने उनके लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हुई है और उन्हें उन योजनाओं का लाभ दिलवाएं।

## हिम आंचल पेंशनर संघ की बैठक 9 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक 9 जनवरी को प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर के सभागार में आयोजित की जाएगी। संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

महासचिव रमेश पठानिया ने बताया कि बैठक में पेंशनरों की वर्तमान समस्याओं पर गहन चर्चा की जाएगी। इन मुद्दों पर पधर में होने वाली जिला स्तरीय बैठक में संघ की ओर से प्रभावी तरीके से अपनी मांगें प्रस्तुत की जाएंगी। पठानिया ने सभी पेंशनरों से आग्रह किया है कि वे अधिक संख्या में इस बैठक में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# अखिल ठाकुर ने चमकाया संधोल का नाम, बने सहायक रजिस्ट्रार

रितेश, सरकाघाट



संधोल क्षेत्र के होनहार अखिल ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा एचएएस परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बीते सोमवार सायं जैसे ही हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने जैसे ही प्रशासनिक सेवा परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया तब से अखिल ठाकुर के घर संधोल के बलियाली गांव में बधाई देने वालों का तांता लगना शुरू हो गया।

बता दें कि अखिल ठाकुर सहायक रजिस्ट्रार के पद पर सेवाएं देंगे। अखिल ठाकुर के पिता डॉक्टर वीरेंद्र ठाकुर पेशे से जाने माने डॉक्टर है और क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में सेवारत है और उनकी माता कुसुम ठाकुर गृहणी है जबकि बहन आशुता ठाकुर भी मंडी के एक अस्पताल में डॉक्टर हैं।

अखिल ठाकुर अपने दादा स्व. प्रेम चंद ठाकुर जो हिमाचल प्रदेश पुलिस से बतौर डीएसपी रिटायर हुए थे, उनको अपना प्रेरणा स्रोत मानते हैं। अखिल की प्रारंभिक और उच्च पढ़ाई डीएवी मंडी से पूरी हुई, जबकि उन्होंने इंजीनियरिंग जेपी यूनिवर्सिटी वाकनाघाट सोलन से की है। उनकी दादी विमला ठाकुर ने पोते की कामयाबी पर बताया कि उन्हें अपने पोते की सफलता पर गर्व है। (अनंत ज्ञान)

## युवक से 1.19 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान , जोगिंद्रनगर।** घट्टा के पास पुलिस ने नियमित नाके के दौरान युवक से 1.19 ग्राम चिट्टा बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब पुलिस टीम घट्टा के पास नियमित जांच कर रही थी। बैजनाथ की ओर से आ रहे युवक को देखकर पुलिस को शक हुआ, जिसके बाद उसकी तलाशी की गई।

तलाशी के दौरान युवक के पास से 1.19 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान अमित कुमार पुत्र करनैल सिंह, निवासी गांव संकड़ी, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सीनियर बॉल बैडमिंटन की टीम के लिए ट्रायल 12 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

70वीं सीनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश पुरुषों की सीनियर बॉल बैडमिंटन टीम के लिए चयन ट्रायल बॉल बैडमिंटन ग्राउंड नौबाही तहसील सरकाघाट जिला मंडी हिप्र में 12 जनवरी को 12 बजे आयोजित होगा। हिमाचल प्रदेश बॉल बैडमिंटन एसो. के महासचिव कृष्ण चंद ठाकुर ने बताया कि चयन ट्रायल के समय खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड चयन समिति को दिखाना अनिवार्य है।

चयन समिति में नरेंद्र ठाकुर अध्यक्ष, नर्वदा देवी, सुरेश कुमार व महिंद्र सिंह सदस्य होंगे। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर भी लगाया जाएगा, जिसके बारे में खिलाड़ियों को मोबाइल फोन पर सूचित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के उपरांत पुरुषों की सीनियर बॉल बैडमिंटन टीम 70वीं सीनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता जो कर्नाटक के बल्लारी में 6 फरवरी से 9 फरवरी तक होने जा रही है, इसमें हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं हिमाचल प्रदेश की जूनियर बॉल बैडमिंटन टीमों का प्रशिक्षण शिविर भी 11 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है।

**जूनियर बॉल बैडमिंटन टीमों का प्रशिक्षण शिविर 11 से**

महासचिव कृष्ण चंद ठाकुर ने बताया कि 69वीं जूनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयनित हिमाचल प्रदेश की लड़कों व लड़कियों की जूनियर बॉल बैडमिंटन टीमों का प्रशिक्षण शिविर बॉल बैडमिंटन ग्राउंड नौबाही देवी तहसील सरकाघाट जिला मंडी हिप्र में 11 जनवरी से 14 जनवरी तक रखा गया है।

शिविर में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण सुरेश कुमार, नरेंद्र ठाकुर, नर्वदा देवी व जोगिंद्र सिंह की देख रेख में दिया जाएगा। सभी चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर में भाग लेना अनिवार्य है।

## जोगिंद्रनगर में 9 व 30 को वाहनों की पासिंग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करवाना अनिवार्य होगा। एसडीएम जोगिंद्रनगर ने बताया कि आगामी 9 व 30 जनवरी को वाहनों की पासिंग जबकि 10 व 31 जनवरी को ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा।

ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वालों को ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करवानी होगी। 10 जनवरी को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 8 जनवरी को जबकि 31 जनवरी को इच्छुक अभ्यर्थी 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे से ऑनलाइन स्लॉट बुक कर सकते हैं।

# महादेव लिंक रोड की चौथी बार की खुदाई, हालत खस्ता

भीम बसेड़ू, महादेव

शिव मंदिर महादेव के सामने से गांव लोअर महादेव को जाते लिंक रोड पर खुदाई करके डाली जा रही पानी की पाइप लाइन से एक बार फिर पक्की सड़क का सत्यानाश किया जा रहा है।

नाचन क्षेत्र एवं लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आते खस्ताहाल इस महादेव-धनोटू सर्कुलर मार्ग पर जगह-जगह पड़े गड्ढे भरने का काम करना तो दूर की बात उल्टा घनी आबादी से जुड़ा यह मार्ग जिसके यहां कुछ सरकारी विभाग भी सेवारत है, को चौथी बार बदसूरत बनाने के लिए बुरी तरह खोदा जा रहा है। बुद्धिजीवी लोगों ने विभाग तथा सरकार में लोक निर्माण मंत्री से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही मार्ग को सुधारें।(अनंत ज्ञान)



# एशियन योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए यशोवर्धन सिंगापुर रवाना

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



सामाजिक संस्था ज्योति कलश टिहरा के सदस्य, हमीरपुर में निजी स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्र यशोवर्धन अत्री 10वीं एशियन योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप सिंगापुर में भाग लेने के लिए भारतीय योगा टीम के साथ सिंगापुर रवाना हो गए हैं। यह प्रतियोगिता 6 से 10 जनवरी तक सिंगापुर में आयोजित होगी। मूलत टिहरा, धर्मपुर से संबंध रखने वाले यशोवर्धन अत्री पिछले 5 वर्षों से योगा खेल में जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर, प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं व अब यशोवर्धन अत्री पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

संस्था के अध्यक्ष ई. सुरम सिंह व समस्त सदस्यों तथा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों राजेंद्र कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कल्पना वर्मा उपाध्यक्ष, सुषमा ठाकुर महासचिव, रमेश चंद कोषाध्यक्ष, पृथी पाल शर्मा सचिव, राजेंद्र सिंह तथा ओंकार सिंह ने यशोवर्धन अत्री को बधाई दी।

## गोहर और थुनाग में बंद रहेगी बिजली

**सुनील शर्मा, गोहर।** 8 जनवरी को गोहर, थुनाग में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत उपमंडल गोहर के अंतर्गत सब-स्टेशन गोहर के गोहर, चैल चौक स्यांज, जांच्छ तथा 33/22 केवी सब-स्टेशन थुनाग व जंजैहली के उपभोक्ता को सूचित किया जाता है कि 8 जनवरी को इन क्षेत्रों में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक विद्युत लाइनों का रख रखाव और 33/22 केवी सब-स्टेशन गोहर के मुरम्मत कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

यह जानकारी विद्युत उपमंडल गोहर के सहायक अभियंता इंजीनियर हरीश शर्मा ने दी।

# नशा मुक्ति के लिए धर्मपुर में चलेगा अभियान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट


बैठक में भाग लेते हुए स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी।

नशा मुक्ति अभियान के तहत धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की टिहरा तहसील के अंतर्गत महिला मंडलों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सैनिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति और हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति जागरूकता अभियान शुरू करेगी, जिसके तहत 20 जनवरी को टिहरा 22 को चोलथरा और 24 को सजाओपीपलु में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इसका निर्णय आज धाड़ता नशा मुक्ति अभियान समिति की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच एवं खंड अध्यक्ष भूपिंद्र भूप्पी ने की और साक्षरता समिति की सचिव सुनीता बस्ट ज्ञान विज्ञान समिति के ऋत्विक ठाकुर पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, वेटरन इंडिया के राज्य अध्यक्ष रमेश तपवाल के अलावा अंतिम ठाकुर, कै. अशोक, सुरेश कुमार, अशोक आंनद, सुनील इत्यादि कमेटी सदस्यों ने भाग लिया।

भूपिंद्र ने बताया कि इस महीने तीन क्षेत्रीय तथा अगले माह 6 शिविर अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। भूपिंद्र ने बताया कि नशे की रोकथाम के लिए राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का भी टिहरा में किया जाएगा तथा नशे की रोकथाम विषय पर मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। गांव-गांव में निगरानी समितियां गठित की जाएंगी और युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धंसने से रोकने का कार्य किया जाएगा।

**सुविधा** — जोगिंद्रनगर खेल मैदान के सुदृढ़ीकरण पर व्यय हो रहे 34 लाख रुपए

# 18 सोलर लाइटों से जगमगाएगा खेल मैदान

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर का खेल मैदान 18 सोलर लाइटों से जगमगाने वाला है। सोलर लाइटों के स्थापित हो जाने से जहां खिलाड़ियों को देर रात्रि अभ्यास करने में सुविधा प्राप्त होगी वहीं युवा अधिक समय मैदान में व्यतीत कर पाएंगे।

साथ ही खेल मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए चारों ओर ऑर्नामेंटल (सजावटी) रेलिंग भी लगाई जा रही है, जिससे खेल मैदान की खूबसूरती में ओर वृद्धि होगी तथा यह मैदान बेसहारा पशुओं एवं कुत्तों इत्यादि से सुरक्षित होगा। खेल मैदान के विकास पर प्रदेश सरकार 34 लाख रुपए व्यय कर रही है, जिसमें बाउंड्री वॉल, ऑर्नामेंटल ग्रिल तथा सोलर लाइट इत्यादि कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में 60 प्रतिशत तक यह कार्य पूर्ण कर लिया गया है।



जोगिंद्रनगर का खेल मैदान।

### मिलेगी अच्छी सुविधाएं

जोगिंद्रनगर खेल मैदान कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी का कहना है कि सरकार की ओर से खेल मैदान के विकास पर 34 लाख रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग के माध्यम से खेल मैदान में सोलर लाइट्स, वाउंड्रीवॉल, ऑर्नामेंटल ग्रिल इत्यादि स्थापित करने पर यह धनराशि व्यय की जा रही है तथा वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही खिलाड़ियों को आने वाले समय में खेल प्रशिक्षण के लिए यहां बेहतरीन सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।

# करसोग स्कूल में धूमधाम से मनेगा 76वां गणतंत्र दिवस

लक्की, करसोग



करसोग में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों के दृष्टिगत बैठक का आयोजन उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में एसडीएम सभागार में किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित चुने हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम गौरव महाजन ने कहा कि इस बार 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग में किया जाएगा। समारोह को गरिमा पूर्ण तरीके से मनाने के लिए समारोह के दौरान पुलिस बल, एनसीसी, एनएसएस व स्काउट के छात्रों द्वारा परेड का आयोजन भी किया जाएगा।

उपमंडलाधिकारी करसोग ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों, देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्षेत्र के शहीदों के परिजनों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 100 दिन टीबी अभियान के तहत किए एक्स-रे



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** बीएमओ हरौली पुष्पेंद्र राणा के निर्देशानुसार 100 दिन टीबी अभियान के तहत ग्राम पंचायत गोंदपुर बुल्ला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 115 लोगों के एक्स-रे किए गए। शिविर का उद्देश्य टीबी रोग की पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान दलबीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एमएचडब्ल्यू विक्रांत चौहान, एक्स-रे टेक्नीशियन नितिन, डाटा एंट्री ऑपरेटर मनोज कुमार और धर्मपाल ने अपनी सेवाएं दीं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को टीबी के लक्षण, इसके बचाव और इलाज के बारे में जागरूक किया। बीएमओ पुष्पेंद्र राणा ने बताया कि इस अभियान के तहत क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों को कवर कर टीबी मुक्त समाज बनाने का लक्ष्य है।

### ऑरो टैक्सटाइल लि. बद्दी में भरे जाएंगे पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऑरो टैक्सटाइल लिमिटेड बद्दी द्वारा अप्रेंटिस, ट्रेनी हेल्पर और मशीन ऑप्रेटर के 50 पद अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार 9 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय बंगाणा और 10 जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय ऊना में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जा रहा है। इस बारे जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई फिटर और डिप्लोमा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 18 से 26 वर्ष तथा वेतन 12 हजार प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की ऊंचाई 5 फुट 2 इंच और वजन कम से कम 45 किलोग्राम होना चाहिए। अक्षय शर्मा ने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नम्बर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 88947-80922 पर संपर्क किया जा सकता है।

### शिरडी साई समिति हमीरपुर ने की नियुक्तियां



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शिरडी साई समिति हमीरपुर द्वारा शिव मंदिर हमीरपुर में बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सरिता गौतम ने की। इस दौरान अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति में रिक्त चल रहे चार पदों पर नियुक्तियां की गईं। सचिव के तौर पर विजय गौतम, कोषाध्यक्ष विजय पटियाल, उपाध्यक्ष अश्विनी जम्वाल, प्रबंधक विजय कुमार को नियुक्त किया गया। समिति प्रधान सरिता गौतम ने कहा कि समिति गरीब लोगों के लिए काम करती है।

### बारीं मंदिर में जांचा 72 लोगों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** प्रयास संस्था द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित अस्पताल - सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की सुजानपुर टीम ने जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध करवाते हुए सुजानपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बारीं मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने स्वास्थ्य जांच शिविर मे 72 लोगों की स्वास्थ्य जांचा।

# वरदान बनी राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना

## ऊना के हरदीप, अशोक और संजीव योजना के प्रारंभिक लाभार्थियों में शुमार, हर महीने कमा रहे 50 हजार रुपए

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल सरकार की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना प्रदेश के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से प्रदेश के अनेक युवा न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि प्रदेश में हरित विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह योजना मील का पत्थर बनी है। योजना के लाभार्थियों में शामिल ऊना उपमंडल के रामपुर के 29 वर्षीय हरदीप कुमार की कहानी सबके लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।

कभी सैलून चलाकर गुजर-बसर करने वाले हरदीप ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना का लाभ उठाया और सरकारी सब्सिडी पर ई-टैक्सी ली। अब उनकी ई-टैक्सी जलशक्ति विभाग ऊना में अटैच है, जहां से उन्हें हर महीने 50 हजार रुपए की निश्चित आय हो रही है। यह परिवर्तन उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और स्थिरता लेकर आया है। हरदीप की तरह ही ऊना जिले के अन्य लाभार्थी बढ़ेड़ा के 41 वर्षीय संजीव और दुलैहड़ के 44 वर्षीय अशोक कुमार का जीवन भी राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना से खुशहाल हुआ है।

पहले निजी टैक्सी चलाने वाले इन दोनों को तेल की महंगाई और कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन इस योजना के तहत दोनों ने इलेक्ट्रिक कारें लीं, जिन्हें जलशक्ति विभाग के साथ ई-टैक्सी के तौर पर अटैच किया गया। अब वे हर महीने 50-50 हजार रुपए की निश्चित आय प्राप्त कर रहे हैं और अपने जीवन में सुखमय समृद्धि का अनुभव कर रहे हैं।

विभाग से राज्य स्तर पर प्राप्त जानकारी के मुताबिक वर्तमान में इस योजना में प्रदेशभर से सवा सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से स्वीकृति दी जा रही है। इनमें ऊना जिले के तीन लाभार्थी भी शामिल हैं, जैसे-जैसे और आवेदन प्राप्त होंगे, उन्हें भी स्वीकृति दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)



योजना के तहत ऊना जिले के लाभार्थी ।

### कम खर्च में अधिक आय का मजबूत साधन

लाभार्थियों ने इस युवा-हितैषी योजना के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि ई- टैक्सी से उनके लिए कम खर्च में अधिक आय का मजबूत साधन बना है, जिससे जीवन में सुख और स्थिरता आई है। ई-वाहन चलाना न केवल सरल है, बल्कि यह प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण अनुकूल भी है। राज्य सरकार की यह योजना बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है, साथ ही हिमाचल प्रदेश के पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### लाभार्थियों को 50 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान

ऊना के जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा बताते हैं कि इसमें युवाओं के लिए सब्सिडी पर ई टैक्सी खरीदने का प्रावधान किया गया है। योजना में लाभार्थियों को 50 प्रतिशत सब्सिडी और 40 प्रतिशत पर 7.9 प्रतिशत ब्याज के हिसाब से बैंक लोन उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा शेष केवल 10 प्रतिशत धन लाभार्थी को देना होता है। सरकार ने यह भी व्यवस्था की है कि इन टैक्सियों को सरकारी विभागों के साथ अटैच किया जाएगा, जिसके लिए लाभार्थियों को प्रतिमाह 50 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। वह आगे बताते हैं कि योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों को ए, बी, सी और डी श्रेणियों मे विभाजित किया गया है। ए श्रेणी में 15 लाख तक के विद्युतीय वाहनों, बी श्रेणी में 15 से 20 लाख, सी श्रेणी में 20 से 30 लाख और डी श्रेणी में 30 लाख से ऊपर के वाहन को रखा गया है। वाहनों को श्रेणी अनुसार विभागों से जोड़ा जाएगा।

### विभागों में ई-वाहनों के संचालन को बढ़ावा

उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि प्रदेश सरकार ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के साधन बनाने कि साथ ही हरित हिमाचल बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए हैं। प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से सरकारी विभागों के पुराने वाहनों को ई-वाहनों से बदला जा रहा है और विभागों में ई-टैक्सी के संचालन को प्रोत्साहित किया गया है, ऐसे में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना में सरकारी सब्सिडी पर ई-टैक्सी लेकर रोजगार, स्थायित्व और समृद्धि के नए अवसर बने हैं।

## कल से तलवारबाजी का हुनर दिखाएंगे हिमाचल के खिलाड़ी : अतुल ठाकुर



खिलाड़ियों के साथ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी

**विवेक शर्मा, अंब**

19वीं कैडेट नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप इस बार 8 जनवरी से 11 जनवरी 2025 उत्तराखंड के रुद्रपुर में होने जा रही है। इसके लिए हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने पूरी तरह से कमर कस ली है।

हिमाचल प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के प्रधान शादी लाल गोस्वामी, महासचिव अतुल ठाकुर एवं हर्ष शर्मा ने बताया कि हर वर्ष भी तरह इस वर्ष भी प्रदेश भर के खिलाड़ी तलवारबाजी प्रतियोगिता के अंतर्गत सेबर, ईपी एवं फॉयल इवेंट्स में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए आतुर हैं। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों की सूचि को अंतिम रूप दिया जा चुका है, जबकि उनकी फिटनेस पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की टीम 7 जनवरी को इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने हेतु उत्तराखंड के लिए रवाना हो गई। हिमाचल प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव अतुल ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण स्तर के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलता है तो प्रदेश के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में ऊना जिले के प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

**हिमाचल का प्रधानमंत्री के समक्ष करेंगे प्रतिनिधित्व**

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** भारत सरकार के युवा मंत्रालय द्वारा 25 नवंबर को विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग का आरंभ किया गया, इस कॉम्पिटिशन में प्रतिभागियों को दस विषय दिए गए थे, जिसमें से किसी एक विषय पर प्रतिभागियों को आर्टिकल और पीपीटी देनी थी । कॉम्पिटिशन का मुख्य मुद्दा था कि भारत को एक विकसित देश कैसे बनाया जा सकता है और देश के हर कोने से विभिन्न प्रतिभागियों ने इस कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया।

इसी बीच के ऊना जिले के दो प्रतिभागी आशीष व अभिलव ने राज्य स्तरीय पीपीटी को पार कर अपना स्थान भारत मंडपम में चयनित कर लिया है और अब यह दोनों प्रतिभागी अन्य जिलों के प्रतिभागियों के साथ हिमाचल प्रदेश का विवरण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष करेंगे। बता दें कि इस विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में प्रतिभागियों को चार चरणों से गुजरना था जिसमे क्विज कॉम्पिटिशन, निबंध राइटिंग, स्टेट लेवल पीपीटी प्रेजेंटेशन और चौथे चरण में नेशनल यूथ फेस्टिवल। जिला ऊना के लिए खुशी की बात है कि जिला के दो बच्चे भारत मंडपम, नई दिल्ली आयोजित होने वाले नेशनल यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे।

## राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में तानिया सैनी ने जीता स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, हरोली**



तानिया अपने कोच के साथ

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर की होनहार छात्रा तानिया सैनी पुत्री तरसेम सैनी ने हाल ही में छतीसगढ़ में संपन्न हुई नेशनल गेम्स में जूडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपने माता-पिता, स्कूल तथा जिले का नाम रोशन किया है।

तानिया सैनी नौवीं कक्षा की छात्रा है। तानिया ने स्टेट जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, जिसके चलते उसका चयन नेशनल जूडो प्रतियोगिता के लिया हुआ था। 24 दिसंबर को सोलन के धर्मपुर में चयनित खिलाड़ियों को स्कूल की तरफ से भेजा गया था, वहां से प्रतियोगिता के लिए टीमों को छतीसगढ़ भेजा गया था। स्कूल की प्रधानाचार्य अनु आंगरा ने बताया कि तानिया सैनी के प्रतियोगिता से वापस लोटने पर स्कूल में भव्य स्वागत किया जाएगा।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान मेले में कपिश अव्वल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्यूड़ी के नौवीं कक्षा के विद्यार्थी कपिश शर्मा ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान मेले में वैज्ञानिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट में सर्वोत्तम स्थान हासिल कर विद्यालय के साथ-साथ अपने जिला एवं हिमाचल प्रदेश का मान बढ़ाया है। विज्ञान अध्यापक संघ ऊना के प्रधान रमेश मेहरा एवं विद्यार्थी कपिश शर्मा के गाइड अध्यापक हरदीप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान मेले का आयोजन भोपाल (मध्य प्रदेश) में 3 जनवरी से 6 जनवरी तक हुआ जिसमें भारत के साथ संयुक्त राज्य अमीरात, कुवैत, ओमन, कतर, बहरीन, सऊदी अरब देशों के लगभग 700 बाल वैज्ञानिकों ने अपनी अपनी वैज्ञानिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग में बेस्ट 8 तथा अंडर-16 वर्ग में बेस्ट 8 प्रोजेक्ट चुने गए,जबकि 4 प्रोजेक्ट प्रोत्साहन वर्ग के तहत चयनित हुए। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के किसी विद्यार्थी ने पहली दफा इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के बाल विज्ञान मेले में सर्वोत्तम स्थान हासिल कर अपने जिला के साथ-साथ अपने प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

त्यूड़ी स्कूल के विज्ञान अध्यापक हरदीप सिंह के मार्गदर्शन में कपिश शर्मा तथा अर्शप्रीत कौर ने आलू बीज की सड़न रोकने के तरीके पर वैज्ञानिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की थी, जो राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग में बेस्ट 8 में सर्वोत्तम रही है। कपिश शर्मा की यह उपलब्धि न सिर्फ ऊना जिले के लिए गर्व की बात है अपितु पूर्ण हिमाचल प्रदेश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कपिश शर्मा ने अपनी इस जीत के श्रेय अपने गाइड अध्यापक हरदीप सिंह और अपने प्रिंसिपल अमर सिंह एवं अपने अभिभावकों को दिया है।

वहीं, कपिश के माता-पिता ने अपने पुत्र की इस उपलब्धि को उनके जीवन की सबसे बड़ी खुशी बताया है। वहीं विज्ञान अध्यापक हरदीप सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय ईश्वर की कृपा, अपने माता पिता से मिले संस्कार, लगन तथा कठिन परिश्रम तथा गुरुजनों द्वारा विकसित की गई आलोचनात्मक चिंतन शैली तथा स्टाफ साथ अपनी पत्नी के सहयोग को दिया है।



कार्यक्रम में गणमान्यों से अवॉर्ड प्राप्त करते कपिश शर्मा।

## भूकंप के खतरे वाले जोन को लेकर कार्यशाला में किया मंथन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ऊना और टाटा स्टील के संयुक्त तत्वावधान में जिला परिषद सभागार ऊना में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पल गुर्जर की अध्यक्षता में भूकंप के खतरे वाले जोन 4 और 5 के मद्देनजर सुरक्षित निर्माण प्रेक्टिसिस को बढ़ावा देने के लिए एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भवन निर्माण और संरचनात्मक डिजाइनों में सुरक्षा मानकों की जागरूकता फैलाना था ताकि प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़ और अन्य खतरों के समय जनहानि और आर्थिक नुकसान को कम किया जा सके। भूकंपरोधी भवन निर्माण को लेकर यह कार्यशाला पूरे प्रदेश में प्रथम कार्यशाला आयोजित थी। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षित निर्माण न केवल मानव जीवन को संरक्षित करता है, बल्कि समुदाय के लिए लंबे समय तक टिकाऊ विकास सुनिश्चित करता है। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य में राष्ट्रीय भवन कोड और अन्य प्रासंगिक मानकों का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं भविष्य में आगे भी आयोजित की जानी चाहिए ताकि जिले में सुरक्षित और टिकाऊ निर्माण को बढ़ावा दिया जा सके।कार्यशाला में कंक्रीट विशेषज्ञ चरणजीत सिंह और संरचना इंजीनियर के प्रमुख करनैल सिंह ने भूकंपरोधी भवन निर्माण के लिए प्रयोग की जाने वाली तकनीकों, उचित गुणवत्ता वाली सामग्री और निर्माण के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज, लुधियाना (कंक्रीट विशेषज्ञ) प्रो. चरणजीत सिंह, प्रमुख, संरचना इंजीनियरिंग, करनैल सिंह, बिक्री प्रबंधक टाटा स्टील प्राइवेट लिमिटेड सचिन कुमार, अनिल नरयाल टाटा स्टील प्राइवेट लिमिटेड प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक डीडीएमए राजन कुमार शर्मा तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## विधायक ने स्वयंसेवियों का किया मागदर्शन



एनएसएस के मेगा शिविर में विधायक विवेक शर्मा ने प्रभात फेरी में लिया हिस्सा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना का मेगा शिविर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में आयोजित किया गया, जिसमें हिमाचल के लगभग सभी जिलों के स्कूलों के स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सुबह राष्ट्रीय सेवा योजना के करीब 970 स्वयंसेवियों के साथ भजन-कीर्तन करते हुए स्कूल से थानाकलां तक बहुत ही बढ़िया संदेश देते हुए सभी का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रामआसरा शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं कई गणमान्य व्यक्तिय उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों ने बच्चों को मार्चपास्ट की जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने बाबा गरीब नाथ मंदिर के आसपास सफाई की। गोबिंद सागर में वॉटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों के बारे में और बाबा गरीब नाथ मंदिर के इतिहास के बारे में स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने जानकारी दी।

मेगा शिविर के आब्जर्वर दिलीप ठाकुर ने इस मौके पर विद्यार्थियों को अनुशासन और समाज के प्रति कुरीतियों के बारे में अवगत कराया। दिला राम चौहान चयन कमेटी के अध्यक्ष ने भी स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। यह अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवी योजना के कार्यक्रम अधिकारी लोकेश, मुकेश कुमार , ललिता, दिलेराम, रायसिंह रावत, राम भरज शर्मा, बृज भूषण कैथला, निधि, विकास, रजनीश, संतोष भट्ट,, स्थानीय स्कूल के शिक्षक हंसराज सुमन, अशोक धीमान, नंदलाल ठाकुर, बलविंदर शर्मा, प्रवेश राणा, संदेश, राधिका, संयोगिता शर्मा, रेखा, कांता देवी और नीलम इत्यादि स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।

### पत्नी और आशिक ने की पति को मारने की कोशिश

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली थाना क्षेत्र के एक गांव से बड़ा ही सनसनी केस मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला जिसके तीन बच्चे हैं, ने अपने आशिक के साथ मिलकर अपने पति को जान से मारने का षड्यंत्र रचा और फिर आशिक के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतारने की कोशिश भी की। शिकायतकर्ता पति के अनुसार काफी दिनों से महिला का अवैध संबंध उक्त व्यक्ति के साथ है।

### 50 प्रतिशत टीबी रोगियों में कोई लक्षण नहीं दिखते : डॉ. डोगरा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश भर में 7 दिसंबर को 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया था, जो 24 मार्च 2025 को समाप्त होगा। हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ के वाइस प्रेजिडेंट व हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को जिले भर में व्यक्तियों की जांच करने का काम सौंपा गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बिना लक्षण वाले उच्च जोखिम वाले व्यक्ति भी अनिवार्य एक्स-रे जांच से गुजरें। यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रीय टीबी सर्वेक्षण (2019-2021) से पता चला है कि भारत में लगभग 50 प्रतिशत टीबी रोगियों में कोई लक्षण नहीं दिखाई दिए और उनका निदान केवल एक्स-रे परीक्षणों के माध्यम से किया गया।

**राहत** कुटलैहड़ की जनता को समय-समय पर आर्थिक सहायता देने का आश्वासन

## विधायक विवेक ने जरूरतमंदों को बांटे चेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने मंगलवार को सात परिवारों को 2,90,100 रुपए के आर्थिक चेक वितरित किए। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के विकास और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर समय तैयार रहूंगा।

विधायक ने कहा कि उनकी प्राथमिकता कुटलैहड़ क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को समझना और उन्हें समाधान प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने विभिन्न योजनाओं और सरकारी नीतियों के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित किए। उन्होंने बताया कि यह सहायता उनके क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से दी गई है।

इस आयोजन में दर्जनों लोगों को आर्थिक सहायता मिली, जिसमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, शिक्षा सहायता, और चिकित्सा खर्चों के लिए सहायता शामिल थी। विवेक शर्मा ने कहा यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम हर व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। यह कार्यक्रम समाज के उन वर्गों की मदद करने के लिए है, जो आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार में मदद देने के लिए विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। वहीं, छात्रों के लिए शिक्षा में सुधार और आर्थिक सहायता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। आर्थिक चेक पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। एक विधवा महिला, जिन्हें चिकित्सा सहायता के लिए चेक मिला, ने विधायक विवेक शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा यह सहायता हमारे जैसे परिवारों के लिए बहुत बड़ी राहत है। विधायक विवेक शर्मा हमेशा हमारी परेशानियों को समझते हैं और मदद के लिए तत्पर रहते हैं।

विवेक शर्मा ने इस मौके पर अन्य विकास कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़कों, स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इसके साथ ही, उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनसे सीधा संपर्क करें।

विधायक ने कहा कुटलैहड़ की जनता ने मुझ पर जो विश्वास किया है, उसे मैं कभी टूटने नहीं दूंगा। मेरा लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी या अन्य किसी समस्या से पीछे न रह जाए।

हम सब मिलकर कुटलैहड़ को विकास और नई की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस कार्यक्रम ने जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संबंधों को और मजबूत किया है। यह पहल न केवल जरूरतमंदों की मदद के लिए बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, एसडीओ उदित, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, कांग्रेस नेता राम आसरा शर्मा, विवेक मिंका आदि गणमान्य मौजूद रहे।



विधायक विवेक शर्मा पात्र लोगों को चेक भेंट करते हुए।

## आवास प्लस मोबाइल एप्लीकेशन पर लाभार्थी स्वयं कर सकते हैं अपना सर्वे

**प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में किया जा रहा लाभार्थियों का सर्वेक्षण 31 मार्च तक जारी रहेगी मुहिम**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत सर्वेक्षण के लिए आवास प्लस मोबाइल एप्लीकेशन लांच की गई है। इस ऐप के जरिए हिमाचल प्रदेश में 31 मार्च, 2025 तक पात्र लाभार्थियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दी। उन्होंने बताया कि लाभार्थी एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर और पीएमएवाईजी डॉट एनआइसी डॉट आइएन पोर्टल से डाउनलोड करके स्वयं भी सर्वेक्षण कर आवेदन कर सकते हैं। सर्वे ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों स्तरों पर किया जा सकता है, जिसमें पूरे परिवार का डाटा दर्ज किया जाएगा साथ ही घर का जियो टैग भी किया जाएगा।

जतिन लाल ने बताया कि योजना में यदि कोई परिवार अथवा व्यक्ति पात्रता रखता है तो वह स्वयं अपना सर्वे उपरोक्त मोबाइल एप्लीकेशन से कर सकता है। इसमें चेहरा प्रमाणीकरण, आधार, ई-केवाईसी के माध्यम ये सर्वेक्षण किया जा सकता है। यदि वह परिवार पात्र पाया जाता है तो सत्यापन के उपरांत उसे भी पात्रता सूची में शामिल किया जाएगा।

इस मोबाइल एप्लीकेशन से केवल एक मोबाइल नंबर से एक बार ही परिवार की पात्रता हेतू पंजीकरण किया जा सकता है। इसमें पंजीकरण करने वाले को अपने परिवार की संपूर्ण जानकारी देना जैसे की आधार संख्या, बैंक खाता संख्या अनिवार्य रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ऑफलाइन सर्वेक्षण के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पूर्व में नामित/पंजीकृत सर्वेक्षक पात्र लाभार्थियों के घर जाकर इस मोबाइल एप्लीकेशन से चेहरा प्रमाणीकरण आधार ई-केवाईसी के माध्यम से सर्वे करेंगे। सर्वे के आधार पर ही पात्र लाभार्थियों को आगामी वर्षों में आवास स्वीकृत किए जाएंगे।

उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत जिन लोगों के पास तिपहिया/चौपहिया वाहन, किसान क्रेडिट कार्ड 50 हजार या इससे ज्यादा का हो, जिनके घर का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में हो, परिवार की मासिक आय 15 हजार से अधिक हो या ढाई एकड़ व इससे ज्यादा सिंचित भूमि अथवा 5 एकड़ से ज्यादा असिंचित भूमि, कृषि का तिपहिया या चौपहिया यंत्र, आयकर दाता, उद्यम आयकर दाता एवं सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार इस सर्वेक्षण के लिए पात्र नहीं होंगे।उन्होंने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी पंचायत घर/विकास खंड अथवा जिला विकास कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# नीरू चाली घुमदी... पर गूंज उठा मालरोड

## कुल्लू महोत्सवः अभी 10 जनवरी तक सजी रहेंगी दुकानें, खूब हो रही गर्म कपड़ों की खरीददारी





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित मालरोड में आयोजित हुए कुल्लू महोत्सव की सातवीं सांस्कृतिक संध्या नाटी किंग ठाकुर दास राठी के नाम रही।

मालरोड में लगी अस्थायी दुकानों में जहां लोग खरीददारी करने का आनंद लें रहे हैं। वहीं, महोत्सव के दौरान आयोजित किए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने का भी आनंद ले रहे हैं। इसी कड़ी में सातवीं सांस्कृतिक संध्या लोक गायक ठाकुर दास राठी के नाम रही। सांस्कृतिक संध्या का आगाज शाम पांच बजे कुल्लवी नाटी से हुआ। मालरोड में दर्शकों के मनोरंजन के लिए बनाए मंच पर स्कूली छात्रों सहित विभिन्न कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेशकर कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कुल्लू महोत्सव में जहां स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रस्तुति पेश करने का भी मौका मिला। वहीं, ठंड के मौसम में लोक कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति पेश कर पंडाल में बैठे दर्शकों में गरमाहट पैदा कर दी। सांस्कृतिक संध्या के स्टार कलाकार ठाकुर दास राठी ने जैसे मंच संभाला, तो दर्शकों ने उनका सिटी व जोरदार तालियों से मंच पर स्वागत किया। गायक ठाकुर दास राठी ने मंच पर आते ही कुल्लवी गीतों की छड़ी बिखेरी। उन्होंने ओ सुमित्रा मिलदी ऐजे, नीरू चाली घुमदी, देउआ मारे पडाशरा सहित अन्य गीतों को पेश कर पंडाल में बैठे दर्शकों को खूब झुमाया। इससे पहले लोक गायक आरती ठाकुर, अजय ठाकुर, भूषण देव, बलदेव कुमार, राज कुल्लवी, गुंजन शर्मा, नंद कला, राम हिमाचली, साइना ठाकुर, क्षितिज शर्मा, आईएस चांदनी, सोहन सागर, कृष्ण ठाकुर ने दर्शकों का हिंदी व पंजाबी गानों से खूब मनोरंजन किया, जबकि लोक गायक सेस राम आजाद ने भी नान स्टाप गानों को गाकर पंडाल में बैठे दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी। दर्शक भी उनके गानों पर झूम उठे। इस सांस्कृतिक संध्या में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश मुख्यातिथि, जबकि एसपी कुल्लू विशेषातिथि के रूप में मौजूद रहे।

### दर्शकों सहित मुख्यातिथि व विशेषातिथि भी खूब झूमे

**इस** मौके पर मंच पर अपनी-अपनी प्रस्तुति से लोक कलाकारों ने जहां पंडाल में बैठे दर्शकों को झूमने पर विवश किया। वहीं, लोकगायक सेसराम आजाद व नाटी किंग ठाकुर दास राठी के गीतों पर दर्शकों सहित मुख्यातिथि, विशेषातिथि और नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष सहित अन्य सभी पार्षद भी नाटी कर मनोरंजन करते दिखे।

# बर्फीली खेलों का आनंद लेने चले आएं मनाली

## पर्यटक मनाली से जिस्पा तक फोर बाई फोर वाहनों में कर सकते हैं सफर

**कमलेश वर्मा, केलांग/मनाली**



बर्फीले खेलों के शौकीन हैं, तो सीधे कुल्लू-मनाली चले आएं। यहां की वादियां ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ की सफेद चांदी से चमक उठी हैं। कुल्लू-मनाली के पर्यटन स्थल अटल टनल रोहतांग, हामटा पास, चंद्रखणी जोत, नेहरुकुंड, पलचान, कोठी, सोलंगनाला, अंजनी महादेव, फातरु, गुलाबा बर्फ से लद गए हैं। वहीं, लाहौल घाटी के सिस्सू सहित पूरी घाटी बर्फ के आगोश में समाई हुई है। ऐसे में पर्यटक कुल्लू-मनाली व अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ व साउथ पोर्टल सहित लाहौल घाटी में पहुंचकर बर्फ में खूब मस्ती कर रहे हैं। मनाली व लाहौल-स्पीति जिले में बर्फबारी से वादियां निखर उठी हैं। बर्फीली वादियों का लुत्फ उठाने पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं और विभिन खेलों का आनंद उठा रहे हैं।

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में बर्फबारी के बाद मंगलवार को मौसम साफ रहा और धूप खिलते ही कुल्लू-मनाली व लाहौल की वादियां बर्फ की चांदी से चमक उठी। पर्यटकों ने मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थलों में बर्फीली खेलों सहित अन्य गतिविधियों का खूब लुत्फ उठाया। उधर, लाहौल के सभी मुख्य मार्ग छोटे वाहनों के लिए बहाल हो गए हैं। फोर बाई फोर वाहनों में पर्यटक मनाली से जिस्पा तक जा सकते हैं। दर्रों व ऊंचे क्षेत्रों में हुई बर्फबारी से पर्यटन कारोबारियों सहित बागवानों किसानों ने भी राहत की सांस ली है। सर्दियों के चलते सभी दर्रे पर्यटकों के लिए बंद हैं, लेकिन लाहौल-स्पीति प्रशासन ने घाटी के सभी मुख्य मार्ग पर्यटकों के लिए बहाल रखे हैं। पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए मनाली प्रशासन ने कोठी से आगे गुलाबा तक जाने की भी व्यवस्था की है। (अनंत ज्ञान)

> **लाहौल** घाटी में पर्यटकों का स्वागत है। बर्फबारी से अवरुद्ध हुए सभी मुख्य मार्ग बहाल कर दिए हैं। पर्यटक घाटी में आराम से घूमने का आनंद उठा सकते हैं। पर्यटकों से आग्रह है कि वह फोर बाई फोर वाहनों में ही सफर करें। लाहौल-स्पीति की हर घाटी में उत्सवों की धूम शुरू हो गई है। सरकार का प्रयास रहेगा कि पर्यटक घाटी के हर उत्सव में शामिल हों और उत्सवों का आनंद ले सकें।
> **अनुराधा राणा, विधायक लाहौल-स्पीति।**

> **बीआरओ** से आग्रह किया गया है कि कोठी से गुलाबा तक सड़क बहाल रखी जाए, ताकि पर्यटक गुलाबा तक आराम से घूम सकें। घाटी में मौसम सुहावना है। कभी बर्फ के फाहे तो कभी खिली धूप में पर्यटक घूमने का आनंद ले रहे हैं। पर्यटन से जुड़े कारोबारियों से आग्रह की पर्यटकों का स्वागत अतिथि देवो भव की तर्ज पर करें।
> **भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली।**

## न्यूज ब्रीफ

### रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** डीसी तोरुल रवीश ने अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर का दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रस्ट के आर्ट गैलरी, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट तथा सोवेनियर दुकान का जायजा लिया। उन्होंने रेस्तरां में अच्छी व्यवस्था करने यहां आने वाले आगंतुकों के लिए आवश्यक सुविधाओं को सृजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेस्तरां के एक कोने में भी सोवेनियर स्टाल लगाएं, ताकि यहां बैठने वाले लोग यहां की चीजों को खरीद सकें। उन्होंने कलाकारों के रहने के लिए अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं सहित स्वच्छ टॉयलेट की व्यवस्था करें तथा कैफे का अच्छी तरह से संचालन करें। उन्होंने यहां पर टिकटेड कार्यक्रम कर प्रदर्शनियों एवं आर्ट वर्कशॉप करने के लिए निर्देश दिए, ताकि ट्रस्ट को आय का भी सृजन हो सके। यहां पर स्कूलों के लिए छुट्टियों में विशेष आर्ट कक्षाएं लगाएं। यहां के लिए चाइल्ड केयर संस्थान के बच्चों की पिकनिक भी जिला प्रशासन प्रायोजित करेगा तथा सभी स्कूल, कॉलेज को भी प्रेरित किया जाएगा कि यहां आकर छात्रों का दौरा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

### विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में कंगना चयनित

**अनंत ज्ञान, मनाली।** विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग-2025 दिल्ली में भाग लेने के लिए जिला कुल्लू के पतलीकूहल निवासी कंगना ठाकुर का चयन हुआ है। सन् 2047 के पूर्व भारत को विकसित बनाने की मुहिम के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसमें हिमाचल से 40 युवाओं का चयन हुआ है। पतलीकूहल निवासी कंगना ने बताया कि प्रदेश के 40 युवाओं को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपना विजन प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि उन्हें भी यह सौभाग्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि वह कुल्लू कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्रा है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। कंगना की इस उपलब्धि पर विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### 15 से बंद रहेंगे माता हिडिंबा के कपाट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल घाटी की आराध्य देवी माता हिडिंबा के कपाट 15 जनवरी से 14 मार्च तक बंद रहेंगे। इस बीच माता हिडिंबा स्वर्ग प्रवास पर रहेगी। माता हडिंबा जहालमा के पुजारी व सेवक अनुज पथरू ने कहा कि 15 जनवरी से माता हडिंबा के मंदिर के कपाट (द्वार) बंद हो जाएंगे। इस वक्त देवी देवता स्वर्ग प्रवास चले जाएंगे और 14 मार्च तक स्वर्ग प्रवास में रहेंगे। उस समय कोई भी आवाज़ या हलचल मन्दिर में नहीं होगी। साथ ही पूजा पाठ सहित कोई भी देव कार्य नहीं होगा। उन्होंने सभी भक्तों से आग्रह किया कि भक्तजन जब तक मंदिर के कपाट( द्वार ) खुलते नही तब तक मंदिर न जाऐ। उन्होंने कहा कि मार्च 14 को दोबारा दर्शन के लिए मंदिर खोल दिया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों से सहयोग की अपील की है।

### समूहों को 30 लाख के ऋण वितरित किए




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका अभियान के अंतर्गत डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार की अध्यक्षता में केलांग में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा जिले के स्वयं सहायता समूहों के लिए लोन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी ने बताया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिला लाहौल-स्पीति को चालू वित वर्ष में 20 लाख रुपए के ऋण स्वयं सहायता समूहों को वितरित करने का लक्ष्य दिया, जबकि जिला व विकास खंडों ने बेहतर कार्य कर लक्ष्य प्राप्त ही नहीं किया, बल्कि स्वयं सहायता समूहों को 30 लाख रुपए के ऋण वितरित किए हैं, जो कि लक्ष्य से 50 प्रतिशत अधिक हैं। डीसी ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार महिलाओं के शिक्षा, स्वस्थ्य व आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है और इस उद्देश्य के लिए अनेक योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह महिलाओं के सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण साधन है। स्वयं सहायता समूहों द्वारा जिले में अच्छा कार्य किया जा रहा है और महिलाएं अपने घरेलू कार्यों, खेती व पशुपालन के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अपनी आर्थिकी को भी सुदृढ़ कर रही हैं और अपने जीवन को बेहतर बना रही हैं। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह अलग-अलग गतिविधियों के लिए लोन ले रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण विकास के अधिकारियों से कहा कि जिले के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की जा रही आई टैग प्राप्त लाहौली जुराब सहित अन्य सामान को प्रदेश सरकार द्वारा तैयार हिम ईरा वेबसाइट पर बिक्री के उपलब्धता भी सुनिश्चित बनाई जाए, ताकि महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

### यंग अचीवर्स ओलंपियाड में शिवांश प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय स्तरीय यंग अचीवर्स ओलंपियाड की ऑनलाइन प्रतियोगिता में कुल्लू के शिवांश प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया है। यह ऑनलाइन प्रतियोगिता पांच जनवरी को यंग अचीवर्स ओलंपियाड हैदराबाद तेलंगाना की फाउंडर भावना रेड्डी द्वारा करवाई गई, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के बच्चों ने स्पीच, स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता और पोयम रेसिटेशन में अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं, कुल्लू के शिवांश ने इन तीनों प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया।

### महिलाओं को बताए डिजिटल बैंकिंग के फायदे

**अनंत ज्ञान भुंतर।** जिला कुल्लू के प्रवेशद्वार भुंतर के साथ लगती पंचायत शुरढ़ में महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग के फायदे बताए। कांगड़ा बैंक ने पंचायत में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। इसमें ग्रामीणों खासकर महिलाओं को बैंकिंग और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कांगड़ा बैंक शाखा भुंतर की प्रबंधक शिवानी सिंह ने कहा कि बैंक द्वारा डिजिटल बैंकिंग और योजनाओं की जानकारी शिविरों के माध्यम से लोगों को दी जा रही है, ऐसे में मंगलवार को शुरढ़ पंचायत में शिविर लगाया गया।

# कटराई में लगने वाले कूड़ा संयंत्र के स्थान का डीसी ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने मंगलवार को कटराई पंचायत में लगने वाले कूड़ा संयंत्र के स्थान का दौरा किया। पहले भी पंचायत कटराई के वार्ड नंबर-3 और 4 की जनता ने जटेहड़ बिहाल में प्रस्तावित कूड़ा घर के निर्माण को लेकर अपना विरोध दर्ज करवाया था।

वार्ड नंबर-3 और 4 की जनता का कहना है कि कूड़ा घर निर्माण से आसपास के क्षेत्रों के लोगों को कई तरह की परेशानी उठानी पड़ेगी। उनका मानना है कि जहां कूड़ा संयंत्र का निर्माण होना है, उसके साथ आंगनबाड़ी केंद्र, सोबर युवक मंडल का भवन और अंबेडकर भवन स्थित है, जहां आए दिन कोई न कोई सरकारी और निजी कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। उन्होंने कूड़ा संयंत्र की जगह खेल मैदान की मांग की है। स्थानीय जनता की शंकाओं को दूर करते हुए डीसी ने कहा कि इस संयंत्र में केवल कटराई पंचायत से एकत्र कर सूखे कचरे का निष्पादन किया जाएगा अन्य पंचायतों को भी अपने स्तर पर ही कचरे का निष्पादन करना होगा। जिलाधीश ने आश्वासन दिया कि यदि स्थानीय लोग पंचायत के साथ मिलकर अन्य स्थान कूड़ा संयंत्र लगाने के लिए एक माह में चिन्हित करते हैं, तो सयंत्र को वहां लगाया जाएगा।

# कुल्लू में पेंशनर भवन की सुविधा न होने से पेश आ रही दिक्कत

## पेंशनर भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटित करने बारे डीसी को सौंपा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन की अध्यक्षता में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से उनके चैंबर में मिला।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने जिला मुख्यालय कुल्लू में पेंशनर भवन का निर्माण करने के लिए दस बिस्वा भूमि आवंटित करने के लिए मांगपत्र सौंपा। एलआर गुलशन ने बताया कि कुल्लू में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने के लिए पेंशनर भवन की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे बाह्य सराज के आनी, निरमंड सहित बंजार, सैंज, भुंतर, कुल्लू शहर और नग्गर/ मनाली जैसे दूर दराज के क्षेत्रों से कुल्लू मुख्यालय में बैठक में आने वाले पेंशनभोगियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने हैरानी जताई कि कुल्लू में अनेक तथाकथित समानांतर पेंशनर संगठन सक्रिय हैं, लेकिन किसी भी पेंशनर संगठन ने आज तक इस जायज मांग की ओर ध्यान नहीं दिया। पेंशनर्स को पेश आ रही समस्याओं पर चर्चा के लिए मंदिर की सरायों, होटलों, महिला मंडलों, सामुदायिक भवनों और यहां तक कि खुले आसमान के नीचे ढालपुर मैदान में बैठक करनी पड़ती है। डीसी ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गौर से सुना और जिला मुख्यालय में पेंशनर्स की सुविधा के लिए पेंशनर भवन के निर्माण के लिए उपयुक्त जगह तलाशने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव किरण चंद शर्मा, भुंतर खंड के अध्यक्ष ओंकार शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड के महासचिव खुशाल चंद नेगी, उपाध्यक्ष भागचंद ठाकुर, रवींद्र भार्गव आदि मौजूद रहे।

### उपचारधीन पेंशनर्स के तीमारदारों के ठहरने की हो व्यवस्था

**जनजातीय** क्षेत्र पांगी, किलाड़, लाहौल-स्पीति तथा मंडी सराज के दूरदराज के क्षेत्रों से अपनी बीमारी का इलाज करवाने के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू आने वाले वयोवृद्ध पेंशनर्स और कुल्लू अस्पताल में दाखिल पेंशनर्स के तीमारदारों के ठहरने की सुविधा भी नहीं है, जिससे उन्हें प्राइवेट होटलों में ठहरने के लिए भारी-भरकम खर्च उठाना पड़ता है।

### दिक्कतों का करना पड़ता है सामना

**प्रदेशाध्यक्ष** एलआर गुलशन ने बताया कि शिक्षकों के लिए जिला मुख्यालय सरवरी में टीचर होम और अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के लिए जिला मुख्यालय सरवरी कुल्लू में बैठक करने के लिए एनजीओ भवन की सुविधा पहले से ही उपलब्ध है, लेकिन जिले के सैकड़ों पेंशनर्स का अपना पेंशनर भवन न होने के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# कांग्रेस ने बंजार से किया भेदभाव : शौरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले 2 सालों में बंजार विधानसभा क्षेत्र का विकास करवाने की बजाए भेदभाव किया है।

कुल्लू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने बंजार में कोई भी विकास कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह विधानसभा सत्र में जो विकास कार्य को लेकर जानकारी प्रदेश की सरकार ने दी, उसमें दो वर्षों में मात्र 6 विकास कार्यों के उद्घाटन, शिलान्यास प्रदेश की सरकार ने किए हैं। उनमें से भी एक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, जो पिछली जयराम के कार्यकाल की थी और 1 पुल एनएचपीसी के तहत और 2 पुल डिजास्टर से लगाएं हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार का 2 वर्ष का कार्यकाल बेहद निराशाजनक रहा है। अब बंजार की जनता के लिए खुला पत्र के माध्यम से प्रदेश सरकार के 2 वर्षों में बंजार की जनता से किए गए भेदभाव और जनविरोधी नीतियों को लेकर घर-घर कार्यकर्ता खुला पत्र के माध्यम से प्रदेश सरकार की नाकामियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे। पूर्व की भाजपा सरकार के कार्यकाल में जो विकास कार्य उन्होंने शुरू किए थे, जिनमें बंजार के बाईपास का निर्माण, सब्जी मंडी मार्केट यार्ड का निर्माण कार्य, बजौरा में आयुर्वेदिक अस्पताल निर्माण का कार्य और बंजार अस्पताल का निर्माण कार्य, सैंज में बस अड्डे का निर्माण कार्य, मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य सैंज में इनडोर स्टेडियम योजना का कार्य सहित दर्जनों ऐसे विकास कार्य हैं, जो अभी तक दो सालों में कांग्रेस कार्यकाल में ठप पड़े हुए हैं।

### अधिकारियों को बचाने की राजनीति कर रहे कांग्रेसी नेता

**कुल्लू** के कांग्रेस नेताओं पर अधिकारियों को शह देने और उनका पक्ष रखकर उन्हें बचाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के पास और कोई काम नहीं रह गया है इसलिए अब वह जिले के अधिकारियों का पक्ष रखकर उन्हें बचाने में लगे हुए हैं।

# 10 से होगा क्रिकेट महाकुंभ का आगाज

**अनंत ज्ञान, आनी।** पिछले 32 सालों से सफलतापूर्वक आयोजित हो रहे क्रिकेट महाकुंभ सिराज कप का आयोजन इस साल 10 जनवरी से होगा, जिसकी तैयारियों को लेकर क्लब के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी 128 टीमों की पर्चीयां बनाई गई। सिराज क्लब के आयोजक स्पोर्ट्स एवं क्लचरल क्लब ने अपने सोशल मीडिया पेज सिराज कप के माध्यम से लाइव टाइज डाली, जिसमें चार पूल बनाए गए। सभी पूलों में 32.32 टीमें बनाई गई। सभी टीमों के प्रतिभागियों को टाइज के माध्यम से पड़ने वाले मैचों की जानकारी प्रदान की गई। सिराज क्रिकेट कप के संयोजक विपिन ने बताया कि सिराज कप का आयोजन दस से होगा। सभी टीमों को आगामी पड़ने वाले मैचों के बारे जानकारी दे दी गई है। सिराज क्रिकेट कप में 128 टीमें अपना ऑनलाइन पंजीकरण पहले ही करवा चुकी हैं।

# प्रदेश सरकार लाहौल-स्पीति में प्रस्तावित परियोजनाओं को करे निरस्त : नवांग तांबा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



जन चेतना समिति लाहौल-स्पीति के प्रधान नवांग तांबा ने हिमाचल सरकार द्वारा राज्य में प्रस्तावित जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण को हाल ही में दी गई अंतिम मंजूरी का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित परियोजनाओं की विद्युत उत्पादन की क्षमता 6.5 मेगावाट से 400 मेगावाट तक स्वीकृत हुई है।

इनमें से अधिकांश जिले जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति ,चंबा, किन्नौर चिन्हित किए हैं यह क्षेत्र अत्यंत नाजुक एवं संवेदनशील हिमालय ठंडे रेगिस्तान में स्थित है। उन्होंने कहा कि पावर प्रॉजेक्ट लगने से यह वहां की जलवायु, पर्यावरण और प्रकृति को नष्ट करेगा, जिसका प्रकृति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। तांबा ने बताया कि वर्ष-2010 में अभय शुक्ला द्वारा गठित समिति के अनुसार-7000 फुट से अधिक ऊंचाई पर हिमनद नदियों पर बड़ी परियोजनाओं पर प्रतिबंध है। जनजातीय क्षेत्र जिस पर यह परियोजनाओं का कार्य होना है।

भूकंप की दृष्टि से यह इलाका 4 से 5 भूकंपीय क्षेत्र की दृष्टि में आता है। पर्यावरण विद किशन लाल व शोर पांगी के समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी यशवंत ठाकुर ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में इन दानवरूपी परियोजनाओं का लगना पर्यावरण के विनाश का कारण है। इन परियोजनाओं के लगने से वहां की जलवायु, भूमि, पर्यावरण, जैव विविधता वनस्पति, जीवजंतुओं, सिंचाई, वायु प्रदूषण आपदाएं आएंगी। हिमाचल सरकार इन परियोजनाओं को तुरंत निरस्त करे।

# काजा में 14 से 17 तक होगी आइस हॉकी कप प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल काजा में 14 से 17 जनवरी तक आइस हॉकी कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने अपने कार्यालय कक्ष में आइस हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा होंगी। यह प्रतियोगिता 14 से 17 तक काजा के आइस हॉकी रिंग में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में स्पीति घाटी के तोंद, सेंटर, शाम तथा पिन चारों जोनों से खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके अलावा शिमला से भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नायब तहसीलदार मोहन सिंह, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग जितेश शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग मनोज नेगी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, संयोजक युवा सेवा एवं खेल विभाग सकल्जंग दोरजे सहित आइस हॉकी एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

**उपलब्धि** पहले ही अटेम्प्ट में पास की एचएएस की परीक्षा, किया18वां रैंक हासिल

# निरमंड के अंकुश ने पूरा किया पिता का सपना

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

महान वैज्ञानिक और देश के राष्ट्रपति रह चुके अब्दुल कलाम कहते थे कि सपने वो नहीं हैं, जो हम नींद में देखते हैं सपने वो हैं जो हमको नींद नहीं आने देते।

इन्हीं पंक्तियों को साकार किया है मूलत: कुल्लू के निरमंड के रहने वाले अंकुश कुमार ने, जिन्होंने एचएएस बनकर उस सपने को पूरा कर दिखाया है, जो कभी उनके पिता ने देखा था और उस वक्त आर्थिक तंगी के चलते पूरा नहीं कर पाए थे। अंकुश ने 18वां रैंक हासिल किया है। (अनंत ज्ञान)



माता-पिता के साथ एचएएस अंकुश कुमार।

### 3 साल तक खुद को मोबाइल फोन से दूर रखा, पहली बार में पास की परीक्षा

**अंकुश** कुमार ने पहली बार में ही एचएएस के मेंस पेपर और साक्षात्कार को पास कर यह उपलब्धि हासिल की है। एचएएस अंकुश कुमार ने यह उपलब्धि रातों-रात हासिल नहीं की, बल्कि उन्होंने 3 साल तक सोशल मीडिया यहां तक कि मोबाइल फोन सहित ऐसी हर चीज से खुद को दूर रखकर दिन-रात कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल की है, जिससे ध्यान भटकता है। अंकुश कुमार कहते हैं कि एचएएस बनने के लिए जरूरी नहीं कि आप 15 घंटे पढ़ें, बल्कि हर दिन पढ़ें और बस लिखते जाएं। खुद में समान्य ज्ञान और देश दुनिया की सामान्य समझ को विकसित करके तैयारी की जाए।

### कोरोना काल में इंजीनियर की नौकरी छोड़ की तैयारी शुरू

**अंकुश** के पिता अशोक कुमार स्वास्थ्य विभाग में सेवारत हैं और वर्तमान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू के कार्यालय में बतौर सुपरवाइजर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे मूलतः निरमंड के परशुराम मोहल्ले के रहने वाले हैं और वर्तमान में कुल्लू के बजौरा में सेटल हो गए हैं, जबकि माता कुसुमलता सफल गृहिणी हैं और बहन स्वाति ने ह्यूमन रिसोर्स में एमबीए किया है और निजी कंपनी में जॉब करती है। पिता अशोक बताते हैं कि अंकुश की प्राथमिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर छनीखोड़ (मणिकर्ण) से 2010 में हुई, उसके बाद जवाहर 12वीं तक कि पढ़ाई नवोदय विद्यालय कुल्लू (मंडी) से 2016 में पूरी हुई, जबकि जेईई की परीक्षा पास करने के बाद अंकुश कुमार ने एनआईटी हमीरपुर से कंप्यूटर साइंस में 2020 तक बीटेक किया, जिसके बाद एक साल रिलायंस डिजीटल कंपनी में बतौर इंजीनियर जॉब कर रहे थे, जब कोरोना महामारी ने दस्तक दे डाली और अंकुश को जॉब छोड़कर घर वापस आना पड़ा। इसी दौरान अंकुश ने दिन-रात मेहनत कर अपने पापा के सपने को पूरा कर दिखाया। अंकुश की इस उपलब्धि से माता, पिता, बहन की खुशी का ठिकाना नहीं है। अंकुश की इस उपलब्धि पर निरमंड, आनी सहित पूरे आनी विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर है। वहीं, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, सचेत संस्था, विभिन्न सामाजिक संगठनों और आम जनता ने अंकुश को बधाई दी है।

# सैनिक कर रहा था देश की रक्षा, चोरों ने घर पर रखे गहनों पर कर दिया हाथ साफ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



सैनिक जिस समय देश की रक्षा कर रहा था, उस समय चोरों ने सैनिक के घर पर रखे गहनों पर हाथ साफ कर दिया। मामला राजगढ़ के शमोगा गांव का है। इस सारे मामले की सैनिक ने राजगढ़ थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। सैनिक ने बताया कि गत 25 दिसंबर को वह परिवार सहित अपनी छुट्टी काट कर वापस ड्यूटी पर चला गया था। उसके घर में कोई नहीं रहता है। गत 6 जनवरी को उसके भाई नरेश ने उसे फोन कर बताया कि उसके घर के ताले टूटे हुए हैं।

इसकी सूचना मिलते है वह वापस अपने घर आया और देखा तो उसके घर के ताले टूटे हुए थे और अलमारी का ताला भी टूटा था। अलमारी के लाकर में रखे उसकी शादी के समय के आभूषण गायब थे, जो आभूषण गायब हुए हैं, उसमें एक सोने का हार ,नाक की तिल्ली, कान के झूमके, सोने की दो जेटस फिंगर व एक घड़ी के साथ-साथ घर से चार कंबल भी गायब हैं। कुल मिलाकर चोरों ने लाखो रुपए का सामान गायब कर दिया है। मुकेश कुमार पुलिस उपअधीक्षक राजगढ़ ने बताया कि पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आगामी छानबीन आरंभ कर दी है। जल्द ही चोर पुलिस की पकड़ में होंगे।

# स्वास्थ्य विभाग आई-राइट ऐप में अपलोड करेगा सड़क दुर्घटनाओं का डाटा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश के सरकारी और निजी अस्पताल आई-राइट ऐप में जुड़ेंगे। इसके तहत अब सड़क दुर्घटनाओं में घायलों से जुड़ी जानकारियों को अपलोड किया जाना जरूरी किया गया है। क्षेत्रीय अस्पताल में भी यह व्यवस्था शुरू की गई है।

ऐप के माध्यम से पुलिस को घायलों की एमएलसी लेने के लिए अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। आमतौर पर सड़क दुर्घटनाओं के घायलों को निकटम अस्पताल पहुंचाया जाता है। ऐसे में कई बार सड़क दुर्घटनाओं का सही आंकड़ा नहीं मिलता है। अब सरकारी और निजी अस्पताल के डॉक्टरों और दुर्घटना संबंधित जानकारी ऐप में अपलोड करना जरूरी होगा। इस ऐप से पुलिस को घायल की एमएलसी ऑनलाइन उपलब्ध होगी, जिससे समय की बचत होगी। (अनंत ज्ञान)




### विभागों में हुआ एमओयू

**प्रदेश** के सरकारी और निजी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों को सड़क दुर्घटना के घायलों का डाटा आई-राइट ऐप में अपलोड करना जरूरी होगा। इस बाबत केंद्रीय सड़क परिवहन के निर्देशानुसार राजमार्ग मंत्रालय स्वास्थ्य विभाग का पुलिस, एनएचएआई और परिवहन विभाग के बीच एमओयू हुआ है। इससे देश और प्रदेश में होने वाली वाहन दुर्घटनाओं का डाटा मेंटेन होगा। साथ ही वाहन दुर्घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील सड़कों का भी पता चलेगा। इससे सड़कों के ब्लैक स्पॉट को दरुस्त कर वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी।

### परिवहन संबंधी जानकारी अपलोड करने की सुविधा

**आमतौर** पर आई-राईड ऐप से यात्रियों को अपने स्मार्ट फोन से किसी भी तरह की परिवहन से संबंधित जानकारी अपलोड की सुविधा मिलती है। यह ऐप सवारों को अपनी यात्राओं की समीक्षा करने और उन्हें प्रबंधित करने के लिए सीधी पहुंच प्रदान करता है। इससे टैक्सी और ट्रांसपोर्ट संचालकों को अपने कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रहती है। अब इस टेक्नोलॉजी को स्वास्थ्य विभाग भी अपनाएगा। इसका सीधा लाभ यह होगा कि अस्पताल में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की एमएलसी तुरंत पुलिस को भेजकर उपचार शुरू किया जा सकता है।

*"केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार सोलन अस्पताल में आई-राइट ऐप पर वाहन दुर्घटना संबंधित जानकारी अपलोड होगी। यह व्यवस्था सरकारी और निजी अस्पतालों में जरूरी की गई है।"*

**डॉ. गगन जैन, कार्यक्रम अधिकारी, सोलन अस्पताल।**

# नौणी, एचआईएल ने भारत में प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाने के लिए बनाई साझेदारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी और हिंदुस्तान इंसेक्टिसाइड्स लिमिटेड (एचआईएल) ने भारत में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह एमओयू वैश्विक पर्यावरण सुविधा (जीईएफ) और संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) के क्षेत्रीय चाइल्ड परियोजना, जो भारत में फोस्टरिंग एग्रो केमिकल रिडक्शन एंड मैनेजमेंट पहल के माध्यम से कृषि रसायन के उपयोग को कम करने और प्रबंधित करने पर केंद्रित है उसके संयुक्त कार्यान्वयन के लिए किया गया है। एचआईएल, भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जो कृषि रसायन, बीज और पानी में घुलनशील उर्वरक बनाता है। यह साझेदारी देश में प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक रूप से कृषि रसायनों और उर्वरकों के उत्पादन में शामिल एक कंपनी के अग्रणी प्रयास का प्रतीक है। इस एमओयू पर नौणी विवि के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल और एचआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कुलदीप सिंह ने हस्ताक्षर किए। फार्म परियोजना का प्राथमिक लक्ष्य रासायनिक कीटनाशकों के लिए सुरक्षित विकल्प प्रदान करना और भारत के कृषक समुदायों के बीच प्राकृतिक खेती सहित एकीकृत कीट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देना है। इस पहल का लक्ष्य 1.5 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि को पारंपरिक रासायनिक खेती से जैविक/प्राकृतिक खेती के तरीकों में परिवर्तित करना और 1.5 मिलियन लोगों को हानिकारक कीटनाशकों के संपर्क से बचाना है। प्रोफेसर चंदेल ने इस अवसर को विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया और प्राकृतिक खेती और कृषि पारिस्थितिकी में विश्वविद्यालय की भूमिका पर जोर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### 1 किलो 35 ग्राम अफीम के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर पुलिस की एसआईयू टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर एक व्यक्ति से लगभग एक किलो 35 ग्राम अफीम बरामद की है। अफीम की बड़ी खेप पुलिस दल ने एक वाहन चालक से बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार एसआईयू नाहन की एक टीम राजगढ़ व आसपास के क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तो आईएसयू की टीम को अफीम की तस्करी की गुप्त सुचना मिली। इसी आधार पर पुलिस ने सनोरा राजगढ़ सड़क पर घनेच के पास राजगढ़ की ओर जा रही कार संख्या एच.पी-16 3236 को रोका और कार की तलाशी ली, तो उस दौरान कार से पुलिस को लगभग 1 किलो 35 ग्राम अफीम बरामद हुई। कार में चालक के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति सवार नहीं था। कार चालक की पहचान सुधीर आयु लगभग 35 वर्ष निवासी खेरी जिला सोलन के रूप में हुई है। पुलिस उपअधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि राजगढ़ थाने में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है और पुलिस इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अफीम की यह बड़ी खेप कहा से आई थी और आगे कहां ले जाई जा रही थी।

### उचित मूल्य की दुकानों के लिए 27 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के विकासखंड राजगढ़ के ग्राम नईनेटी के वार्ड नं.-3, ग्राम भानत के वार्ड नं.-1 तथा विकास खंड संगडाह की पंचायत खूड द्राबिल के ग्राम खूड द्राबिल व पंचायत शिवपुर के ग्राम अरट में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अंतर्गत नई उचित मूल्य की दुकानें खोली जानी प्रस्तावित हैं, जिसके लिए इच्छुक व्यक्ति/संस्थाएं विभागीय वेबसाइट emerginghimachal.hp.gov.in पर ऑनलाइन माध्यम से 27 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सिरमौर नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक होनी चाहिए। आवेदन प्रपत्र के साथ, मैट्रिक प्रमाण पत्र तथा अन्य उच्च शिक्षा प्रमाण पत्र, वित्तीय स्थिति, भूतपूर्व सैनिक, अपंगता, शिक्षित बेरोजगार होने की स्थिति में स्वयं या परिवार के किसी भी सदस्य के नियमित रोजगार में न होने संबंधी प्रमाण पत्र, दुकान की उपलब्धता एवं भंडारण क्षमता, विधवा एकल नारी, बीपीएल/एससी/ओबीसी/एसटी परिवार से संबंधित प्रमाण पत्र लगाना आवश्यक है। यदि आवेदक उसी स्थान का है, जिसमें उचित मूल्य की दुकान खोली जानी प्रस्तावित है, तो इस संबंध में पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र की प्राधिकृत अधिकारी से सत्यापित प्रतियां, स्वयं या परिवार के किसी भी सदस्य का सांसद अथवा विधायक व स्थानीय निकायों में से किसी भी पद पर चुने हुए न होने संबंधी शपथ पत्र अपलोड करना भी अनिवार्य है।

### शास्त्री भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ हिमाचल के विद्यालयों में शास्त्री भर्ती प्रक्रिया को जल्द शुरू करने के लिए सरकार से मांग की है। उच्च न्यायालय की ओर से दी गई व्यवस्था का स्वागत किया है। इसके अनुसार शास्त्री पद के लिए बीएड की अनिवार्यता समाप्त की गई। इस निर्णय के बाद अब वर्षों से नौकरी की राह देख रहे शास्त्री उत्तीर्ण युवा लाभान्वित होंगे। संघ के प्रदेशाध्यक्ष दुर्गानंद शास्त्री ने कहा कि अब विभाग को जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिए। वर्षों से रोजगार की आस लगाए बेरोजगार शास्त्री अभ्यर्थियों को उच्च न्यायालय से राहत मिली है, अब इस पर यथाशीघ्र अमल भी होना चाहिए। भर्ती में पहले ही दो वर्ष का विलंब हो चुका है। हिमाचल के विद्यालयों में शास्त्री अध्यापकों के सैकड़ों पद रिक्त पड़े हैं। इस कारण विद्यालयों में छात्रों का अध्ययन बाधित हो रहा है इसलिए सबसे पहले बैचवाइज भर्ती प्रक्रिया जो रोक दी गई थी, उसे शुरू किया जाना चाहिए।

### छात्रों को मिलेगी 1 लाख 80 हजार की छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) सोलन ने प्रदेश में चल रही स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति योजना के दूसरे चरण की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा परिणाम एससीईआरटी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। 10 नवंबर को आयोजित हुई दूसरे चरण की इस परीक्षा में पहले चरण को पार करने वाले प्रदेश के कुल 554 छात्रों में से 446 छात्रों ने भाग लिया। दूसरे चरण के परिणाम के बाद अब एससीईआरटी द्वारा टॉप 100 की सूची जारी की जाएगी। जिला भर कोटे के अनुसार टॉप 100 सूची में आने वाले छात्रों को छठी, सातवीं और आठवीं कक्षाओं में 3 वर्ष तक करीब 1 लाख 80 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जानकारी के अनुसार अभी परिणाम की सूची अपलोड की गई है। इसमें छात्र 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। इसके बाद एससीईआरटी पास होने वाले छात्रों का वेरिफिकेशन करेगी। शिक्षा खंडों के माध्यम से यह जानकारी जुटाई जाएगी कि परीक्षा में पास हुआ छात्र सरकारी स्कूल में ही शिक्षा ग्रहण कर रहा है। यही नहीं संबंधित छात्र की छठी कक्षा में 75 फीसदी हाजिरी होना भी जरूरी है। 2 स्तर की परीक्षा पास करने के बाद टॉप 100 में आने वाले छात्रों को स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति योजना के तहत छठी कक्षा में 4 हजार रुपए प्रतिमाह, सातवीं कक्षा में 5 हजार रुपए प्रतिमाह और आठवीं कक्षा में 6 हजार रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके लिए छात्र सरकारी स्कूल में ही शिक्षा ग्रहण कर रहा हो और किसी भी कक्षा में फेल नहीं होना चाहिए।

### भूंडा यज्ञ को लेकर झूठी अफवाह न फैलाएं

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** अंबिका माता निरमंड के कारदार पुष्पेंद्र शर्मा ने जारी एक प्रेस बयान में कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया के जरिए निरमंड में भूंडा यज्ञ को लेकर झूठा प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निरमंड में भूंडा यज्ञ को लेकर न तो कमेटी की कोई बैठक हुई है और न ही कोई जानकारी किसी को साझा की गई है। उन्होंने कहा कि बूढ़ी दिवाली के समय निरमंड में कोट देवता ने भूंडा यज्ञ करवाने को लेकर बात की थी, लेकिन निरमंड का भूंडा यज्ञ माता अंबिका के आदेशों के बाद ही होता है। उन्होंने कहा कि निरमंड की देवसंस्कृति बहुत ऐतिहासिक व प्राचीन है इसलिए माता अंबिका की आज्ञा के बिना कोई भी कार्य नहीं किया जाता है। उन्होंने लोगों से झूठी अफवाहें न फैलाने की अपील की है।

# जनता से सब्सिडी छोड़ने की अपील और अपने लिए 19 करोड़ का कार्यालय : विवेक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति पर घरेलू उपभोक्ताओं को 2 से 6 पैसे और उद्योगों को 4 से 10 पैसे प्रति यूनिट बिजली पर मिल्क सेस देना होगा और मुख्यमंत्री बिजली सब्सिडी छोड़ने का आह्वान ऐसे कर रहे हैं।



गत-1964 में सूखा पड़ने पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बुधवार का उपवास रखने के लिए आह्वान किया था, लेकिन उन्होंने 19 करोड़ की लागत से अपने लिए सचिवालय में कोई कार्यालय नहीं बनवाया, बल्कि जून माह में हिमाचल के मुख्यमंत्री सचिवालय के कार्यालय में प्रवेश करेंगे। कांग्रेस व्यवस्था परिवर्तन के बोझ तले दबी जा रही है। बजट प्रावधान न होने का स्तुति गान कर 1800 से अधिक संस्थान बंद करने वाली सरकार, बजट प्रावधानों के पश्चात भी हिमाचल पुलिस विभाग की 13 परियोजनाओं का 3.72 करोड़, पशुपालन विभाग की 48 योजनाओं का 5.60 करोड़, स्वास्थ्य विभाग की 182 योजनाओं का 65.90 करोड़, आयुर्वेदिक विभाग की 63 योजनाओं का 7.54 करोड़, तकनीकी शिक्षा की 11 योजनाओं का 4.97 करोड़, शिक्षा विभाग की 302 योजनाओं का 101.65 करोड़, लोकनिर्माण विभाग की 619 योजनाओं का 190 करोड़, आखिर लैप्स होने की कगार पर क्यों खड़ा हो गया है। सरकार खर्च क्यों नहीं कर पा रही, मुख्यमंत्री जनता को जवाब दें। सरकार की अधिकृत रिपोर्ट के अनुसार 150 से अधिक योजनाएं लेटलतीफी के कारण ठंडे बस्ते में है।

# 12 तक करें अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियों का निरीक्षण

## मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के उपरांत 425933 मतदाता पंजीकृत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार सोलन के पांचों विधानसभा क्षेत्रों 50-अर्की, 51-नालागढ़, 52-दून, 53-सोलन तथा 54-कसौली के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 का कार्य प्रथम जनवरी, 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर पूर्ण कर अंतिम रूप से प्रकाशित कर दिया है।



यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि प्रारूप प्रकाशन में जिले में कुल 423278 मतदाता दर्ज थे, जिसमें 216541 पुरुष, 206731 तथा 6 अन्य मतदाता दर्ज थे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के दौरान जिले के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 5240 नए मतदाताओं के नाम दर्ज हुए हैं। मृत्यु, स्थान परिवर्तन, दोहरे पंजीकरण आदि के कारण 2585 मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटाए गए हैं। 18 से 19 आयुवर्ग के 2333 नए मतदाताओं के नाम दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में मतदाता सूचियों में कुल 2655 मतदाताओं की बढ़ौतरी हुई है। उन्होंने मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के उपरांत अब कुल 425933 मतदाता पंजीकृत हैं।

इनमें से 217662 पुरुष, 208265 महिला तथा 6 अन्य मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि 50-अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में जिले के सबसे अधिक 97902 मतदता व 54-कसौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम 70065 मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियों का निशुल्क निरीक्षण निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय में तथा प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ स्तर अधिकारियों के पास उपलब्ध सूची से किया जा सकता है। मतदाता सूचियां निर्वाचन विभाग हिमाचल प्रदेश की वेबसाइट http://ceohimachal.nic.in पर भी उपलब्ध है। मनमोहन शर्मा ने समस्त नागरिकों, राजनीतिक दलों, गैर सरकारी स्वयं सेवी संगठनों, महिला मंडलों आदि से आग्रह किया कि वह 12 जनवरी तक किसी भी कार्य दिवस में संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी व सहायक पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय व मतदान केंद्र पर बूथ स्तर अधिकारियों के पास अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियों का निरीक्षण कर लें।

# अर्की का चहुंमुखी विकास लक्ष्य : संजय अवस्थी

## कहा-उपयुक्त वातावरण में प्रदान की गई शिक्षा युवा पीढ़ी की मजबूत नींव का आधार

**अनंत ज्ञान, सोलन, अर्की**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि उपयुक्त वातावरण में प्रदान की गई शिक्षा युवा पीढ़ी की नींव को मजबूत बनाती है।

संजय अवस्थी सोलन के अर्की उपमंडल के रामानुजम रॉयल कॉन्वेंट वरिष्ठ माद्यमिक विद्यालय समलोह (नवगांव) के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि संस्कार और शिक्षा का सामंजस्य युवाओं की नींव को पुष्ट करता है और उन्हें बेहतर इंसान बनाता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और मजबूत नींव, सुरक्षित भविष्य का आधार है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि आज के उच्च दबाव और भागदौड़ के समय में बच्चों को अपना अधिक समय दें, ताकि बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू युवा पीढ़ी को बेहतर शिक्षा प्रदान कर उनके अच्छे भविष्य के निर्माण के लिए कार्य कर रहे हैं। राज्य में जहां विद्यालय स्तर से उच्च स्तर तक



अधोसंरचना सृजन एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर बल दिया जा रहा है। वहीं, युवाओं के तकनीकी कौशल में निखार एवं भविष्योनमुखी पाठ्यक्रमों के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब वर्ग के छात्रों के उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के सपने को साकार करने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना कार्यान्वित कर रही है।

योजना के तहत गरीब वर्ग के मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि पात्र छात्रों को इस योजना से अवगत करवाएं। विधायक ने कहा कि अर्की का चहुंमुखी विकास ही उनका लक्ष्य है और सभी के सहयोग से इस दिशा में निरंतर प्रगति की जा रही है।

# आयुष विभाग की मासिक बैठक में बेहतरीन कार्य करने वाले डॉक्टर किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

आयुष विभाग सोलन की मासिक समीक्षा बैठक जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



डॉ. प्रवीण ने कहा कि जिला सोलन में 2 आयुर्वेदिक अस्पताल तथा 82 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग जिले में सभी अस्पतालों में रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है। बैठक का उद्देश्य आयुर्वेदिक चिकित्सकों से मासिक फीडबैक लेना है, ताकि अस्पतालों में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके। इस अवसर पर जिले में बेहतरीन कार्य करने वाले डॉ. अनिता गौतम, डॉ. कामिनी शर्मा, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. मनजेश शर्मा, डॉ. करूनेश नागल, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. जयपाल गर्ग, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. सोनिया धीमान, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. सचिन शर्मा, डॉ. अनिता शर्मा, डॉ. शिवानी नेगी सहित राजेश टेगटा, रविंद्र मेहता तथा शेर बहादुर को सम्मानित किया गया। बैठक में जिले के लगभग 60 उपमंडल आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारियों ने भाग लिया।

# थोला से कुणा सड़क संपर्क मार्ग भाजपा की देन झूठा श्रेय लेना बंद करें विनय : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि थोला से कुणा सड़क संपर्क मार्ग पूर्व भाजपा सरकार ने बनाया है, जिसका झूठा श्रेय विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ले रहे हैं।



रावत ने बताया कि जब से प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ है, तब से आज तक रेणुका के विकास में ग्रहण लग गया है। रावत ने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बने हुए 2 साल से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन सागंना से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सत्ताहन सड़क संपर्क मार्ग अभी भी यातायात के लिए बंद है। कांग्रेस सरकार के इतने बूरे सड़क संपर्क मार्ग के हालात हैं कि इस सड़क संपर्क मार्ग में जो जगह-जगह स्लिप आए हुए हैं, उन स्लिप को भी अभी तक नहीं हटाया गया है।

यहां की स्थानीय जनता विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार से इसकी वजह जानना चाहती है। रावत ने बताया कि इस सड़क संपर्क मार्ग को खोलने के लिए यहां के स्थानीय लोग लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से भी मिले थे, लेकिन उसके उपरांत भी आजतक इस सड़क संपर्क मार्ग के स्लिप नहीं हटाए गए हैं।

# विद्यालय परिसर धुंदन में टंकियों का पानी जांचा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में पीने के पानी की टंकियों की साफ-सफाई की गई और पानी की जांच की गई। रंजना ने विस्तार से जानकारी दी कि किस तरह से हम पीने के पानी को संग्रहित कर सकते हैं और इस संग्रहित पानी की साफ-सफाई कैसे कर सकते हैं तथा हम इसे कैसे पीने योग्य बना सकते हैं। इसके साथ-साथ स्वच्छ पानी के क्या-क्या फायदे हैं उसका भी उल्लेख किया गया। जल शक्ति विभाग से मिली वाटर चैकिंग किट का प्रयोग करते हुए बच्चों के द्वारा पानी का सैंपल लिया गया और किस तरीके से टेस्टिंग की जाती है इसका रिजल्ट कैसे देखा जाता है इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इसी संदर्भ में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने बच्चों को पानी का सदुपयोग करने के बारे में जानकारी प्रदान की।

## बीबीएन में खुले धान खरीद केंद्रों में धान की रिकॉर्डतोड़ हुई बिक्री

# 88,204 क्विंटल धान की खरीद की

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में खुले धान खरीद केंद्रों में इस सीजन धान खरीद ने रिकॉर्डतोड़ दिए हैं। इस बार गत वर्ष की अपेक्षा 40 फीसदी धान अधिक बिकी है।

इस वर्ष 1832 किसानों से 88.204 हजार क्विंटल धान खरीदी गई है। 10 अक्तूबी से शुरू धान खरीद केंद्रों में करीब 20.46 करोड़ रुपए की धान की खरीद की गई है, जिसका किसानों ने भरपूर लाभ उठाया है। गत वर्ष की अपेक्षा धान की बिक्री काफी अधिक हुई है, जिस कारण पंजाब की अनाज मंडियों में हिमाचल की धान की बिक्री न होना बताया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार बीबीएन में चल रहे दो धान खरीद केंद्रों में धान की बिक्री बंद हो गई है, जहां पहले खरीद केंद्रों में अच्छी खासी भीड़ रहती थी। क्षेत्र के दो धान खरीद केंद्रों में धान की अच्छी खासी बिक्री हुई है, जहां पहले गत वर्ष किसानों का दो माह में 50 हजार क्विंटल धान बिका था। वहीं, इस वर्ष 88204. 0375 क्विंटल धान खरीदा गया है। वर्ष-2021 में खुले धान केंद्र में 8 करोड़ रुपए का 42000 क्विंटल धान, वर्ष 2022 में करीब 7 करोड़ का 32 हजार क्विंटल धान खरीदा गया था। नालागढ़ में चल रहे धान खरीद केंद्र में 956 किसानों से करीब 44,192 क्विटल धान की खरीद की गई है। वहीं, मलपुर स्थित धान खरीद केंद्र में 876 किसानों से 44,011 क्विंटल धान खरीदा गया। धान की खरीद में तेजी लाने के लिए नालागढ़ के बाद मलपुर स्थित औद्योगिक शेड में धान खरीद केंद्र शुरू किया है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक सोलन नरेंद्र धीमान ने बताया कि बीबीएन में चल रहे दो धान खरीद केंद्रों में 88,204 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है।

## आयोजन

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ऋण दिवस कार्यक्रम किया गया आयोजित

# सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत ऋण दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने की। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिए सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आर्थिकी सुदृढ़ हो सके। वर्ष 2024-25 के लिए सोलन के स्वयं सहायता समूहों के लिए 16 करोड़ 70 लाख रुपए के ऋण स्वीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 5 करोड़ 34 लाख रुपए के ऋण की स्वीकृति स्वयं सहायता समूहों को प्रदान की जा चुकी है। डीसी ने सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों को फील्ड में जाकर अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों को ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध पूरा किया जा सके। मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर एनआरएलएम के तहत बेहतरीन कार्य करने वाले बैंकों और सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक अजय यादव, विभिन्न बैंक के अधिकारी व जिला व खंड स्तर के अधिकारी व कर्मचारी, सामुदायिक संसाधन व्यक्ति, सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।




ऋण दिवस कार्यक्रम में डीसी सोलन बेहतरीन कार्य करने वाले बैंक प्रबंधकों को सम्मानित करते हुए।

# डॉ. शांडिल आज सोलन प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल आज दोपहर 12.30 बजे डीसी कार्यालय सोलन के समीप प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के कौशल विकास केंद्र में ठहराव करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत सायं 3 बजे रबौन में आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण करेंगे। डॉ. शांडिल सायं 4 बजे पंचायत आंजी के गांव बागड़ में जनसमस्याएं सुनेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बागेश्वर में खनन गतिविधियों पर रोक



**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बलुआ पत्थर खनन के कारण मकानों को हुए नुकसान की रिपोर्ट मिलने के बाद राज्य के बागेश्वर जिले में सभी खनन गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और समस्या की ओर से आंखें मूंद लेने के लिए राज्य के अधिकारियों को फटकार लगाई है। मुख्य न्यायाधीश गुहानाथन नरेंद्र और न्यायमूर्ति मनोज तिवारी की पीठ ने उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त अदालत आयुक्त मयंक जोशी और शौरिन धूलिया द्वारा इस मुद्दे पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद छह जनवरी को यह निर्देश दिया। रिपोर्ट में जिले के बांदा क्षेत्र के गांवों में मकानों की दीवारों पर दरारें आने की बात कही गई है। उच्च न्यायालय ने भूविज्ञान एवं खनन विभाग के निदेशक के अलावा औद्योगिक विकास विभाग के सचिव और जिलाधिकारी को नौ जनवरी को तलब कर उनका जवाब मांगा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि रिपोर्ट के निष्कर्ष न केवल चिंताजनक हैं, बल्कि चौंकाने वाले भी हैं।

### लुधियाना में मंदिर से लाखों के आभूषण चोरी

**लुधियाना।** पंजाब में लुधियाना के प्राचीन दुर्गा मंदिर से सोमवार देर रात चोरों ने लाखों रुपये कीमत के चांदी के जेवरात चुरा लिए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) गुरदेव सिंह ने बताया कि मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच करने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि दो चोर थे और वे मोटरसाइकिल पर आए थे। पुलिस ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे उन्होंने बीआरएस नगर के सुनेत इलाके में स्थित मंदिर परिसर के सामने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की और अंदर घुस गए। वे करीब डेढ़ घंटे तक अंदर रहे। पुलिस के मुताबिक चोरों ने मंदिर के अंदर से भगवान शिव का चांदी का हार और चांदी का बर्तन चुरा लिया। पुलिस ने इलाके में लगे विभिन्न सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### बिहार के जवान ने जम्मू-कश्मीर में की आत्महत्या

**अशोक ठाकुर, जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सीआरपीएफ के एक सहायक उप-निरीक्षक ने अपनी सेवा राइफल से खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि बताया कि बिहार के रहने वाले राजनाथ प्रसाद (55) ने कटड़ा में माता वैष्णो देवी मंदिर की ओर जाने वाले ताराकोट मार्ग पर एक अस्थायी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पिकेट के अंदर खुद को सीने पर गोली मार ली। उनके साथी कर्मचारियों ने गोली की आवाज सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें मृत पाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि प्रसाद ने आत्महत्या क्यों की।

### बिना शराब और डीजे के शादी करने पर मिलेंगे 21 हजार

**चंडीगढ़।** पंजाब के बठिंडा जिले की एक ग्राम पंचायत ने विवाह समारोह में शराब नहीं परोसने और डीजे से दूर रहने वाले परिवारों को 21,000 रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। बल्लो गांव की सरपंच अमरजीत कौर ने मंगलवार को बताया कि यह निर्णय ग्रामीणों को विवाह समारोहों में फिजूलखर्ची और शराबखोरी से रोकने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते किया गया है। कौर ने कहा कि आमतौर पर देखा जाता है कि गांवों में विवाह समारोह के दौरान जहां शराब परोसी जाती है और डिस्क जॉकी (डीजे) द्वारा तेज आवाज में संगीत बजाया जाता है, वहां झगड़े शुरू हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा तेज आवाज में संगीत बजाने से छात्रों की पढ़ाई में भी बाधा उत्पन्ना होती है। कौर ने कहा, ''हम लोगों को शादी समारोहों के दौरान फिजूलखर्ची न करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि पंचायत ने एक प्रस्ताव पारित किया है जिसके तहत अगर कोई परिवार शादी समारोह में शराब नहीं परोसता और डीजे नहीं बजाता तो उसे 21,000 रुपए दिए जाएंगे। बल्लो गांव की कुल आबादी करीब पांच हजार है।

### 11 करोड़ से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को बताया कि राज्य के कछार और कार्बी आंगलोंग जिलों में तीन अलग-अलग अभियानों के दौरान 11 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस ने सोमवार देर रात कछार जिले के दिगहर फुलरटेल इलाके से 5.1 करोड़ रुपए मूल्य की 1.17 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। उन्होंने एक अन्य अभियान में धानेहारी से 38 लाख रुपए मूल्य का 73.97 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

### सुकमा में 10 किलो का आईईडी बरामद

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस ने नक्सलियों की ओर से लगाया गया 10 किलोग्राम आईईडी बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी पड़ोसी बीजापुर जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों के एक वाहन को शक्तिशाली विस्फोट से उड़ाने की घटना के दूसरे दिन हुई है। इस घटना में आठ सुरक्षाकर्मी और एक वाहन चालक की मारे गए। उन्होंने बताया कि कोंटा-गोलापल्ली मार्ग पर बेलपोच्चा गांव के करीब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जिला पुलिस के एक दल ने विस्फोटक बरामद किया है। मार्ग पर बारूदी सुरंगों को हटाने की कवायद के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने सड़क के नीचे लगाए गए आईईडी को देखा, जिसके बाद उसे बरामद कर नष्ट कर दिया गया।

### पटना के हिंदूनी इलाके में मुठभेड़, 2 बदमाश ढेर

**पटना।** पुलिस और अपराधियों के बीच में मंगलवार तड़के मुठभेड़ हो गई। इस घटना में पुलिस की गोलीबारी में दो बदमाश ढेर हो गए। मुठभेड़ में एक दारोगा को भी गोली लगी है। घटना फुलवारी शरीफ के हिंदूनी इलाके की है। घायल दारोगा को तत्काल इलाज के लिए पटना एम्स भेजा गया, जहां इलाज चल रहा है। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए गई थी। इसी दौरान बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। दो अपराधियों को गोली लग गई, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हाइपरसोनिक मिसाइल का किया परीक्षण



**सोल।** उत्तर कोरिया ने हाइपरसोनिक वारहेड से लैस एक नई मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (आईआरबीएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह हथियार प्रणाली प्रशांत क्षेत्र में किसी भी प्रतिद्वंद्वी को मजबूती से रोक देगी। हालांकि दक्षिण कोरियाई सेना का कहना है कि हाइपरसोनिक मिसाइल प्रक्षेपण की सफलता का दावा एक धोखा हो सकता हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि किम जोंग उन ने एक मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए प्रक्षेपण की निगरानी की और मिसाइल ने ध्वनि की गति से 12 गुना अधिक लगभग 1500, किलीमोटर की रफ्तर पकड़ी। इससे पहले दक्षिण कोरिया के ज्वॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने सोमवार को कहा कि प्योंगयांग क्षेत्र से दागी गई उत्तर कोरिया की संदिग्ध हाइपरसोनिक मिसाइल पूर्वी सागर में गिरने से पहले लगभग 1,100 किलोमीटर तक उड़ी।

# कौमी इंसाफ मोर्चा और पुलिस में भिड़ंत

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ और मोहाली की सीमा पर दो साल से पक्का मोर्चा लगाए बैठे कौमी इंसाफ मोर्चा ने मंगलवार को पंजाब सीएम के आवास का घेराव करने का ऐलान किया था। मंगलवार को मोर्चा के सदस्य आतंकी हवारा के पिता की अगुवाई में आगे बढ़े। प्रदर्शनकारियों ने चंडीगढ़-मोहाली हाईवे पर आईएसबीटी-43 बस स्टैंड के सामने सड़क के बीच जाम लगा दिया और नारेबाजी शुरू कर दी। इससे ट्रैफिक जाम हो गया।

मौके पर पहुंची चंडीगढ़ पुलिस फोर्स ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन मोर्चा के लोग मानने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद मजबूरन पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस मार्च को आतंकी हवारा का पिता लीड कर रहा था। इस बीच प्रदर्शनकारियों की तरफ से पत्थर उठा लिए, जिसके बाद मौके पर भगदड़ मच गई। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर का सिर भी फट गया है, जिसे अस्पताल ले जाया गया है।

पुलिस को लाठी चार्ज करता देख निहंगों ने भी तलवारें लहरानी शुरू कर दी। जैसे-तैसे पुलिस ने मोर्चा के कई लोगों को हिरासत में लिया और इन्हें हाईवे के बीच से हटाया। तलवारें लगने से सेक्टर-11 थाना प्रभारी जयवीर राणा, एएसआई रमेश कुमार और एक महिला पुलिसकर्मी घायल हो गईं। सभी को सेक्टर 16 अस्पताल पहुंचाया गया। (अनंत ज्ञान)

# 24 जनवरी को चंडीगढ़ में होगा मेयर पद का चुनाव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ मेयर चुनाव का बिगुल बज गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले 24 जनवरी को चंडीगढ़ में मेयर पद का चुनाव होगा। डॉ. रमणीक सिंह चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। डॉ. रमणीक सिंह मनोनीत पार्षद हैं। डीसी ने मंगलवार को इसका नोटिफिकेशन जारी किया।

हालांकि आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने मांग की थी कि मेयर का चुनाव 20 फरवरी से पहले न कराया जाए। 20 फरवरी से पहले चुनाव कराने पर आप ने कोर्ट जाने की बात कह दी थी। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का तर्क है कि वर्तमान मेयर कुलदीप कुमार का कार्यकाल 19 फरवरी 2025 तक होना चाहिए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी 2024 को आदेश देकर मेयर के चुनाव को अंतिम रूप दिया था। हालांकि मेयर के लिए वोटिंग 30 जनवरी 2024 को ही हो चुकी थी। आप नेताओं का कहना है कि यदि चुनाव 20 फरवरी से पहले कराए गए, तो वे कोर्ट में जाएंगे।

कांग्रेस ने भी आप के रुख का समर्थन किया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि चुनाव की प्रक्रिया में जल्दबाजी नहीं की जानी चाहिए। वर्तमान मेयर को भी अन्य की तरह पूरा एक साल मिलना चाहिए।

## चंडीगढ़ व हरियाणा ने जीती सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब यूनिवर्सिटी में आयोजित सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप मंगलवार को समाप्त हो गई। खो-खो के फाइनल मुकाबले में गर्ल्स में चंडीगढ़ बनाम हरियाणा तथा बॉयज में हरियाणा और दिल्ली के बीच खेला गया, जिनमें चंडीगढ़ की गर्ल्स टीम ने हरियाणा को हराया जबकि हरियाणा ने दिल्ली को हराकर चैंपियनशिप जीती हरियाणा की गर्ल्स टीम ने टॉस जीता और पहले डिफेंस करने का निर्णय लिया। चंडीगढ़ की गर्ल्स टीम ने अपनी पारी में 10 अंक अर्जित किए जबकि हरियाणा अपनी पारी में 1 अंक ही बना पाई, जिससे यह मुकाबला चंडीगढ़ की गर्ल्स टीम ने जीत लिया और चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। हरियाणा बॉयज ने टॉस जीता और अटैक करने का निर्णय लिया। हरियाणा ने अपनी पारी में 13 अंक बनाए, जिसे दिल्ल भेद नहीं पाई और 10 अंक ही बना पाई।

## 'एक देश-एक चुनाव' संबंधी बैठक आज

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार करने के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति की पहली बैठक बुधवार को होगी। भाजपा के सदस्य पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली इस समिति की पहली बैठक में विधि मंत्रालय के अधिकारी इसके सदस्यों को दोनों प्रस्ताविक कानूनों के प्रावधानों से अवगत कराएंगे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' पर विचार के लिए 39 सदस्यीय संसद की संयुक्त समिति का गठन किया गया।

# नशा एक सामाजिक बुराई, जड़ से उखाड़ने के लिए सब आएं साथ : अनुराग ठाकुर

## दिल्ली में ड्रग फ्री इंडिया के एक इवेंट में शामिल हुए अनुराग, चलाई सुपर बाइक्स

**अनंत ज्ञान, नई दिल्ली**



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर नई दिल्ली में नशे के खिलाफ जनजागरूकता लाने के लिए एक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिसे जड़ से उखाड़ने के लिए हम सबको साथ आना होगा।

यह एक बाइक रैली का कार्यक्रम था, जिसमें कई सुपर बाइक्स आकर्षण का केंद्र थीं। इस अवसर पर अनुराग ने एक राइडर संजीव जौली की सुपर बाइक को चलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अनुराग ने कहा कि आधुनिक समाज में ड्रग एक व्यापक समस्या है। दुनियाभर में लाखों लोग नशे की लत और उसके परिणामों से जूझ रहे हैं। इसका प्रभाव दूरगामी है और यह व्यक्तियों, परिवारों, समुदायों और पूरे समाज को प्रभावित कर सकता है। ड्रग उत्पादन, तस्करी और उपयोग अस्थिरता और असमानता को बढ़ा रहे हैं, जबकि लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण को अनगिनत नुकसान पहुंचा रहे हैं। हमें ड्रग के उपयोग से प्रभावित सभी लोगों को साक्ष्य-आधारित उपचार और सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। अनुराग ने कहा कि यूएनओडीसी विश्व ड्रग रिपोर्ट 2024 के अनुसार दुनियाभर में ड्रग्स का इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 292 मिलियन हो गई है, जो 10 वर्षों में 20 प्रतिशत की वृद्धि है। दुनियाभर में लगभग 64 मिलियन लोग नशीली दवाओं के उपयोग संबंधी विकारों से पीड़ित हैं, लेकिन 11 में से केवल एक ही उपचार प्राप्त कर पाता है। ड्रग के मामले में यह देखा जाता है कि इसका उपभोग करने वाला आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा होता है, जैसे चोरी, हिंसा और नशीली दवाओं से संबंधित अपराध। कई मामलों में, मादक द्रव्यों के सेवन करने वाला व्यक्ति अपनी नशीली दवाओं की आदतों को पूरा करने के लिए अवैध गतिविधियों की ओर रुख कर लेते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- विधायकों को असहमति जताते हुए भी सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने बिहार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सुनील कुमार सिंह की याचिका पर अंतिम सुनवाई तय करते हुए कहा कि विधायकों को असहमति जताते हुए भी सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। सुनील सिंह ने अपनी याचिका में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ टिप्पणी के लिए उन्हें विधान परिषद से निष्कासित किए जाने के फैसले को चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने पिछले साल 13 फरवरी को सदन में तीखी नोकझोंक के दौरान सुनील की ओर से की गई टिप्पणियों पर प्रथम दृष्टया असहमति जताने के बाद मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए नौ जनवरी की तारीख तय की है। राजद नेता की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि सदन के भीतर अभिव्यक्ति की आजादी की व्यापक छूट है, जिस पर पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि विधायकों को असहमति जताते हुए भी सम्मानजनक व्यवहार करें। सिंघवी ने कहा कि इसी तरह के शब्दों का इस्तेमाल एक अन्य विधान परिषद सदस्य ने भी किया था, जिन्हें निलंबित कर दिया गया, लेकिन सुनील के मामले में केवल एक शब्द बोलने पर उन्हें निष्कासित कर दिया गया। पीठ ने कहा कि क्या सदन के अंदर अभिव्यक्ति की आजादी का इस तरह इस्तेमाल किया जाता है? आप (सिंघवी) भी सांसद हैं। क्या आप सदन के अंदर अपने विरोधियों के खिलाफ ऐसी भाषा के इस्तेमाल का समर्थन करते हैं?

## देश-विदेश

### असम: कोयला खदान में फंसे श्रमिकों को बचाने में जुटे सेना के जवान

**गुवाहाटी।** असम के दीमा हसाओ जिले में कोयले की एक खदान में फंसे नौ मजदूरों को बचाने के लिए सेना के जवानों की मदद ली जा रही है। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि आवश्यक उपकरणों से लैस गोताखोरों और 'सैपर्स' जैसे विशेषज्ञों का एक राहत कार्य बल श्रमिकों को बचाने के लिए उमरांगसो में घटनास्थल पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना और असम राइफल्स का एक कार्य दल श्रमिकों को बचाने के कार्य में जुट गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए सभी प्रयास नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर किए जा रहे हैं।

## दिल्ली में घने कोहरे का ट्रेनों और उड़ानों पर असर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राष्ट्रीय** राजधानी में मंगलवार को घने कोहरे की चादर में लिपटी रही, जिससे विजिबिलिटी भी कम हो गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, सुबह 5:30 बजे दिल्ली में 11.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि दिन में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। कम विजिबिलिटी के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर 400 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुईं। इसके अलावा शीतलहर और कोहरे से दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनें भी देरी से चलीं।

### वायु गुणवत्ता बेहद 'खराब'

राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता लगातार दूसरे दिन भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने मंगलवार सुबह 6 बजे तक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 310 दर्ज किया। दिल्ली के कुछ खास इलाकों जैसे आनंद विहार (394), पटपड़गंज (364), जहांगीरपुरी (359) और अशोक विहार (343) में एक्यूआई का स्तर और भी अधिक दर्ज किया गया।

## 'आप' प्रमुख ने दिल्ली चुनाव के लिए अभियान गीत 'फिर लाएंगे केजरीवाल' किया लांच

**एजेंसी, नई दिल्ली**



'आप' सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का प्रचार गीत जारी किया।

'आप' का प्रचार गीत 'फिर लाएंगे केजरीवाल' तीन मिनट 29 सेकंड की अवधि का है। यह गीत दिल्ली में आप की सरकार के कार्यकाल के दौरान की उपलब्धियों को दर्शाता है। गीत जारी करने के बाद केजरीवाल ने कहा कि हम अपने चुनावों को त्योहारों की तरह मनाते हैं और लोग हमारे गीत का इंतजार करते हैं। अब यह गीत आ गया है और लोग इस पर नाच सकते हैं।

## अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में मजबूत रहेगी जीडीपी वृद्धि दर, महंगाई में आएगी कमी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**चालू** वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही यानी अक्तूबर से दिसंबर की अवधि में भारत की जीडीपी ग्रोथ में सुधार देखने को मिलेगा और महंगाई में कमी आएगी।

एचएसबीसी रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वृद्धि दर गिरकर 5.4 प्रतिशत पर रह गई थी, लेकिन हमारा 100 एक्टिविटीज इंडिकेटर का विश्लेषण दिखाता है कि तीसरी तिमाही में वृद्धि दर में सुधार हुआ है। दिसंबर तिमाही में 65 प्रतिशत इंडिकेटर्स सकारात्मक गति से बढ़ रहे हैं, जबकि पिछली तिमाही में यह 55 प्रतिशत था। कृषि, निर्यात और निर्माण में सुधार सबसे स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। साथ ही शहरी खपत में भी कुछ सुधार हुआ है।

## भारत में तीन अरब डॉलर का निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट: नडेला

**बेंगलुरु।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में क्लाउड तथा कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए तीन अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है। इसके अलावा, कंपनी 2030 तक देश में एक करोड़ लोगों को एआई का प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने घोषणा करते हुए कहा कि भारत में जबर्दस्त तेजी है, जहां लोग कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रहे हैं।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में पोस्टर वार जारी 'आप' ने गृह मंत्री को बताया चुनावी मुसलमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**दिल्ली** विधानसभा चुनाव से पहले पोस्टर वार लगातार जारी है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी ने केजरीवाल का पोस्टर जारी कर उन्हें चुनावी हिंदू बताया था तो अब आम आदमी पार्टी ने भी पोस्टर जारी करते हुए गृहमंत्री अमित शाह को चुनावी मुसलमान बताया है।

आम आदमी पार्टी ने अपने जारी किए गए पोस्टर में गृहमंत्री अमित शाह की टोपी पहने हुए तस्वीर लगाई है और लिखा गया है चुनावी मुसलमान। किसी फिल्म की तरह ही इस पोस्टर को जारी करते हुए आम आदमी पार्टी ने इसमें निर्माता निर्देशक के नाम पर गृहमंत्री का नाम लिखा हुआ है। और इस चुनावी मुसलमान की रिलीजिंग डेट चुनाव से पहले बताई है। साथ ही साथ इस पोस्टर में लिखा है कि 'कभी सोचा है कि चुनाव आते ही भाजपा को मुसलमानों की इतनी याद क्यों आती है?' इस पोस्ट की आखिरी लाइन में लिखा गया है फीचरिंग: रोहिंग्या, बांग्लादेशी, मौलवी, मौलाना, इमाम और वक्फ बोर्ड।

## बाइडेन सत्ता हस्तांतरण को बना रहे मुश्किल: ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया कि जो बाइडेन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अंतिम सप्ताहों में जलवायु और अन्य आधिकारिक मसलों पर बाइडेन के हालिया कार्यकारी आदेशों का हवाला दिया। ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में बाइडेन की जगह लेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट कर कहा, ''बाइडन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए इस तरह के फैसले लिए जा रहे हैं जो पहले कभी नहीं देखे गए।

# सेंसेक्स में 234 अंक का उछाल

## निफ्टी भी 76 अंक चढ़ा, बीएसई स्मॉल कैप 945 अंक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** मंगलवार को 234 अंक की तेजी के साथ 78,199 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 76 अंक की तेजी रही। यह 23,692 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 945 अंक की बढ़त के साथ 55,282 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में तेजी और 18 में गिरावट रही, जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.64 फीसदी की तेजी रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.97 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.14 फीसदी की तेजी रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.71 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। क्वाड्रंट फ्यूचर टेक लिमिटेड और कैपिटल इंफ्रा ट्रस्ट इनविट के आईपीओ आज से ओपन हो गए हैं। निवेशक 9 जनवरी तक इसके लिए बिडिंग कर सकेंगे। 14 जनवरी को शेयर बीएसई-एनएसई पर लिस्ट होंगे।

## माकपा कार्यकर्ता हत्या मामले में 9 को उम्रकैद

**कन्नूर (केरल)।** उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में 19 साल पहले माकपा के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले में थलस्सेरी की एक अदालत ने मंगलवार को आरएसएस के नौ कार्यकर्ताओं को उम्रकैद की सजा सुनाई। क्षेत्र में दो दलों में राजनीतिक तनाव के बीच तीन अक्तूबर, 2005 को कन्नपुरम चुंडा के माकपा सदस्य (25) रिजिथ शंकरन पर एक मंदिर के पास हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। अभियोजन के अनुसार, रिजिथ जब अपने कुछ मित्रों के साथ घर जा रहा था, उसी दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया। हथियारों से लैस आरोपियों ने घात लगाकर एक कुएं के पास उन पर हमला किया। हमले में उसके तीन दोस्त भी घायल हो गए थे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### टेनिस स्टार नाओमी ओसाका और रैपर कॉर्डे के बीच अब रिश्ता नहीं



**मेलबोर्न।** चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका का कहना है कि उनके और उनके साथी रैपर कॉर्डे के बीच अब कोई रिश्ता नहीं रह गया है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट शुरू होने से एक हफ्ते से भी कम समय पहले ओसाका ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। ओसाका ने 2019 और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था। वह दो बार अमेरिकी ओपन की चैंपियन भी रह चुकी हैं। ओसाका और कॉर्डे जुलाई 2023 में लॉस एंजिल्स में एक बेटी के माता-पिता बने थे। ओसाका ने लगभग 15 महीने के अवकाश के बाद पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की थी। ओसाका ने लिखा, ''कोई बुरा खयाल नहीं, वह एक शानदार इंसान और एक अद्भुत पिता हैं। ईमानदारी से कहूं तो मुझे बहुत खुशी है कि हमारी राहें एक-दूसरे से जुड़ गईं क्योंकि मेरी बेटी मेरे लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद है और मैं हमारे साथ के अनुभवों से आगे बढ़ने में सक्षम हूं।''

### एशियाड स्वर्ण विजेता बहादुर सिंह सागू एएफआई अध्यक्ष चुने गए

**चंडीगढ़।** एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता और गोला फैंक के पूर्व खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को यहां वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह लंबे समय से शीर्ष पद पर कार्यरत आदिल सुमरिवाला की जगह लेंगे। बुसान एशियाई खेल 2002 में गोला फैंक में स्वर्ण पदक जीतने तथा 2000 और 2004 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले 51 वर्षीय सागू को चार साल के लिए इस पद पर चुना गया है। वह एएफआई एथलीट आयोग के सदस्य भी हैं। निवर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज के अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाने के बाद सागू मैदान में एकमात्र उम्मीदवार बचे थे। एएफआई की दो दिवसीय वार्षिक आम बैठक में उनके चुनाव को औपचारिक रूप दिया गया।

### अनाहत सिंह ने ब्रिटिश जूनियर ओपन अंडर-17 खिताब जीता

**बर्मिंघम।** भारत की उभरती हुई स्क्वाश स्टार अनाहत सिंह ने यहां मिस्र की मलिका अल काराक्सी को हराकर ब्रिटिश जूनियर ओपन अंडर-17 खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की 16 साल की अनाहत ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलिका को 4-11, 11-9, 6-11, 11-5, 11-3 से हराया। अनाहत पूर्व में टूर्नामेंट का अंडर-11 और अंडर-15 वर्ग का खिताब भी जीत चुकी हैं। उन्हें पिछले साल अंडर-17 फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली की अनाहत 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने वाली भारत की सबसे युवा खिलाड़ी बनी थी। अनाहत एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता भी हैं। वह पीएसए विश्व रैंकिंग में फिलहाल 82वें स्थान पर हैं।



# इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन में उतरेगा सबसे बड़ा भारतीय दल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू की अगुवाई में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल 14 जनवरी से यहां शुरू होने वाले योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेगा। ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर एक शी युकी जैसे शीर्ष सितारों के साथ भारत के 21 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे।

इसमें पुरुष एकल में तीन, महिला एकल में चार, पुरुष युगल में दो, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में चार जोड़ियां चुनौती पेश करेंगी। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में चैंपियंस के लिए साढ़े नौ लाख डॉलर (लगभग 8.15 करोड़ रुपए) का पुरस्कार पूल और 11,000 रैंकिंग अंक दांव पर लगे होंगे।

इस टूर्नामेंट को 2023 में सुपर 750 श्रेणी में बढ़ा दिया गया था। भारत के 14 खिलाड़ियों ने इसके पिछले दो सत्र में हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट के पिछले आयोजन में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी पुरुष युगल


पीवी सिंधू

फाइनल में पहुंचे थे, जबकि एचएस प्रणय का 2024 में पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

चीन मास्टर्स 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चिराग और सात्विक पुरुष युगल में एक बार फिर खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। चोट से वापसी कर रहे सात्विक पेरिस ओलंपिक के बाद अपनी लय दोबारा हासिल करने की कोशिश करेंगे। सात्विक-चिराग के अलावा भारत की उम्मीदें पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पर भी टिकी होंगी। इस प्रतियोगिता में विश्व के शीर्ष-20 पुरुष एकल खिलाड़ियों में से 18 और शीर्ष-20 महिला एकल बैडमिंटन खिलाड़ियों में से 14 भाग लेंगे। पुरुष युगल जोड़ियों में ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेइकेंग एवं वांग चांग और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान एवं मुहम्मद रियान अर्दिआंतो शामिल हैं।

### टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची

**पुरुष एकल:** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, प्रियांशु राजावत।

**महिला एकल :** पीवी सिंधू, मालविका बंसोड़, अनुपमा उपाध्याय, आकर्षी कश्यप।

**पुरुष युगल:** चिराग शेट्टी/सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, के साई प्रतीक/पृथ्वी के रॉय।

**महिला युगल :** त्रिसा जॉली/गायत्री गोपीचंद, अश्विनी पोनप्पा/तनीषा , ्रस्टो, रुतुपर्णा पांडा/श्वेतापर्णा पांडा, मनसा रावत/गायत्री रावत, अश्विनी भट्ट/शिखा गौतम, साक्षी गहलावत/अपूर्वा गहलावत, सानिया सिकंदर/रश्मि गणेश, मृण्मयी देशपांडे/प्रेरणा अलवेकर।

**मिश्रित युगल :** ध्रूव कपिला/तनीषा , ्रस्टो, के सतीश कुमार/आद्या वरियाथ, रोहन कपूर/जी रुथविका शिवानी, अशिथ सूर्या/अमृता प्रमुथेश।

## जसप्रीत बुमराह महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित

**एजेंसी, दुबई**

स्टार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हाल में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के कारण आईसीसी के दिसंबर 2024 महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। बुमराह ने दिसंबर में तीन टेस्ट में 14.22 के औसत से 22 विकेट चटकाए। बुमराह को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेन पेटरसन से कड़ी चुनौती मिलेगी।

कमिंस ने दिसंबर में भारत के खिलाफ तीन टेस्ट में 17.64 की औसत से 17 विकेट हासिल किए। पेटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## अंडर-23 : हिमाचल को हराकर गुजरात फाइनल में

**संजीव पुरी, ऊना**



गुजरात ने हिमाचल को अंडर-23 वनडे क्रिकेट में पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबले में हिमाचल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 240 रन बनाए। गुजरात की टीम ने 5 विकेट खोकर 42.2 ओवर में लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। अहान पुडर 39 रन बनाए। जयमीत पटेल ने 89 रन नाबाद बनाए। (अनंत ज्ञान)

## मलेशिया ओपन : त्रीसा और गायत्री की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, कुआलालंपुर**



भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यहां छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल 30 मिनट में 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर अंतिम-16 में जगह पक्की की। लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी सफलता से उत्साहित त्रीसा और गायत्री को गैर-वरीय थाई जोड़ी से खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा।

भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में कुछ समय में ही 17-8 की बढ़त बना ली और फिर यह गेम अपने नाम करने में देर नहीं लगाई।


## खो-खो विश्व कप के लिए नियम नोटिफाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन ने 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित किए जाने वाले खो-खो विश्व कप मैचों के लिए नए नियम नोटिफाई किए हैं। यह नियम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खो-खो मैचों के लिए तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के प्रेजिडेंट सुधांशु मित्तल ने बताया की खो-खो मैच की अवधि 50 मिनट तय की गई है। मैच से पहले टॉस के माध्यम से दोनों टीमों को अटैकिंग और डिफेंस का विकल्प चुनने का मौका मिलेगा।

प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे जिसमे से फील्ड में 12 खिलाड़ी खेलेंगे जबकि तीन बचे खिलाडी सब्सिट्यूट होंगे। सेंट्रल लेन को पार करना , जल्दी उठ जाना, पीछे हटना और दिशा बदलना फाउल माना जाएगा। खो-खो विश्व कप के लिए खेल का मैदान 26 गुणा 20 मीटर साइज रेक्टेंगुलर आयताकार होगा। नियमों के अनुसार प्रत्येक मैच दो इनिंग का होगा। हर इनिंग 7 मिनट की अटैकिंग और डिफेंसिव टर्न में विभाजित होगी। प्रत्येक इनिंग के बाद चार मिनट का इंटर्वल होगा और टनर्स के बीच तीन मिनट का ब्रेक होगा। टर्न के शुरुआत में तीन डिफेंडर्स बैच के रूप में डिफैंस के लिए खेल के मैदान में शामिल होंगे। जब तीनो डिफेंडर्स को आउट घोषित कर दिया जाएगा तो 30 सैकंड का ब्रेक पीरियड होगा। डिफेंडर्स के अगले बैच को एंट्री जोन के माध्यम से 30 सैकेंड के अंदर मैदान में प्रवेश करना पड़ेगा और अगर वे निर्धारित समय अवधि के अंदर खेल के मैदान में प्रवेश नहीं करते हैं तो उन्हें लेट एंट्री के लिए आउट करार दिया जाएगा। अगर डिफेंडिंग टीम का कोई बैच तीन मिनट तक फील्ड में डटा रहता है तो उसे एक अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा और इसके बाद प्रत्येक 30 सेकंड के लिए एक अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। खो को कार्यान्वित करने के लिए अटैकर बैठे हुए अटैकर की पीठ को अपनी हथेली/हाथ से छूएगा और तत्काल जोर से खो शब्द का उच्चारण करेगा जोकि अंपायर/रेफरी को सुनाई देना चाहिए।




अटैकिंग टीम को प्रत्येक सफल आउट के लिए दो अंक मिलेंगे। प्रत्येक टीम को दो रिव्यू की अनुमति होगी। दो इनिंग के अंत में ज्यादा नंबर पाने बाली टीम विजय घोषित की जाएगी।

